

भुगतान संतुलन का वास्तविक परीक्षण है पश्चिम एशिया संकट - 12



तेल की चिंता से बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 1456, निफ्टी 436 अंक लुढ़का - 12



ट्रंप के सहयोगियों का दावा... पश्चिमी एशिया में फिर शुरू हो सकती है बड़ी सैन्य कार्रवाई - 13



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा- दुनिया में वैज्ञानिक प्रगति को संकीर्ण नजरिए से देखा गया - 13

आज का मौसम

35.0° अधिकतम तापमान

24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.25 सूर्यास्त 06.58


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष एकादशी 01:30 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 13 मई 2026, वर्ष 7, अंक 40, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# नीट यूजी का पेपर लीक, परीक्षा रद्द, सीबीआई को जांच

## देशभर में कई जगहों पर कार्रवाई सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर | एनटीए के डीजी बोले- नहीं बदले जाएंगे परीक्षा केंद्र, निष्पक्ष होगी पुनर्परीक्षा | 23 लाख पंजीकृत परीक्षार्थियों ने 3 मई को 551 शहरों में दी थी परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी-2026' को इसका प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के मद्देनजर मंगलवार को रद्द करने की घोषणा की तथा सरकार ने सीबीआई को इन अनियमितताओं की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया। चिकित्सा महाविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा अब नए सिरे से आयोजित की जाएगी, जिसकी तिथियां अलग से अधिसूचित की जाएंगी। सीबीआई ने परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र पर लीक होने के सिलसिले में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की।

एनटीए ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह निर्णय पारदर्शिता बनाए रखने और राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली में विश्वास को बरकरार रखने के लिए लिया गया है। उसने कहा, केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर एनटीए द्वारा तथ्यों को परखे जाने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा की गई जानकारी के आधार पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने तीन मई 2026 को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को भारत सरकार की मंजूरी से रद्द करने और अलग से अधिसूचित तिथियों पर परीक्षा पुनः आयोजित करने का निर्णय लिया है। नीट यूजी 2026 परीक्षा तीन मई को भारत के 551 शहरों और अन्य देशों के 14 शहरों में आयोजित की गई थी। यह परीक्षा लगभग 23 लाख पंजीकृत परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गयी थी। एजेंसी ने कहा कि निष्कर्षों के आधार पर यह स्पष्ट हो गया है कि वर्तमान परीक्षा प्रक्रिया को जारी रखना उचित नहीं है। एनटीए सीबीआई को पूरा सहयोग देगी और जांच के लिए आवश्यक सभी सामग्री, रिकॉर्ड और सहायता प्रदान करेगी। एजेंसी ने स्वीकार किया कि परीक्षा को दोबारा आयोजित करने से परीक्षार्थियों और उनके परिवारों को वाकई बड़ी असुविधा होगी। उसने कहा कि लेकिन परीक्षा प्रणाली में विश्वास को 'बड़ी और स्थायी क्षति' से बचाने के लिए यह निर्णय आवश्यक था।



नई दिल्ली : नीट पेपर लीक मामले में विरोध प्रदर्शन के दौरान एसएफआई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेती पुलिस।

### छात्रों में आक्रोश, अभ्यर्थियों ने कहा-बेहद निराशाजनक

**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2026 के रद्द किए जाने के बाद देशभर के अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी देखने को मिली है। छात्रों ने एनटीए की कार्यक्षमता पर सवाल उठाए हैं और मांग की है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा का आयोजन एम्स-दिल्ली द्वारा कराया जाए। कोलकाता की एक अभ्यर्थी मौमिता दास ने कहा कि यह घटनाक्रम उनके और उनके माता-पिता दोनों के लिए बेहद निराशाजनक है।

### महानिदेशक ने कहा परीक्षा प्रक्रिया 7 से 10 दिन में होगी शुरू



**नई दिल्ली।** प्रश्न पत्र लीक के आरोपों के चलते नीट-यूजी 2026 को रद्द करने की जिम्मेदारी लेते हुए एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने मंगलवार को कहा कि फिर से परीक्षा का कार्यक्रम अगले सात से दस दिन के भीतर घोषित किया जाएगा। सिंह ने कहा, फिर से परीक्षा की तारीख के लिए, मैं अपनी टीम के साथ बैठक करूंगा और अगले कुछ दिनों में परीक्षा का पूरा कार्यक्रम और तारीखें घोषित करूंगा। हमारा प्रयास रहेगा कि परीक्षा जल्द आयोजित की जाए ताकि मेडिकल कॉलेजों के शैक्षणिक कार्यक्रम और प्रवेश कार्यक्रम में कोई बाधा न आए। उन्होंने प्रश्न पत्र लीक होने को दुखद बताते हुए सिंह ने कहा, प्रश्न पत्र लीक होना तुरंत रुकना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

### नहीं लिया जाएगा अतिरिक्त परीक्षा शुल्क : एनटीए

एनटीए के अनुसार, मई 2026 के सत्र में पंजीकृत उम्मीदवारों की जानकारी और चुने गए परीक्षा केंद्रों को पुन: आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल किया जाएगा। नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी और कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। विद्यार्थियों द्वारा भुगतान की गई फीस वापस कर दी जाएगी और परीक्षा एनटीए के आंतरिक संसाधनों का उपयोग कर पुन: आयोजित की जाएगी। एजेंसी ने कहा कि परीक्षा की नई तारीखें और संशोधित प्रवेश पत्र की समय सारणी की सूचना आने वाले दिनों में आधिकारिक चैनलों के माध्यम से दी जाएगी तथा परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों को सलाह है कि वे केवल एजेंसी द्वारा जारी की गई सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें।

### नासिक पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया

**नासिक।** नासिक पुलिस ने नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने मामले में मंगलवार को एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। यहां के पुलिस उपायुक्त किरणकुमार चौहान ने कहा, नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेने के लिए आज सुबह राजस्थान पुलिस से अनुरोध प्राप्त हुआ। उसी के अनुसार, नासिक पुलिस की अपराध शाखा की द्वितीय इकाई ने एक व्यक्ति को पकड़ा है। राजस्थान पुलिस की एक टीम उसे हिरासत में लेने के लिए यहां आएगी।



### जांच एजेंसी जल्द ही राजस्थान में भेजेगी टीम

सीबीआई ने परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र पर लीक होने के सिलसिले में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र से निर्देश मिलने के बाद सीबीआई ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और अन्य अपराधों में मामला दर्ज किया। जांच एजेंसी जल्द ही राजस्थान में एक टीम भेजेगी, ताकि राज्य पुलिस के एसओजी से सामग्री एकत्र की जा सके, जो इस मामले की जांच कर रहा था। सीबीआई ने इससे पहले 2024 के नीट परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले को सुलझाया था।

## ब्रीफ न्यूज

### ऑर्केस्ट्रा समूहों के चंगुल से 44 नाबालिग लड़कियां मुक्त कराईं

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले में पुलिस ने ऑर्केस्ट्रा डांस समूहों के चंगुल से करीब 44 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है और इस मामले में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कुचायकोट थाना पुलिस ने पटना पुलिस मुख्यालय के समन्वय से यह कार्रवाई की। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया और विभिन्न राज्यों से आईं करीब 44 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया। उन्होंने बताया कि अधिकांश लड़कियां पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं, जबकि कुछ उत्तर प्रदेश और हरियाणा से लाई गई थीं।

### सीबीआई ने शुभेंदु के पीए की हत्या की जांच संभाली, प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज कर राज्य पुलिस से जांच अपने हाथ में ले ली है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार के अनुरोध पर सीबीआई ने जांच का जिम्मा संभाला है। सीबीआई ने दिल्ली के विशेष अपराध विभाग के एक डीआईजी के नेतृत्व में सात सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है, जिसमें एजेंसी की विभिन्न इकाइयों के कुछ बेहतरीन जांचकर्ता शामिल हैं। यह दल कोलकाता के संयुक्त निदेशक को जानकारी देगा। उन्होंने बताया कि सीबीआई के कोलकाता जोन के अधिकारी भी जांच के लिए इस दल में शामिल होंगे। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई की टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और उसने जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान ने अपने हवाई अड्डे पर छिपाए थे ईरानी एयरक्राफ्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका-ईरान युद्ध को समाप्त कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान ने ईरानी सैन्य विमानों को अमेरिकी हवाई हमलों से बचाने के लिए अपने हवाई अड्डों में जगह दी थी। सीबीएस न्यूज ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से एक खबर में यह जानकारी दी। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद लिंडसे ग्राहम ने कहा कि ईरान-अमेरिका और अन्य पक्षों के बीच मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान द्वारा निभाई जा रही भूमिका पर एक बार फिर पूरी तरह से विचार करने की आवश्यक होगी।

### बहुमंजिला इमारत में आग लगने से दो लोगों की मौत, तीन घायल

**कोलकाता।** यहां के तिलजाला इलाके में मंगलवार दोपहर एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य झुलस गए। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पुलिस को घटना की प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अपराह्न 1:45 बजे इमारत की पहली मंजिल पर आग लग गई और कुछ ही क्षणों में लपटें फैल गईं, जिससे पूरा इलाका घने काले धुएं से ढक गया। इस मंजिल का इस्तेमाल चमड़े के गोदाम के रूप में किया जाता था।

## हिमंत ने ली शपथ, लगातार दूसरी बार असम के सीएम बने

गुवाहाटी, एजेंसी

- मोदी-शाह भी रहे मौजूद, भाजपा और सहयोगी दलों के 2-2 मंत्री बने

हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही राज्य में लगातार तीसरी बार भाजपा के नेतृत्व में राजग की सरकार बन गई है। उनके साथ चार विधायकों ने भी मंत्री के रूप में शपथ ली जिनमें भाजपा के अजंता नियोग और रामेश्वर तेली, सहयोगी दल असम गण परिषद (अगप) के अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के चरण बोरो शामिल हैं।

राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने गुवाहाटी के खानापारा क्षेत्र में वेटरनरी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में शर्मा और चारों विधायकों को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, सर्वानंद सोनोवाल, पबित्रा मारगेरिटा, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री तथा उप मुख्यमंत्री और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मौजूद थे। धोती-कुर्ता पहने और गले में पारंपरिक गमछा डाले हुए मुख्यमंत्री और तीन विधायकों तेली, बोरा और नियोग ने असमिया में जबकि बोरो ने बोडो भाषा में शपथ ली।

प्रधानमंत्री ने शपथ लेने के बाद शर्मा और मंत्रियों को बधाई दी। समारोह से जाने से पहले प्रधानमंत्री ने जनता और मंच पर मौजूद लोगों का आभार जताया। शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, मां कामाख्या, महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और असम की जनता के आशीर्वाद से मैंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मंत्रिपरिषद के साथ हम जनता की सेवा करने और उसकी आकांक्षाएं पूरी करने को लेकर उत्सुक हैं। नियोग, बोरा और बोरो शर्मा की पिछली कैबिनेट के सदस्य थे, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री तेली ने राज्य की राजनीति में वापसी की। नियोग वित्त मंत्री, बोरा कृषि मंत्री जबकि बोरो परिवहन मंत्री थे। राजग ने 126 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में रिकॉर्ड 102 सीट जीतीं, जिनमें भाजपा की 82 सीटें शामिल हैं। भाजपा के सहयोगी दल अगप और बीपीएफ ने 10-10 सीट जीतीं।



गुवाहाटी : शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित मुख्यमंत्री हिमंत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## यूपी के कई जिलों में आंधी-तूफान, पेड़-पोल गिरे, बारिश से राहत

लखनऊ, एजेंसी

प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने से पश्चिमी इलाकों में गर्मी से फौरी राहत मिली है जबकि पूर्वी क्षेत्र में अगले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में गरज-चमक, तेज आंधी, वज्रपात और ओलावृष्टि के आसार हैं। जिसको लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

अमरोहा, मुरादाबाद, संभल और अलीगढ़ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश विशेष रूप से तराई और पश्चिमी जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से फौरी राहत मिली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज झोंके वाली हवाएं चलीं। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में बुधवार को 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं जिलों में ओलावृष्टि की आशंका अधिक है। मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा तथा संभल के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार सुबह आसमान में घने काले बादल छा जाने से दिन में ही अंधेरा पसर गया। तेज अंधड़ और बारिश के कारण सड़क यातायात पर भी व्यापक असर पड़ा और दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली धूलभरी आंधी



तेज आंधी के कारण बरेली में कार पर गिरा पेड़।

- प्रदेश में बिगड़ा मौसम का मिजाज, आज 38 शहरों के लिए अलर्ट जारी

### पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज चल सकती तेज हवाएं

13 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। 14 से 16 मई के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

## पाकिस्तान को मदद करने पर भारत ने चीन को चेताया

- विदेश मंत्रालय ने कहा- जिम्मेदार देशों को साख पर सोचना चाहिए
- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी सहायता की थी प्रदान

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन के पाकिस्तान को मदद देने संबंधी खबरें पहले से ज्ञात तथ्यों की पुष्टि करती हैं। साथ ही, उसने यह भी कहा कि जो देश खुद को जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें विचार करना चाहिए कि आतंकवादी ढांचे की रक्षा के प्रयासों का समर्थन करने से उनके रुख और अंतर्राष्ट्रीय साख पर क्या प्रभाव पड़ता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने चीन के सरकारी मीडिया की खबरों के बारे में पूछे गए एक सवाल पर यह बात कही। खबरों में कहा गया है कि पहलगाम हमलों का बदला लेने के लिए भारत द्वारा मई 2025 में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान को तकनीकी सहायता प्रदान की थी। जायसवाल ने कहा, हमने ये खबरें देखी हैं जो पहले से ज्ञात बातों की पुष्टि करती हैं। चीनी मीडिया के अनुसार, चीन ने पहली बार इस बात की पुष्टि की कि उसने भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी सहायता प्रदान की थी। (संबंधित देश-दुनिया)

### जज्बा



नेपाल में माउंट एवरेस्ट के शिखर पर चढ़ाई की तैयारी के लिए खुंबू आइसफॉल में एक प्रशिक्षण सत्र में भाग लेते पर्वतारोही। ● एजेंसी

## सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के खिलाफ मामला दर्ज

महोबा, एजेंसी



- प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप, महोबा में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

प्रधानमंत्री मोदी पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में सपा के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी व उनके अज्ञात समर्थकों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह मामला भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप गुप्ता की तहरीर पर 11 और 12 मई की दरमियानी रात को महोबा शहर कोतवाली में दर्ज किया गया।

हमीरपुर-महोबा सीट से सपा सांसद लोधी और उनके समर्थकों ने सोमवार को बिजली विभाग को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, जिसमें बिजली कटौती, स्मार्ट मीटरों से जुड़ी समस्याओं सहित अन्य मुद्दों को उठाया गया था। गुप्ता ने आरोप लगाया कि लोधी के सरकारी कार्यालय तक मार्च के कारण मार्ग अवरुद्ध हुआ, यातायात बाधित हुआ और सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा आई। यह भी आरोप लगाया कि लोधी ने मोदी को राष्ट्र-विरोधी कहा। तहरीर में आरोप लगाया गया कि संवाददाताओं ने जब सपा सांसद से उनके प्रदर्शन के बारे में पूछा तो उन्होंने प्रधानमंत्री पर अत्यंत अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की।

निर्णय

सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' समेत मंत्री, सांसद, विधायक और अफसर पब्लिक ट्रांसपोर्ट से चलेंगे

## मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों की फ्लीट में आधी कटौती

- पीएम के आह्वान पर मुख्यमंत्री की बड़ी पहल, बोले-अनावश्यक सोने की खरीद व विदेशी यात्रा से भी बचे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वैश्विक हालात और बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसाधन बचत संबंधी आह्वान को प्रदेश में लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की फ्लीट में तत्काल 50 प्रतिशत कटौती के निर्देश दिए हैं। सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने और मंत्री, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को मुख्य सचिव, डीजीपी और सभी विभागों के अपर मुख्य सचिवों एवं प्रमुख सचिवों के साथ बैठक में कहा कि दुनिया में अस्थिरता का माहौल है, ऐसे में संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की जरूरत है। उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों के काफिलों से अनावश्यक वाहन हटाए जाएं। सीएम ने सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने और मंत्री, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने को कहा। उन्होंने मेट्रो, पीएनजी, बस, कार पूलिंग, साइक्लिंग और ईवी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही प्रदेशवासियों से ईंधन की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और अनावश्यक सोने की खरीद से बचने की अपील की है। मुख्यमंत्री योगी ने औद्योगिक संस्थानों, स्टार्टअप्स और सरकारी कार्यालयों में वर्क फ्रॉम होम संस्कृति को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सचिवालय और निदेशालय की 50 प्रतिशत आंतरिक बैठकें वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएं। स्कूलों और कॉलेजों में भी सेमिनार, वर्कशॉप और बैठकों को ऑनलाइन मोड में करने पर जोर दिया गया। ऊर्जा बचत को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी और निजी भवनों में अनावश्यक बिजली का उपयोग रोका जाए।

व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रात 10 बजे के बाद सजावटी रोशनी सीमित रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने लोगों से अगले छह माह तक गैरजरूरी विदेशी यात्राओं से बचने और देश के भीतर पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की।



लखनऊ में अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

## आलू की फसल में घाटे से परेशान किसान ने दी जान

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** एचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर सकता में आलू की फसल में घाटे से परेशान किसान ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव फतेहपुर सकता निवासी राजेंद्रने अपनी करीब तीन बीघा जमीन पर आलू की फसल की थी। बताया जा रहा है कि इस वर्ष आलू की खेती में उसे भारी नुकसान हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार किसान अपनी बेटी की शादी को लेकर भी चिंतित था और उसे उम्मीद थी कि आलू की फसल से होने वाली आमदनी से वह शादी की तैयारियां करेगा, लेकिन घाटा होने से वह परेशान रहने लगा था।

बीती रात राजेंद्र ने घर के अंदर शीशम के पेड़ से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिवार में चीख-पुकार मच गई।

# दूसरे बड़े मंगल पर शहर के मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का किया पाठ, भंडारे और मंदिरों में विशेष श्रृंगार के साथ श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना, लगाया भोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार


ऋण मुक्तेश्वर मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


बड़े मंगल पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर मंगलवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजनों, हनुमान चालीसा पाठ, भंडारे और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। सुबह से देर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया।

राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से कानूर गोयान स्थित प्राचीन श्री रामगंगा गौशाला के शिव हनुमान मंदिर एवं लाइनपार स्थित माता मंदिर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और आरती का आयोजन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तौगी ने कहा कि ज्येष्ठ माह के दूसरे मंगलवार को हनुमान जी ने महाबली भीम के बल की परीक्षा ली थी, इसलिए इसे बड़ा मंगल कहा जाता है। उन्होंने कहा कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से विधि-विधान के साथ हनुमान जी का पूजन करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और संकटों का निवारण होता है। इस अवसर पर पंडित विनीत शर्मा, पुजारी महेंद्र, पंडित विनोद शर्मा, पंडित चंद्र मोहन पांडे, पंडित नवल स्वरूप अवस्थी, पुजारी राजू और दिनेश सैनी मौजूद रहे।

यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल के धार्मिक प्रकोष्ठ द्वारा जैन मंदिर स्थित सिद्ध हनुमान जी मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वीर हनुमान जी को भोग अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना एवं हनुमान चालीसा पाठ से हुई। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। संस्था की अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने कहा कि सेवा परमो धर्म के सिद्धांत के तहत पूरे ज्येष्ठ माह के सभी बड़े मंगलवार को धार्मिक आयोजन और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान दीपा, संजना, सोनिया, अंशू, भावना गुप्ता, पूजा गोयल, रजनी मित्तल, रुचि गुप्ता, जूही, गीता और सोनिया मौजूद रहीं।

खुशहाल रोड स्थित ऋणमुक्तेश्वर मंदिर में भी दूसरे बड़े मंगल पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर में हनुमान जी, भगवान शंकर और अन्य देवी-देवताओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा विश्व शांति के लिए प्रार्थना की गई। मंदिर के पुजारी राम कुमार उपाध्याय ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व श्रद्धा, सेवा और भक्ति का संदेश देता है। वहीं, कोर्ट रोड स्थित श्री बालाजी हठीले हनुमान मंदिर में हनुमान जी महाराज का स्वर्ण एवं रजत वर्कों से भव्य श्रृंगार किया गया। पूरे मंदिर परिसर को फूलों और इलेक्ट्रिक लाइटों से सजाया गया। बाबा को मेवा, फल और बूंदी का भोग लगाया गया। मंदिर समिति के सेवादार राजीव सक्सेना, राजकुमार, पराग, टिंकू, विवेक, विवेक भटनागर, अजय गुप्ता, अनिरुद्ध शर्मा, मोहनलाल शर्मा, पवन और शलभ जोशी ने भजन-कीर्तन कर बाबा का गुणगान किया। रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना मंदिर समेत शहर के अन्य मंदिरों में भी देर शाम तक दर्शन, पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा।

# वाटर पोलो में मुरादाबाद फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुरुष क्रॉस कंट्री में रामपुर प्रथम महिला वर्ग में मुरादाबाद ने मारी बाजी
- बरेली जोन की अंतर जनपदीय पुलिस तैराकी व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता


नवीं वहिनी पीएसी में आयोजित तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

**अमृत विचार :** बरेली जोन की 64वीं अंतर जनपदीय पुलिस तैराकी एवं महिला-पुरुष क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता नवीं वाहिनी पीएसी के तरणताल में की जा रही है। प्रतियोगिता में बरेली जोन के बरेली, पीलीभीत, बदायूं, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, शाहजहांपुर, अमरोहा और बिजनौर जनपदों की टीमों के कुल 148 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

दूसरे दिन मंगलवार क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता आयोजित की गई। पुरुष वर्ग में रामपुर की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि मुरादाबाद दूसरे स्थान पर रहा। वहीं महिला वर्ग में मुरादाबाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और बरेली दूसरे स्थान पर रहा। वाटर पोलो मुकाबले में मुरादाबाद ने पीलीभीत को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। तैराकी स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। 400 मीटर फ्री स्टाइल में बरेली के अवधेश कुमार प्रथम और बदायूं के सुमित बंसल द्वितीय स्थान पर रहे। 100 मीटर बैक स्ट्रोक में अमरोहा के गुरुदीप सिंह ने पहला तथा बरेली के संदीप ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बटरफ्लाई और 200 मीटर व्यक्तिगत मिडले दोनों स्पर्धाओं में अमरोहा के नंदन सिंह विजेता रहे। 50 मीटर बटरफ्लाई में भी नंदन सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मुरादाबाद के प्रशांत सिंह दूसरे स्थान पर रहे। 4×100 मीटर रिले में अमरोहा प्रथम और मुरादाबाद द्वितीय रहा, जबकि 4×200 मीटर रिले में अमरोहा ने पहला तथा बरेली ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर रूपेश कौशिक, सतीश आर्य, रवि शर्मा, शुभम कुमार, सुधीर शर्मा और रविंद्र कसाना ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

# महिला आरक्षण के विरोध से विपक्ष की संकीर्ण सोच उजागर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भाजपा महानगर ने सपा सांसद रुचि वीरा के आवास के बाहर दूसरे दिन भी दिया क्रमिक धरना

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करने वाले विपक्षी दलों के खिलाफ आवाज उठाते हुए दूसरे दिन भी सपा सांसद रुचि वीरा के सिविल लाइन स्थित आवास के सामने मातृशक्ति ने धरना प्रदर्शन किया। बारिश के बीच भी भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता धरना स्थल पर डटी रहीं।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया, लेकिन विपक्षी दल लगातार महिला आरक्षण का विरोध कर अपनी संकीर्ण सोच को उजागर कर रहे हैं। महिलाओं ने "नारी सम्मान में भाजपा मैदान में"और "महिला विरोधी विपक्ष जवाब दो आदि नारे लगाए।


बरसात में धरना देतीं भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# डकैती को अंजाम देने वालों के करीब पहुंची पुलिस की जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


अकबर कंपाउंड स्थित इमरान का घर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नागफनी थाना क्षेत्र के अकबर कंपाउंड में प्रॉपर्टी डीलर व पीतल कारोबारी इमरान के घर में हुई डकैती के मामले में पुलिस की जांच आगे बढ़ी है। हालांकि पीड़ित इमरान के द्वारा पैसे उधार लेने की बात झूठी साबित हुई है। क्योंकि पुलिस की पूछताछ में पैसे उधार देने वालों ने इंकार कर दिया है। एसएसपी की मानें तो पुलिस डकैती के खुलासे के बेहद करीब है। घटना की कहानी के आधार पर पुलिस की शक की सुई परिवार या उससे जुड़े लोगों की ओर ही घूम रही है। इमरान के घर पर पुलिस ने गोपनीय रूप से जाल बिछा रखा है। इसमें कई महत्वपूर्ण क्लू पुलिस को मिल रहे हैं।

- पीतल कारोबारी के उधार रकम लेने की बात झूठी साबित हुई परिजनों पर जमी शक की सुई

नागफनी थाना क्षेत्र के अकबर कंपाउंड में प्रॉपर्टी डीलर व पीतल कारोबारी के घर में सोमवार तड़के नकाबपोश डकैतों ने हथियारों के बल पर गृहस्वामी व परिवार के अन्य सदस्यों को बंधक बनाकर 1.20 करोड़ रुपये की नकदी व छह तोला के जेवरात लेकर भाग निकले थे। इस बड़ी घटना का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि मौके पर एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा को भी सोमवार को आना पड़ा था। मंगलवार की शाम तक पुलिस की जांच डकैती का प्लान करने के साथ घटना को अंजाम देने वाल पीड़ित के परिजनों पर रुक गई है। एसएसपी सतपाल अंतिल का कहना है कि पुलिस हर दिश में काम कर रही है। जांच में कुछ फोन नंबर की डिटेल पीड़ित के परिजनों की निकली। जिनसे पुलिस कड़ाई से पूछताछ कर रही है। इसमें कुछ चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। एसएसपी के अनुसार घटना को अंजाम देने वाले पुलिस के अगले कदम पर सामने आ जाएंगे।

# खेत में मिले युवक के शव की हुई शिनाख्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अमरोहा निवासी युवक मुरादाबाद में रहकर फर्म में करता था पॉलिश का काम

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित खेत में तीन दिन पहले मिले युवक के शव की शिनाख्त हो गई। मृतक की पहचान अमरोहा जनपद के भोपुरी गांव निवासी राजू सैनी के रूप में हुई है, जो मुरादाबाद में एक फर्म में पॉलिश करने का काम करता था। शव की पहचान होने पर पुलिस की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

कटघर थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि शव तीन दिन पूर्व कल्याणपुर क्षेत्र स्थित खेत में पड़ा मिला था। सूचना पर कटघर पुलिस मौके पर पहुंची थी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतक की पहचान न होने पर पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त के लिए जारी इश्तिहार देखने के बाद मृतक के परिजन कोतवाली पहुंचे और शव की पहचान की। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि मृतक अमरोहा जनपद के भोपुर गांव थाना अमरोहर देहात राजूसैनी पुत्र केवल सैनी है। परिजनों के अनुसार राजू पिछले दस वर्ष से मुरादाबाद में रहकर पॉलिश का काम करता था और शराब पीने का आदी था, लेकिन किसी से कोई विवाद था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं आई है जिससे मौत के कारण का पता नहीं चल सका है।

# ससुराल में दो बहनों पर टूटा कहर

संवाददाता, बबराला

- एक को जबरन खिला दिया जहरीला पदार्थ, मौत
- दूसरी का सिर चूल्हे में झोंक दिया, गंभीर झुलसी

**अमृत विचार :** गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव गंगावास में घरेलू विवाद ने ऐसा खौफनाक रूप ले लिया कि दो सगी बहनों में से एक की जान चली गई जबकि दूसरी जिंदगी मौत से जूझ रही है। खेत पर अकेले काम करने से इनकार करने पर ससुराल पक्ष ने दोनों बहनों के साथ बेरहमी की सारी हदें पार कर दीं। मारपीट के दौरान एक बहन का सिर जलते चूल्हे में झोंक दिया गया, जबकि दूसरी को कथित रूप से जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया गया। उपचार के दौरान दूसरी बहन की मौत हो गई।

गांव गंगावास निवासी सुर्मिला का कहना है कि उसकी और उसकी छोटी बहन उर्मिला की शादी सगे भाइयों अजयपाल और खेमसिंह के साथ हुई थी। दोनों बहनें शादी के बाद से एक ही घर में रह रही थीं। पीड़िता के अनुसार परिवार में अक्सर घरेलू काम और खेत पर काम करने को लेकर विवाद होता रहता था। आरोप है कि सोमवार सुबह ससुराल पक्ष के लोगों ने सुर्मिला पर खेत में अकेले जाकर काम करने का दबाव बनाया। जब उसने अकेले खेत पर जाने से इनकार किया तो पति अजयपाल समेत अन्य परिजनों ने गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान उसका सिर जलते हुए चूल्हे में झोंक दिया गया। इससे उसके बाल और कपड़े तक जल गए।

सुर्मिला की चीख सुनकर छोटी बहन उर्मिला उसे बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि उर्मिला को जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया गया, जिससे उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए अलीगढ़ ले गए, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद मायके पक्ष के लोग उर्मिला का शव बदायूं जिले के सहसवान क्षेत्र स्थित गांव भगता नगला ले गए, जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# मानदेय न मिला तो 21 से स्वास्थ्य सेवाओं का बहिष्कार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा कर्मचारी संघ ने बकाया मानदेय भुगतान को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। संघ के आह्वान पर जिले के संविदा कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 20 मई तक मार्च और अप्रैल माह का लंबित मानदेय जारी नहीं किया गया, तो 21 मई से पूरे प्रदेश में नो पे नो वर्क नीति के तहत पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह ने कहा कि संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, लेकिन उनके साथ लगातार सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, लेकिन कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब देने लगा है।

# आरएसडी में नर्सिंग छात्रों ने ली सेवा की शपथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर लैंप लाइटिंग समारोह आयोजित

**अमृत विचार :** आरएसडी एकेडमी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया गया। बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष व जीएनएम प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण एवं लैंप लाइटिंग समारोह आयोजित हुआ। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस की थीम हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, नर्सिंग की आर्थिक शक्ति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरके बंसल, विशिष्ट अतिथि डॉ. आबिदा, संस्थान के चेयरमैन डॉ. विनोद कुमार, चिकित्सा निदेशक डॉ. गौरव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रतिमा के समक्ष नाइटिंगेल लैंप से दीप प्रज्वलित कर सेवा और समर्पण का संकल्प लिया। नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव सोनी ने विद्यार्थियों को मानव सेवा, करुणा, निष्ठा और रोगी की गोपनीयता बनाए रखने की शपथ दिलाई। डॉ. आरके बंसल ने कहा कि नर्सिंग केवल पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का माध्यम है। डॉ. गौरव कुमार ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य संवेदनशील और नैतिक मूल्यों से युक्त कुशल नर्स तैयार करना है। इस दौरान छात्राओं ने स्वागत गीत, और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। संचालन आंचल और जैक जॉन ने किया।

निरीक्षण

जिलाधिकारी ने वार मेमोरियल को देखकर कहा- मुरादाबाद में इसे नहीं तो कुछ नहीं देखा

# देश की सैन्य शक्ति और पराक्रम का साक्षी है वार मेमोरियल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


वार मेमोरियल में बनाए गए बंकर को देखते जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया।


वार मेमोरियल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को जानकारी देते नगर आयुक्त।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के साथ बुद्धि विहार फेज दो में स्थित त्रिशूल रक्षा संग्रहालय (वार मेमोरियल म्यूजियम) का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने वॉर मेमोरियल म्यूजियम में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी जिलाधिकारी को दी। जिलाधिकारी ने वार मेमोरियल को देखने के बाद कहा कि यदि मुरादाबाद में वार मेमोरियल नहीं देखा तो क्या देखा, यह अनोखा और देश की सैन्य शक्ति का साक्षी है। यह म्यूजियम युवाओं और आम नागरिकों को वीर सैनिकों के शौर्य, बलिदान और इतिहास की बेहतर जानकारी देने वाला साबित होगा।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कहा कि वॉर मेमोरियल उद्घाटन के लिए तैयार है। इसके संबंध में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात हो चुकी है। दोनों को इसके लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि वार मेमोरियल सेना के अदम्य साहस का गौरवशाली इतिहास, वीरता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है।

- म्यूजियम युवाओं और आम नागरिकों को देगा सैन्य इतिहास की जानकारी

### 31 करोड़ रुपये की लागत से बना है वॉर मेमोरियल

बुद्धि विहार में दो एकड़ से अधिक भूमि पर नगर निगम के द्वारा 31 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि से त्रिशूल रक्षा संग्रहालय (वार मेमोरियल) का निर्माण कराया गया है। इसमें सेना के तीनों अंगों के शौर्य व साहस के बारे में वर्णित किया गया। कई अत्याधुनिक सैन्य हथियारों के मॉडल भी यहां प्रदर्शित किए गए हैं। इसमें मिग 27 के अलावा कई जलपोत भी शामिल हैं।

### शौर्य पथ पर स्थापित हैं वीरों की प्रतिमाएं

बुद्धि विहार में स्थापित वार मेमोरियल के आसपास के चौराहों को शौर्य पथ के रूप में विकसित किया गया है। इस पर परमवीर चक्र विजेताओं और अमर शहीदों की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। जो युवा पीढ़ी को वीर सैनिकों के साहस, अनुशासन और राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए देश के नागरिकों को संदेश देती हैं।

# मुठभेड़ में गोकश जख्मी, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


पुलिस मुठभेड़ के बाद घायल आरोपी आकिल व पुलिस टीम।

- गोवंशीय पशु का वध कर अवशेष मौके पर छोड़कर हुए थे फरार

**अमृत विचार:** थाना अजीमनगर पुलिस ने सोमवार रात गोकशी के आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। आरोपी के पैर में गोली लगी है, जबकि उसके तीन साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

थाना अजीमनगर क्षेत्र में रविवार को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोवंशीय पशु का वध करके अवशेष मौके पर छोड जाने का मामला सामने आया था। मामले के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

सोमवार रात थाना अजीमनगर पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी सोमवार रात फिर गोकशी की घटना को अंजाम देने के लिए रतनपुरा शुमाली गांव के कच्चे रास्ते से पर घूम रहे हैं और उनके पास अवैध असलहा भी है। इसके बाद थाना अजीमनगर पुलिस टीम को गश्त व चेकिंग के दौरान मुरसेना रोड से आने वाले कच्चे रास्ते पर दो मोटरसाइकिल पर सवार चार व्यक्ति आते दिखाई दिए। टीम ने टॉर्च से इशारा कर रोकने का प्रयास किया तो दोनों उन्होंने मोटरसाइकिलों को वापस मोड़ लिया और भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो पुलिस टीम पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में आरोपी अकील निवासी ग्राम नगलिया आकिल थाना अजीमनगर के पैर में गोली लगी, जिससे वो घायल हो गया। इस दौरान अन्य तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गए। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर, एक खोखा कारतूस नाल में फंसा हुआ व 2 जिंदा कारतूस, एक बिना नंबर प्लेट काले रंग की मोटरसाइकिल सहित उपकरण बरामद किए।

आरोपी पर पहले भी करीब सात मुकदमे दर्ज हैं, इनमें गोकशी सहित अन्य मामले हैं। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस मुठभेड़ को लेकर सोमवार को थाना अजीमनगर पर संबंधित धाराओं सहित आर्म्स एक्ट में आकिल सहित 4 के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कर्म सिंह पाल, उप निरीक्षक संतोष कुमार, कांस्टेबल शिवा यादव, हेड कांस्टेबल अनीस अहमद व योगेश कुमार शामिल रहे।

## शहर में आज

- भाज भाजपा महानगर के द्वारा समाजवादी पार्टी के विरोध में धरना प्रदर्शन कलेक्ट्रेट में 11 :00 बजे।
- लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे।

# झमाझम तो कहीं रुक-रुक कर बरसे बादल, मौसम सुहावना

## दिन भर धूप और बादलों के बीच चलता रहा आंखमिचौली का दौर, अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर में मंगलवार को मौसम ने कई रंग दिखाए। सुबह से आसमान में काले बादलों का डेरा लगने लगा और कुछ ही देर में शहर के अलग-अलग इलाकों में बारिश शुरू हो गई। कहीं झमाझम तो कहीं रुक-रुक कर हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। ठंडी हवा के चलते मौसम सुहावना बना रहा। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सुबह करीब 10 बजे के बाद मौसम तेजी से बदला। रामपुर रोड स्थित हनुमान मूर्ति से लेकर पीएसी तिराहा तक पहले केवल बादल छाए रहे और बारिश होने जैसे हालात बने, जबकि कांठ रोड से आगे रामगंगा विहार क्षेत्र में झमाझम बारिश शुरू हो गई। हालांकि थोड़ी ही देर बाद पीएसी तिराहा और आसपास के इलाकों में भी बारिश होने लगी। इससे कुछ


दोपहर में मुंह ढंककर निकलीं महिलाएं।

किलोमीटर के दायरे में मौसम के अलग-अलग रूप देखने को मिले। सुबह करीब सवा 11 बजे अचानक तेज धूप निकल आई, लेकिन कुछ देर बाद फिर बादलों ने आसमान को घेर लिया। पूरे दिन कभी धूप तो कभी बादलों का डेरा बना रहा। बारिश और ठंडी हवाओं से लोगों ने राहत महसूस की। बाजारों और सड़कों पर निकले लोगों के चेहरों पर मौसम बदलने की खुशी साफ दिखाई दी। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक बादल छाने और बारिश की संभावना बनी हुई है। इससे तापमान में और गिरावट आने के आसार हैं।

**बदलते मौसम में स्वास्थ्य का रखें विशेष ध्यानरूः** डॉक्टरों का कहना है कि मौसम में अचानक बदलाव के कारण सर्दी, जुकाम, वायरल बुखार और एलर्जी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। बारिश में भीगने के बाद तुरंत कपड़े बदलने और बच्चों व बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। चिकित्सकों ने साफ पानी पीने और खानपान में सतर्कता रखने को कहा है।

### थोड़ी देर की बारिश से जलभराव से आफत



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सुबह थोड़ी देर की बारिश में ही नगर निगम के नाला सफाई की पोल खुली। नाला-नाली ओवरफ्लो होने से सड़क पर गंदा पानी भर गया। इसके बीच से होकर लोगों को आवाजाही करनी पड़ी। महानगर के आशियाना फेज एक, नवीन नगर के अलावा शहर के कई अन्य मोहल्लों में बारिश के दौरान जलभराव हो गया। नाला-नाली ओवर फ्लो होने से नाली का पानी सड़कों पर बहने लगा। कीचड़ व गंदगी के बीच लोगों को आना-जाना पड़ा। इससे लोगों में सफाई व्यवस्था के प्रति नाराजगी रही। आफिस व अपने कार्यस्थलों को जाने वालों को भी इससे दो चार होना पड़ा। नवीन नगर में सड़क किनारे लगी सब्जी व फलों के दुकानदारों को सड़क पर पानी बहने से हटाना पड़ा। हालांकि नगर निगम प्रशासन की ओर से नाला सफाई का कार्य शुरू करा दिया गया है लेकिन कई जगह संकरी गलियों में सफाई कर्मियों की ढिलाई लोगों पर बेमौसम बारिश में भी भारी पड़ रही है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का कहना है कि नाला सफाई कराई जा रही है। जहां लापरवाही होगी वहां सफाई कर्मियों पर कार्रवाई भी करेंगे। नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि वह नाला-नाली में कूड़ा न डालें। अपने घरों व प्रतिष्ठानों से निकला कूड़ा नगर निगम के कूड़ा वाहन को ही दें।

### महानगर के कई मोहल्लों में घंटे गुल रही बिजली



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बारिश ने मंगलवार को शहर की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। बारिश शुरू होते ही महानगर के कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति कई घंटे के लिए ठप हो गई, जिससे लोगों को उमस और अन्य कार्यों के लिए परेशानी झेलनी पड़ी। गंज, गुरहट्टी, ताड़ीखाना, मानपुर कटरा नाज में अचानक बिजली गुल होने से घरों के साथ व्यापारिक प्रतिष्ठान भी प्रभावित हुआ। बारिश के दौरान शहर के पीटीसी, पीवीआर, पीलीकोठी, दौलत बाग विद्युत केंद्र की बिजली आपूर्ति फाल्ट होने की आशंका को देखते हुए तेज हवा और बारिश के कारण बंद की गई। सुबह नौ बजे बंद की सप्लाई दोपहर दो बजे तक सुचारू हो सकी। इसके आधे घंटे बाद 132 केवी विद्युत केंद्र में पावर सप्लाई की रिले खराब होने के कारण उपभोक्ताओं दो घंटे तक बिजली कटौती का दंश झेलना पड़ा। कांठ रोड पर अगवानपुर में बिजली के तारों और ट्रांसफार्मरों में फॉल्ट आने की शिकायतें सामने आईं। बिजली कटौती का सबसे अधिक असर आवासीय इलाकों आशियाना, हिमगिरी कॉलोनी, खुशहालपुर और कटरा मानपुर, ताड़ीखाना, गुलजारी मल धर्मशाला रोड के रहने वाले उपभोक्तों पर पड़ा। गुलजारी मल धर्मशाला के रहने वाले संजय शर्मा ने बताया कि सुबह नौ बजे से बिजली आपूर्ति ठप है। एसडीओ टाउन हाल को कई बार फोन मिलाया लेकिन फोन नहीं उठा। कई घरों में इनवर्टर भी जवाब दे गए, जिससे लोगों की परेशानियां और बढ़ गईं। व्यापारियों द्वारा शहर के कई इलाकों में लोगों ने बिजली विभाग के हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायतें दर्ज कराईं। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं रहा। अधीक्षण अभियंता नगरीय प्रशांत कुमार ने बताया कि विभागीय टीमों ने मौके पर पहुंचकर फाल्ट को खोजा, लेकिन बारिश के कारण कई स्थानों पर मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका। बारिश थमने के बाद ही फॉल्ट को पूरी तरह दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल की गई है। इसके अलावा सुरक्षा कारणों से भी कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति एहतियातन बंद करनी पड़ी, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक भर्ती प्रक्रिया शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अन्तर्गत मेरा युवा भारत द्वारा जिले में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। जिला युवा अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण, युवा जागरूकता कार्यक्रमों एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना है। चयनित स्वयंसेवकों को ब्लॉक स्तर पर माय भारत कार्यक्रमों के संचालन, युवाओं की सहभागिता बढ़ाने, जागरुकता अभियान चलाने और युवा क्लाबों के सशक्तिकरण का कार्य सौंपा जाएगा। चयनित स्वयंसेवकों को 5000 रुपये प्रतिमाह मानदेय भी दिया जाएगा। आयु 18 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। नियमित छात्र आवेदन के लिए पात्र नहीं होंगे। चयन प्रक्रिया साक्षात्कार एवं मेरिट के आधार पर की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि 17 मई है। अधिक जानकारी के लिए 8630109399 एवं जिला युवा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### गृह क्लेश में विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

**डिलारी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव चदुंपुरा में घरेलू विवाद के चलते एक विवाहिता द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। गांव निवासी आकाश की शादी वर्ष 2020 में थाना टांडा जिला रामपुर सुदेश के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि आकाश दिल्ली के एक होटल में नौकरी करता है। पति-पत्नी के बीच पिछले करीब एक सप्ताह से घरेलू बातों को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे सुदेश ने दुपट्टे का फंदा बनाकर घर में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब विवाहिता को फंदे पर लटका देखा तो चीख-पुकार मच गई। थाना डिलारी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि सुदेश पति के साथ दिल्ली जाना चाहती थी, लेकिन पति के मना करने से नाराज थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था

# लखनऊ स्टेशन पर निर्माण से कई ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कुछ के मार्ग में भी किया गया परिवर्तन, 15 मई से 23 जून तक रहेगा प्रभाव

**अमृत विचार :** लखनऊ रेलवे स्टेशन पर आरएलडीए द्वारा कांकॉर्स निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के चलते 15 मई से 23 जून तक लखनऊ स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार पर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके चलते कई गाड़ियों को शाट्र टर्मिनेट, ओरिजिनेशन के अलावा परिवर्तित मार्ग से संचालित किया जाएगा।

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि ब्लॉक के चलते गाड़ी संख्या 54338 शाहजहांपुर-लखनऊ पैसेंजर 15 मई से 23 जून तक आलमनगर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। गाड़ी संख्या 54332 बालामऊ-लखनऊ पैसेंजर दिनांक आलमनगर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। जबकि गाड़ी संख्या 54337 लखनऊ-शाहजहांपुर पैसेंजर इन्हीं तिथियों में आलमनगर स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट और गाड़ी संख्या 54331 लखनऊ-बालामऊ पैसेंजर दिनांक 15 मई से 23 जून तक आलमनगर स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी।

इसके अलावा गाड़ी संख्या 14308 बरेली-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस, जो अपने निर्धारित मार्ग आलमनगर-लखनऊ-उतरेटिया रेलखंड के रास्ते चलती है, 15 मई से 23 जून तक आलमनगर- ट्रांसपोर्ट नगर -उतरेटिया के परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी। इस दौरान लखनऊ स्टेशन का ठहराव निरस्त रहेगा तथा आलमनगर एवं उतरेटिया स्टेशन पर ठहराव दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन का यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा शुरु करने से पहले गाड़ियों की स्थिति की जानकारी 139 पर प्राप्त कर लें।

# सोने की ज्वेलरी पर कोई असर नहीं, निवेश होगा प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से एक वर्ष तक सोने की खरीद नहीं करने की अपील के बाद सराफा बाजार में इस विषय को लेकर चर्चा तेज हो गई है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने सोने के आयात से देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार को कम करने के उद्देश्य से यह अपील की है।

हालांकि, सराफा कारोबारियों का मानना है कि इसका सीधा असर ज्वेलरी कारोबार पर अधिक नहीं पड़ेगा। उनका कहना है कि भारत में शादी-विवाह, धार्मिक पर्व और पारिवारिक परंपराओं में सोने के आभूषण खरीदने की संस्कृति लंबे समय से चली आ रही है। यही कारण है कि लगातार बढ़ती कीमतों के बावजूद लोग आभूषणों की खरीदारी कर रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार प्रधानमंत्री की अपील का सबसे अधिक असर निवेश


एक शोरूम में आभूषण पसंद करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- प्रधानमंत्री ने की है सोने की खरीद एक वर्ष तक न करने की अपील

के उद्देश्य से खरीदे जाने वाले सोने के बार, बिस्किट, सिक्कों और एमसीएक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर हो सकता है। निवेश के लिए खरीदा गया सोना लंबे समय तक बाजार में वापस नहीं आता, जिससे आयात की आवश्यकता बढ़ती है और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ता है।

सराफा कारोबारी दीपांशु अग्रवाल ने कहा कि देश में ज्वेलरी कारोबार केवल व्यापार नहीं बल्कि लाखों कारीगरों और छोटे व्यवसायियों की आजीविका का आधार है। यदि लोग निवेश के बजाय जरूरत और परंपरा के अनुसार खरीदारी करें तो बाजार संतुलित रहेगा और रोजगार भी सुरक्षित रहेगा। वहीं, कारोबारी नीरज गुप्ता का कहना है कि सरकार को पुराने सोने के एक्सचेंज और पुनर्चक्रण की व्यवस्था को अधिक प्रोत्साहित करना चाहिए। इससे उपभोक्ताओं को कीमतों के उतार-चढ़ाव से राहत मिलेगी और सोने के आयात में कमी आने से देश की अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। आने वाला समय जिम्मेदार उपभोग और स्वर्ण पुनर्चक्रण आधारित अर्थव्यवस्था का होगा, जिसमें उपभोक्ता, उद्योग और राष् तीनों का हित सुरक्षित रहेगा।

### स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्वदेशी जागरण मंच की बैठक स्थानीय कार्यालय पर हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देशवासियों से की अनावश्यक वाहनों का उपयोग कम करके पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करने, विदेश यात्रा में कटौती करने, वर्क फ्राम होम, खाना पकाने के तेल की खपत कम करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम कर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। साथ ही विदेशी ब्रांड के सामान न खरीदने और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने की प्रधानमंत्री की पहल का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सह-संयोजक डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के नागरिकों से की गई अपील का स्वागत और समर्थन करता है। विशेष रूप से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने से विदेशी राष्ट्रों पर देश की निर्भरता कम होगी। मंच स्वच्छ तकनीक के निर्माण, सौर और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों, हरित हाइड्रोजन और परमाणु ऊर्जा को अपनाने तथा उनके घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की सराहना करता है। बताया कि इसके प्रति जनजागरूकता के लिए गोष्ठियां, नुक्कड़ सभाएं, गृह सम्पर्क, स्कूल-कालेज में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक का संचालन क्षेत्र समन्वयक कुलदीप सिंह ने किया। इस दौरान विभाग संयोजक प्रशांत शर्मा, वरिष्ठ आयाम प्रमुख डॉ. एके अग्रवाल, प्रांत सह महिला प्रमुख अंजू त्रिपाठी, जिला संयोजक नीरज सोलंकी, महानगर संयोजक गुरप्रीत सिंह दुआ, महानगर महिला प्रमुख नीलम जैन, जिला महिला प्रमुख पूनम चौहान, जिला समन्वयक हिमांशु मेहरा, महेंद्र चौहान, मीनू विज मौजूद रहे।

# नहीं दर्ज की कार चोरी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद तलाश में जुटी

**अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र में चोरों ने थर्माकोल कारखाने के बाहर खड़ी कार पर हाथ साफ कर दिया। वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसमें एक चोर कार चोरी करता दिखाई दे रहा है। चोरी की शिकायत लेकर गए कार स्वामी को टीपी नगर पुलिस ने टरका दिया। उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आने पुलिस हरकत में आई।

घटना थाना मझोला की टीपी नगर पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित सिलेक्ट हॉस्पिटल के पास की बताई जा रही है। पीड़ित अमित के अनुसार उसने अपनी कार कारखाने के बाहर खड़ी की थी। आठ मई की रात करीब 12:30 बजे एक युवक वहां पहुंचा और पहले कार के आगे खड़ा टेंपो हटाया। इसके बाद उसने कार का लॉक तोड़ा और गाड़ी बाहर निकाल ली। बताया जा रहा है कि कार स्टार्ट नहीं हो रही थी। इस पर चोर ने ई-रिक्शा की मदद से कार खींचकर चोरी कर ले गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। पीड़ित अमित ने घटना की सूचना तत्काल टीपी नगर पुलिस चौकी को दी, लेकिन आरोप है कि दो दिन बाद भी कार्रवाई नहीं की गई और न ही कार बरामद हुई। पीड़ित ने मामले की उच्च अधिकारियों से शिकायत की। मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि थाने आना चाहिए था। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व कई मंत्रियों से की मुलाकात

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला पंचायत सदस्य जेपी उर्फ जगत सिंह ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी, जेपीएस राठौर, राज्यमंत्री गिरीश यादव, एमएलसी व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह सैनी से लखनऊ में मुलाकात की। भूपेंद्र सिंह चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनने पर बधाई दी।

जिला पंचायत सदस्य ने सभी जनप्रतिनिधियों को स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया और उनका समाधान कराने की मांग उठाई।

# श्रमिकों को सुविधा देने को विकसित करें लेबर अड्डे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय श्रम बंधु की बैठक में दिए गए निर्देश

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कार्यालय सभागार में मंडल स्तरीय श्रम बन्धु समिति की बैठक हुई। मंडलायुक्त ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार औद्योगिक विकास के लिये प्रतिबद्ध है, जरूरी है कि श्रमिक हितों का ध्यान रखा जाए।

मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि उद्योगों के विकास के लिए उपयुक्त माहौल तैयार किया जाए। ईपीएफ, ईएसआई, श्रम विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ श्रमिकों को मिले। उन्होंने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि लेबर अड्डों पर काम के लिए आने वाले श्रमिकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए मुरादाबाद में लेबर अड्डों का विकास करें। जहां बैठने की सुविधा के साथ ही छाया व स्वच्छ पीने का पानी भी उपलब्ध हो। उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों ने मंडलायुक्त के सामने उद्योगों की ईपीएफ व ईएसआई से सम्बन्धित समस्याएं रखी, जिसे तत्काल निस्तारित कराने का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया।

श्रमिकों का पक्ष रखते हुए ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि ने श्रमिकों को ईएसआई द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ मिलने में आने वाली समस्याओं श्रमिकों के इलाज की दिक्कत की जानकारी दी। मंडलायुकत ने ईएसआई विभाग को इसके लिए कहा। उपायुक्त श्रम ने नवीन वेतन दरों के विषय में जानकारी दी।

मंडलायुक्त ने सभी उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों व सेवायोजकों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा जारी नवीन वेतन दरों के अनुसार सभी कारखाना स्वामी व सेवायोजक श्रमिकों को वेतन भुगतान करना सुनिश्चित करें।

श्रम विभाग द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय के वर्ष 2026 में कक्षा-10 में शीर्ष स्थान प्राप्त पांच विद्यार्थियों- उदय प्रताप 95 प्रतिशत, पार्थ कुमार 92.2 प्रतिशत, कु० लक्षिता 90.4 प्रतिशत, अंकित 89 प्रतिशत एवं सिद्वान्त 88.2 प्रतिशत को प्रशस्ति पत्र देकर मंडलायुक्त ने सम्मानित किया।

बैठक में अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंह, उप आयुक्त विकास गजेन्द्र सिंह, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, उप निदेशक कारखाना, सहायक निदेशक कारखाना, कर्मचारी राज्य बीमा निगम से ब्रांच मैनेजर, कर्मचारी भविष्य निधि से प्रवर्तन अधिकारी के अलावा सभी जनपदों के समिति के सदस्य, उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सीबीएसई 12वीं के परिणाम का इंतजार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) की 12वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 18 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुई थीं। इस वर्ष जिले के 4,898 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। अब विद्यार्थियों और अभिभावकों की निगाहें परिणाम पर टिकी हुई हैं।

सीबीएसई पहले ही कक्षा 10वीं का परिणाम 15 अप्रैल को जारी कर चुका है। ऐसे में अब इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को अपने रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार है। शिक्षकों का कहना है कि बोर्ड किसी भी दिन 12वीं का परिणाम घोषित कर सकता है। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र-छात्राएं सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकेंगे।

गतिविधि

एजीएम में हुए टकराव के बाद बैठकों और चर्चाओं का दौर जारी, कई निर्यातक अब भी असमंजस में

# निर्यातकों की नई संस्था के गठन को जनपद में सक्रियता बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एक्सपोर्टर्स वॉयस एसोसिएशन का समर्थन और विरोध भी हुआ तेज
- उद्योग जगत में एकजुटता बनाम अलग मंच की बहस और गहराई

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के निर्यात जगत में नई संस्था एक्सपोर्टर्स वॉयस एसोसिएशन के गठन को लेकर गतिविधियां लगातार तेज हो रही हैं। हाल ही में एजीएम के बाद शुरू हुई खींचतान अब संगठनात्मक स्वरूप लेती दिखाई दे रही है। एक ओर कुछ निर्यातक नई संस्था के समर्थन में सक्रिय नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कई कारोबारी अब भी पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं।

पिछले कुछ दिनों में कई स्तरों पर निर्यातकों के बीच अनौपचारिक बैठकों और चर्चाओं का दौर चला है। इनमें उद्योग की वर्तमान स्थिति, संगठनों की भूमिका और निर्यातकों की समस्याओं को प्रभावी तरीके से उठाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। नई संस्था से जुड़े लोगों का कहना है कि उद्योग हितों की अनदेखी और कुछ मुद्दों पर संवाद की कमी के कारण अलग मंच की आवश्यकता महसूस हुई।

### उद्योग की चुनौतियों के बीच बढ़ी सियासी हलचल

निर्यात कारोबार पहले से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार की सुस्ती, बढ़ती उत्पादन लागत और ऑर्डर में उतार-चढ़ाव जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में संगठनात्मक खींचतान को लेकर भी उद्योग जगत में चिंता जताई जा रही है। कई कारोबारियों का मानना है कि आपसी मतभेदों का असर उद्योग की छवि पर नहीं पड़ना चाहिए।

### नई संस्था के अगले कदम पर सभी की नजर

नई संस्था में निर्यातकों को सदस्य के रूप में जोड़ा जा रहा है। आने वाले दिनों में नई संस्था सदस्यता अभियान को और तेज कर सकती है। इसके अलावा पदाधिकारियों की औपचारिक घोषणा, पहली बैठक और उद्योग से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर एजेंडा तय किए जाने की संभावना भी जताई जा रही है। वहीं, कई निर्यातकों की नजर इस बात पर टिकी है कि नई संस्था अपने उद्देश्य और कार्यप्रणाली को किस तरह सामने रखती है।

वहीं, मौजूदा संगठनों से जुड़े कई पदाधिकारियों का मानना है कि मतभेदों का समाधान बातचीत से निकाला जाना चाहिए। उनका कहना है कि अलग-अलग मंच बनने से निर्यातक वर्ग की एकजुटता प्रभावित हो सकती है। निर्यातक विशाल अग्रवाल ने कहा कि बड़ी संख्या में निर्यातकों ने उद्योग से जुड़े मुद्दों को लेकर चिंता जताई थी। उन्हीं सुझावों और चर्चाओं के बाद नई संस्था के गठन की दिशा में कदम बढ़ाया गया। उनका कहना है कि उद्देश्य केवल निर्यातकों के हितों को मजबूत आवाज देना है।

एमएचईए के अध्यक्ष नावेद उर रहमान ने कहा कि किसी भी तरह की नाराजगी या गलतफहमी को बातचीत से दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उद्योग पहले से कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे समय में सभी को एकजुट रहना चाहिए। फिलहाल बड़ी संख्या में निर्यातक खुलकर किसी एक पक्ष में आने से बच रहे हैं। अधिकांश कारोबारी आने वाले दिनों में नई संस्था की कार्यशैली और उसके एजेंडे को देखने के बाद ही कोई निर्णय लेने के पक्ष में हैं।

### जॉब-वर्क आधारित माल की चेकिंग में छूट मिले



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन (एमएचईए) और यस के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर, मुरादाबाद जोन अशोक कुमार सिंह व अपर आयुक्त राज्य कर आरए सेठ से मुलाकात कर निर्यातकों की समस्याओं को उठाया। एमएचईए के अध्यक्ष नवेद उर रहमान ने कहा कि मुरादाबाद में तैयार होने वाला अधिकांश हैंडीक्राफ्ट माल जॉब-वर्क आधारित है। ऐसे माल को शहर के भीतर एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने पर बार-बार होने वाली चेकिंग से कारीगरों और उद्योग को परेशानी होती है। उन्होंने मांग की कि कारीगरों और कारखानों के बीच ले जाए जाने वाले माल को चेकिंग से छूट दी जाए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक चेकिंग से समय, श्रम और उत्पादन प्रभावित होता है। मुरादाबाद का हैंडीक्राफ्ट उद्योग देश की पहचान है और निर्यातकों व कारीगरों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। अधिकारियों ने सुझावों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। महासचिव अवधेश अग्रवाल ने कहा कि कारीगरों द्वारा ले जाए जा रहे निर्यात माल की जगह-जगह चेकिंग रोकी जाए। साथ ही किसी तीसरे व्यक्ति द्वारा टैक्स जमा न करने के कारण निर्यातकों का रिफंड नहीं रोका जाना चाहिए। इस मौके पर एमएचईए के संरक्षक नजमूल इस्लाम, यस के उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल और सचिव अंकित सिंह मौजूद रहे।

# आध्यात्मिक उन्नति का अवसर देता है अधिमास

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- पुरुषोत्तम मास में मिलता है पूजा का 10 गुना या उससे अधिक फल

**अमृत विचार :** पुरुषोत्तम मास या अधिमास 17 मई रविवार से शुरू होकर 15 जून सोमवार को समाप्त होगा। मान्यता है कि इस माह में की गई पूजा का 10 गुना या उससे भी अधिक फल मिलता है। यह मास आध्यात्मिक उन्नति के लिए एक बेहतर अवसर है।

पंडित केदार मुरारी के अनुसार वैज्ञानिक/ज्योतिषीय कारण देखें तो सौर वर्ष (365 दिन) और चंद्र वर्ष (354 दिन) में लगभग 11 दिनों का अंतर होता है। यह अंतर तीन साल में बढ़कर एक अतिरिक्त महीने के बराबर हो जाता है, जिसे पंचांग में समायोजित करने के लिए अधिक मास जोड़ा जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इस माह के स्वामी भगवान विष्णु हैं, इसलिए इसे 'पुरुषोत्तम मास' कहा जाता है।

पंडित केदार मुरारी ने बताया कि इस महीने में कोई सूर्य संक्रांति नहीं होती (सूर्य राशि नहीं बदलता), इसलिए इसे मलमास भी कहते हैं और इसमें मांगलिक कार्य (शादी, गृह प्रवेश) वर्जित होते हैं।

### अधिमास में यह कार्य होते हैं फलदायी

**दान :** घी, कांसे का पात्र, चने की दाल, खारक, गुड़, और कपड़े दान करना अत्यंत फलदायी है।

**पूजा :** भगवान विष्णु की आराधना, श्रीमद्भगवद्गीता (विशेषकर 15वां अध्याय) का पाठ और "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" मंत्र का जाप करें।

**नियम :** सुबह पवित्र नदियों में स्नान (या घर में ही), दीपदान, सात्विक भोजन, और ब्रह्मचर्य का पालन करें।

**खास उपाय :** सुबह-शाम तुलसी के पौधे के पास दीपक जलाएं और विष्णु सहस्रनाम का पाठ करें।

**क्या न करें (वर्जित कार्य) :** इस माह में विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, जनेऊ संस्कार, देव प्रतिष्ठा, और वाहन या संपत्ति की खरीदारी जैसे नए शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# गोशालाओं में पर्याप्त मिला भूसा, हरा चारा और पशु आहार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


गोशालाओं का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी।

- गोवंश को लू से बचाव के लिए गोशालाओं में किए गए विशेष इंतजाम
- नोडल अधिकारी को निरीक्षण में गोशाला में 882 गोवंश संरक्षित मिले

**अमृत विचार:** शासन से नामित जनपदीय नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद लखनऊ ने अपर निदेशक ग्रेड-टू एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के साथ विकास खंड मुरादाबाद स्थित कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान गोशाला में संरक्षित गोवंशों की देखभाल, चारा व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया गया।

मंगलवार को निरीक्षण के समय गोशाला में 882 गोवंश संरक्षित पाए गए। जिसमें गोशाला में भूसा और हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिला तथा गोवंशों को प्रतिदिन 500 ग्राम दाना देने की जानकारी ली। गोशाला में गोबर से गोकाष्ठ, मूर्तियां और पूजा सामग्री के लिए गोबर के लट्ठे तैयार मिले। वहीं गोबर गैस प्लांट से उत्पन्न बिजली का उपयोग गोशाला की विद्युत आपूर्ति में किया जाना पाया। गोबर से खाद तैयार करने की व्यवस्था भी संचालित मिली। अधिकारियों ने गोवंशों को दिन में दो से तीन बार स्वच्छ पानी पिलाने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

इसके बाद अधिकारियों ने वृहद गो- संरक्षण केंद्र फाजलपुर का निरीक्षण किया। यहां 189 गोवंश संरक्षित पाए गए। गोशाला में भूसा,हरा चारा और कपिला पशु आहार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिला।

गो- आश्रय स्थल से जुड़ी तीन हेक्टेयर भूमि पर हरा चारा बोया गया है। बरसात के दौरान गोवंशों को सुरक्षित रखने के लिए चार फीट ऊंचे प्लेटफॉर्म का निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान गोवंशों का स्वास्थ्य संतोषजनक पाया गया। लू से बचाव के लिए शेडों के चारों ओर जूट के पर्दे लगाए गए हैं, जिन्हें हर दो घंटे में पानी से भिगोया जा रहा है।

निरीक्षण के बाद आयुक्त सभागार में आयुक्त की अध्यक्षता और जनपदीय नोडल अधिकारी की उपस्थिति में समीक्षा बैठक हुई। इसमें मुरादाबाद मंडल के जिलों के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी,उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी,मुख्य विकास अधिकारी, पंचायत विभाग,राजस्व विभाग और नगर निकायों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में गो- आश्रय स्थलों से जुड़े सभी बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को गो- आश्रय स्थलों से संबंधित सभी कार्य समयबद्ध और पूरी निष्ठा के साथ पूरे करने की बात कही। उन्होंने बायोगैस प्लांट और वर्मी कम्पोस्ट को प्राथमिकता देने के साथ गोशालाओं में नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इसके अलावा जनपदीय नोडल अधिकारी ने कान्हा गोशाला बिलारी, अस्थाई गो- आश्रय स्थल चंगेरी और वृहद गो- संरक्षण केंद्र हाजीपुर का भी निरीक्षण किया। बिलारी में 140, चंगेरी में 406 और हाजीपुर में 340 गोवंश संरक्षित पाए गए।

## मुरादाबाद मंडल में 65 हजार से अधिक गोवंशों को मिला सहारा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाया गया है। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक में सामने आया कि मंडल के 218 गो- आश्रय स्थलों में वर्तमान में 65,113 गोवंश संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत मंडल की उपलब्धि सराहनीय है। 4125 गोवंशों की सुपुर्दगी के लक्ष्य के सापेक्ष 7703 गोवंश पशुपालकों को सौंपे गए हैं, जो 186.76 प्रतिशत उपलब्धि है। मंडल में अब केवल 684 निराश्रित गोवंश ही शेष बचे हैं। संभल जनपद में सबसे अधिक 27,768 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। वहीं बिजनौर में 14,658, मुरादाबाद में 10,781, अमरोहा में 8,647 और रामपुर में 3,259 गोवंश आश्रय स्थलों में रखे गए हैं। गोवंशों के लिए चारे और भूसे की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। मंडल में 4.24 लाख कुंतल से अधिक भूसा संग्रहित किया जा चुका है। साथ ही 372 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर हरा चारा उगाया जा रहा है। नेपियर घास के 6.10 लाख रूट भी वितरित किए गए हैं। गोशालाएं बनी आत्मनिर्भर, गोबर से हो रही कमाई गो आश्रय स्थलों को सरकारी अनुदान पर निर्भरता के बजाय आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर है। मुरादाबाद, अमरोहा और रामपुर के कान्हा और वृहद गो संरक्षण केंद्रों में सीबीजी (गोबर गैस प्लांट) संचालित है। रामपुर के गो आश्रय स्थल किरा में गोबर गैस प्लांट से 15 केवी का जनरेटर भी चलाया जा रहा है। गो उत्पाद और गोबर की बिक्री से मंडल में अच्छी आय हो रही है। रामपुर ने गोबर प्रबंधन से सर्वाधिक 6,17,636 रुपये, अमरोहा ने 5,40,600 रुपये और मुरादाबाद ने 82,829 रुपये की आय प्राप्त की है। मुरादाबाद, बिजनौर और सम्भल में गोबर से लकड़ी (गोकास्ट), मूर्तियां, दीये और धूपबत्ती तैयार की जा रही है।

# विदेश भेजने के नाम पर युवक से दो लाख की ठगी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से लाखों रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम रतूपुरा निवासी अबरार हुसैन पुत्र निसार हुसैन ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि करीब दस माह पूर्व गांव के ही एक युवक मोहसिम पुत्र जुमा उनके पास आया और सऊदी अरब में अच्छी नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। आरोपी ने कहा कि वह युवक को अच्छी कंपनी में काम दिलाकर मोटी तनख्वाह दिलाएगा। इसके लिए उसने दो लाख 18 हजार रुपये और पासपोर्ट की मांग की। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति के घर पर कई लोगों की मौजूदगी में आरोपी को रुपये और पासपोर्ट सौंप दिए गए। इसके बाद आरोपी ने युवक को सऊदी अरब भेज दिया, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे न तो वादा की गई नौकरी मिली और न ही तय वेतन। युवक को एक प्राइवेट स्थान पर मजदूरी जैसा काम करने के लिए छोड़ दिया गया।

# दूसरे बड़े मंगलवार पर भक्तों ने किया भंडारा

**कांठ, अमृत विचार:** ज्येष्ठ के दूसरे बड़े मंगलवार के दिन श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान सेरुवा चौराहा, अगवानपुर-कांठ रोड पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। संस्थान के संस्थापक अरविंद चौधरी ने बताया कि सुबह मौसम खराब होने के बावजूद कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया, क्योंकि यह कलयुग के जागृत देवता हनुमान जी महाराज का कार्यक्रम था। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं हनुमान जी की आरती के साथ हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर भारत माता को नमन किया गया तथा भोग लगाकर भोजन एवं बूंदी प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अवधेश बिश्नोई, रविंद्र राणा, महेश बिश्नोई, मुकुल बिश्नोई, सौरभ बिश्नोई, राहुल बिश्नोई, अंशुल गुप्ता, विवेक बिश्नोई, राजीव बिश्नोई, हरिओम बिश्नोई, विपिन चौधरी, उदय चौधरी, अभिमन्यु चौधरी, रामरतन, वेद प्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेते श्रद्धालु।

# निजी बस मार्गों के परमिट हस्तांतरण पर होगा विचार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 22 मई को होगी। इसकी अध्यक्षता मंडलायुक्त करेंगे। बैठक आयुक्त कार्यालय सभागार में होगी।

संभागीय परिवहन अधिकारी व प्राधिकरण के सचिव राजेश सिंह ने बताया कि बैठक में 15 मई तक प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा। इसमें संभाग के अराष्ट्रीयकृत एवं निजी बस मार्गों पर स्थाई अनुज्ञा पत्र जारी करने से संबंधित आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा स्थाई सवारी गाड़ी (बस) अनुज्ञापत्रों के हस्तांतरण और सीएनजी ऑटो रिक्शा परमिट हस्तांतरण से जुड़े आवेदन पत्रों पर भी विचार किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विविध प्रकरणों और प्रत्यावेदनों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने संबंधित पक्षों से समय से अपने आवेदन और अभिलेख उपलब्ध कराने की अपील की है।

# सारस संरक्षण वाले खोखरा तालाब की हुई पैमाइश

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


गांव फैजुल्लागंज स्थित तालाब की पैमाइश करातीं एसडीएम। • अमृत विचार

- एसडीएम ने अपनी मौजूदगी में कराई नापजोख, हटेंगे अवैध कब्जे

**अमृत विचार:** जसपुर मार्ग पर ग्राम फैजुल्लागंज स्थित प्राचीन शिव मंदिर के समीप बने ऐतिहासिक खोखरा तालाब पर अवैध कब्जे का मामला सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। मंगलवार को उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचकर तालाब का निरीक्षण कर पैमाइश कराई। जांच में तीन लोगों द्वारा तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की पुष्टि हुई, जिस पर एसडीएम ने कब्जाधारकों को दो दिन के भीतर भूमि खाली करने के सख्त निर्देश दिए।

बताया जाता है कि लगभग 100 बीघा क्षेत्रफल में फैला यह तालाब ग्राम पंचायत फैजुल्लागंज के राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। एक समय इस तालाब में कमलगट्टा की खेती होती थी, जिससे होने वाली आय ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में खर्च की जाती थी। करीब 18 वर्ष पूर्व तत्कालीन जिलाधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा ने इस तालाब को सारस संरक्षण योजना के तहत वन विभाग को सौंप दिया था, ताकि क्षेत्र में सारस पक्षियों के संरक्षण और उनके सुरक्षित आवास की व्यवस्था की जा सके।

वन विभाग ने उस समय तालाब की सफाई कराने के साथ-साथ उसके भीतर कई स्थानों पर छोटे-छोटे टापू बनवाए थे, जिससे सारस पक्षियों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। इसके अलावा तालाब के चारों ओर पौधारोपण कर सौंदर्यीकरण भी कराया गया था। इन प्रयासों का सकारात्मक असर देखने को मिला और क्षेत्र में सारसों की संख्या में वृद्धि हुई। समय बीतने के साथ तालाब की देखरेख में लापरवाही बढ़ती चली गई और आसपास के कुछ किसानों ने धीरे-धीरे इसकी भूमि पर कब्जा करना शुरू कर दिया। शासन स्तर पर शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मौके पर जांच की। एसडीएम प्रीति सिंह ने बताया कि तालाब का कुल रकबा 6.11 हेक्टेयर है। कब्जाधारकों को चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय के भीतर कब्जा नहीं हटाया गया तो उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने आश्वासन दिया कि वे स्वयं कब्जा हटा लेंगे। निरीक्षण के दौरान लेखपाल उमेश चौहान, सुंदरम चौधरी, कानूनगो, वन दरोगा पीयूष जोशी, मदन सिंह, केपी सिंह और कंचन कुमारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# फूलवती हत्याकांड का खुलासा नहीं

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

- पुलिस हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी, पीड़ित परिवार को नहीं मिला इंसाफ

> लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, केवल आश्वासन की घुट्टी पिलाई जा रही है। शुक्रवार को भी सीओ आशीष प्रताप सिंह से मिलकर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। जल्द खुलासे का आश्वासन मिला है।
> **मनोज कुमार** मृतका के पुत्र।

**अमृत विचार :** क्षेत्र के चर्चित फूलवती हत्याकांड को सात महीने बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक हत्यारों का सुराग तक नहीं लगा सकी है। हर बार की तरह इस बार भी जांच, आश्वासन और जल्द खुलासे की घिसी-पिटी पटकथा दोहराई जा रही है, जबकि पीड़ित परिवार इंसाफ की चौखट पर भटकने को मजबूर है।


मृतका फूलवती।

गांव माधोवाला निवासी फूलवती 23 सितंबर 2025 को गांव से ठाकुरद्वारा आ रही थीं, लेकिन रास्ते में अचानक गायब हो गईं। पांच दिन बाद 28 सितंबर को उनका शव कमालपुरी खालसा नहर के पास सड़ी-गली हालत में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने महिला के बेटे मनोज कुमार की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन उसके बाद जांच की गाड़ी शायद ऐसे रास्ते पर निकल गई, जहां से वापसी का रास्ता ही नहीं मिला। घटना के बाद ग्रामीणों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हाईवे जाम किया था। उस समय पुलिस और प्रशासन ने जल्द खुलासे के बड़े-बड़े दावे किए थे। क्राइम ब्रांच, एसओजी और तमाम पुलिस टीमें लगाई गईं। साइबर तकनीक का भी खूब ढिंढोरा पीटा गया। यहां तक कि करीब 800 मोबाइल नंबरों की जांच और रिक्शा चालकों से पूछताछ तक की गई। लेकिन नतीजा कोई नहीं निकला। दिलचस्प बात यह है कि इसी तरह की एक वारदात उत्तराखंड सीमा से लगे गांव मुरलीवाला में भी हुई थी, जिसका खुलासा आज तक नहीं हो सका। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

# बिलारी में दूसरे जिले को भेजा जा रहा गेहूं पकड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मंडलायुक्त व जिलाधिकारी के आदेश पर जिले में गेहूं के अवैध भंडारण व अवैध संचरण पर प्रभावी रोक के लिए मंगलवार को अभियान चलाया गया। इसमें प्रवर्तन टीमों की जांच में केजीएन ट्रेडर्स बिलारी पर अवैध रूप से दूसरे जिले को भेजा जा रहा गेहूं पकड़ा गया।

अभियान के अंतर्गत ठाकुरद्वारा क्षेत्र में विपणन निरीक्षक आलोक रंजन, जगत नारायण और नरेंद्र सिंह क्षेत्रीय विपणन अधिकारी ने मेसर्स फ्रेंड ट्रेडर्स डिलारी और मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स डिलारी का निरीक्षण किया। जबकि विपणन निरीक्षक विपिन श्रीवास्तव ने मूंढापांडे के गेहूं प्रतिष्ठानों और आढ़तों पर निरीक्षण किया। जबकि सघन विपणन निरीक्षक मनोज कुमार शुक्ला ने मेसर्स मिकरानी ट्रेडर्स डिलारी और उस्मानिया ट्रेडर्स पर छापेमारी की।

# गंभीर कुपोषित बच्चों को दिया विशेष पोषण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मातृ वंदना योजना से पिछले साल सात हजार से अधिक महिलाओं को दी आर्थिक सहायता
- दूसरी संतान बेटी होने पर मिलते हैं छह हजार रुपये

**अमृत विचार :** जिले में कुपोषण के खिलाफ बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। अनुपूरक पुष्टाहार योजना, हॉट कुक्ड मील योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से लाखों बच्चों और महिलाओं को पोषण एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। विभाग की सात मई तक की रिपोर्ट के अनुसार जिले में 2.22 लाख से अधिक बच्चों और 42 हजार से ज्यादा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

आंकड़ों के अनुसार अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत छह माह से तीन वर्ष तक के 1,47,913 बच्चों तथा तीन से छह वर्ष तक के 74,550 बच्चों को पौष्टिक आहार वितरित किया जा रहा है। इसके अलावा 42,584 गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को भी लाभान्वित किया जा रहा है। वहीं जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित हॉट कुक्ड मील योजना के तहत 32,103 बच्चों को प्रतिदिन गरमा-गरम एवं संतुलित भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अनुपूरक पुष्टाहार योजना बच्चों में कुपोषण और एनीमिया की समस्या को कम करने में प्रभावी साबित हो रही है। बच्चों के वजन और लंबाई की नियमित निगरानी के साथ गंभीर कुपोषित बच्चों को विशेष पोषण सहायता भी दी जा रही है। वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए बायोमेट्रिक और पोषण ट्रैकर जैसी तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम Harashveer Singh से Harshveer Singh पुत्र Pritam Singh निवासी मकान संख्या 03 ईदगाह रोड गुरुद्वारे के पास आदर्श नगर मुरादाबाद रख लिया है। मुझे नए नाम से जाना पहचाना जाए।

## सूचना

पहले पासपोर्ट में मेरा नाम JARRAR AHMED जर्रार अहमद जो गलत है। सही नाम JARRAR AHMAD जर्रार अहमद पुत्र मोहम्मद हासिम बीलना नौगांवा सादात अमरोहा है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

## सूचना

पहले पासपोर्ट में मेरा नाम QASAR RAZA कौसर रजा जो गलत है। सही नाम KAUSAR RAZA कौसर रजा पुत्र हसन हैदर मोहल्ला कट कुई नौगांवा सादात अमरोहा है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# मंदिर जीर्णोद्धार के लिए डेढ़ करोड़ की योजना अटकी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


एक प्राचीन शिव मढ़ी मंदिर। • अमृत विचार

- क्षेत्र के श्रद्धालुओं में निराशा मुख्यमंत्री से मंदिर का जीर्णोद्धार कराने की मांग

**अमृत विचार :** मुरादाबाद रोड पर स्थित प्राचीन देवस्थान एवं सिद्ध पीठ श्री शिव मढ़ी मंदिर का बंदन योजना के तहत मंदिर का जीर्णोद्धार करने को बढ़ापुर भाजपा विधायक सुशांत सिंह ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से मिलकर प्रयास किए थे। डेढ़ वर्ष पूर्व बंधन योजना के तहत एक करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति मिलने की सूचना पर श्रद्धालुओं में हर्ष की लहर दौड़ गई थी।

प्रसिद्ध देवस्थान एवं सिद्ध पीठ श्री शिवमणि मंदिर का इतिहास लगभग 170 वर्ष पुराना है। मंदिर सेवा ट्रस्ट के प्रबंधक राकेश गोयल व महामंत्री संजय सिंघल ने बताया कि मंदिर की स्थापना जमींदारी की जमीन पर 1855 में ठाकुर रामसुख मल ने की थी। कान्यकुब्ज ब्राह्मण शिवलाल गिरी ब्रह्मचारी रहते थे जिनके ब्रह्मलीन होने के पश्चात वहीं उनकी समाधि भी बनाई गई थी। उनके बाद 1910 के लगभग परम सिद्ध बाबा रामगिरि जी महाराज ने आकर पूजा पाठ का कार्यभार संभाला था। उन्होंने यहां कुएं की स्थापना की थी। कुछ समय बाद उनके द्वारा तीर्थ यात्रा पर जाने के उपरांत वह कुआं सूख गया था, परंतु जब वह तीर्थ यात्रा से वापस आए तो उस कुएं में फिर पानी आ गया था। श्री शिव मढ़ी मंदिर पर भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी- कृष्ण जन्माष्टमी के बाद नवमी के दिन मेला लगता है। जहां सांपों की जात लगती थी, इसमें सांपों की कुशलता मनाई जाती थी तथा उन्हें प्रसन्न करने व उनसे मनुष्य एवं पशुओं को ना काटने की मनौती मांगी जाती थी। श्री शिव मढ़ी मंदिर की भूमि पर ही वैश्य समुदाय की पहल पर श्री शिव हरी राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की स्थापना हुई थी। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाकर हजारों शिव भक्तों द्वारा यहां जल अभिषेक किया जाता है तथा इस अवसर पर विशाल मेले का आयोजन भी होता है। श्रावण में पूरे महीने हजारों श्रद्धालु मंदिर पर आकर नियमित रूप से जल अभिषेक करते हैं। काफी समय पूर्व से इस मंदिर की देखभाल एवं प्रबंधन वैश्य समुदाय के लोगों द्वारा किया जा रहा है। डेढ़ वर्ष बीतने के बाद भी धन स्वीकृत न होने के कारण मंदिर का सौंदर्यकरण नहीं किया जा सका। जिससे क्षेत्र के श्रद्धालुओं में निराशा है। भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने फिर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर इस संबंध में मांग की है।

# प्रेम विवाह के बाद लड़की पक्ष ने की तोड़फोड़, दंपती को उठाया

संवाददाता, डिलारी

- ज्वेलरी लूटने के साथ ही लड़का पक्ष के कई लोगों को किया घायल

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मानपुर साबित में प्रेम विवाह के बाद लड़की पक्ष ने लड़के के घर में घुसकर तोड़फोड़ की, सोने चांदी के जेवरात लूट लिए। दंपती को भी उठाकर ले गए। घटना से गांव में अफरा तफरी का माहौल है।

गांव निवासी अरबाज का प्रेम विवाह अब से 8 दिन पहले गांव निवासी युवती के साथ हुआ था, मामला एक ही बिरादरी का होने पर भी मूंछ की लड़ाई को लेकर तनातनी का माहौल बन गया। घटना 11 मई सोमवार की शाम 5 बजे की है। नई नवेली दुल्हन के मायके वाले इंतजार, समीर, शमी, रहमत अली, इसरार, इमरान, रिहान, साथ में तीन नकाबपोश को लेकर अरबाज के घर में घुस गए। गालियां देते हुए लाठी डंडे सरिया से पीटना शुरू कर दिया। घर में रखा कीमती सामान तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया। पहचान मिटाने के लिए सीसीवीटी कैमरे की डिवाइस तोड़ दी। जिससे जावेद, फैयाज अली,आयशा, समा परवीन रियाज अली, गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि घर में रखे सोने चांदी के आभूषण समेत नव दंपति को तमंचे के बल पर उठाकर जान से मारने की धमकी देते ले गए। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलारी में उपचार के लिए भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार भंगेला ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। प्रेम विवाह को लेकर दोनों पक्षों में टकराव हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### भाकियू अंबावता ने किसानों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू अंबावता के युवा जिला उपाध्यक्ष अरशद अली एडवोकेट के नेतृत्व में मंगलवार को पदाधिकारियों ने उप्र मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम को सौंपा। ज्ञापन में यूरिया खाद की समस्या और खाद के साथ किसानों को जबरन दवाई ना देने की मांग की। प्राइवेट अस्पतालों और प्राइवेट स्कूलों की फीस को लेकर मनमानी के खिलाफ कार्रवाई हो। छोटे किसान, मजदूर, छोटे व्यापारियों को घरेलू बिजली 300 यूनिट फ्री दी जाए। युवा जिला उपाध्यक्ष अरशद अली एडवोकेट ने कहा कि देश में हर 2 घंटे में एक किसान कर्ज में दबाकर आत्महत्या कर रहा है, यह जिम्मेदारी भी सरकार की है कोई किसान आत्महत्या ना करें। ज्ञापन देने वालों में बिलाल खान, शाहरुख खान, फैजान मियां, बंटी, शकील अहमद, अजीज खान, राम सिंह, आशुतोष, मुरारी लाल, विनय कुमार, अरविंद कुमार आदि किसान शामिल रहे।

### मॉडिफाइड साइलेंसर और ओवरलोड वाहनों पर 3.20 लाख जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार :** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सोमवार रात बड़ा अभियान चलाया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में परिवहन विभाग की टीमों ने मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश श्रीवास्तव ने थाना टांडा क्षेत्र में एक बुलेट मोटरसाइकिल में मॉडिफाइड साइलेंसर लगा पाए जाने पर उसे सीज कर दिया। वहीं तीन अन्य वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगे मिलने पर उनके खिलाफ भी सीज की कार्रवाई की गई। इसके अलावा शाहाबाद मंडी क्षेत्र में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक विशेष रात्रिकालीन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 6 ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया।


शाहबाद में आंधी-बारिश में गिरा बिजली पोल। ● अमृत विचार


टूटकर गिरे होर्डिंग को देखते दुकानदार। ● अमृत विचार


शाहबाद में उड़ती टीन से वाहन क्षतिग्रस्त, बिजली व्यवस्था ठप। ● अमृत विचार

# तीन घंटे आंधी के साथ बारिश से गिरे पेड़ व होर्डिंग, बिजली-इंटरनेट ठप

## मंगलवार सुबह आसमान में घिर आईं काली घटाएं, कुछ देर को छाया रहा अंधेरा, कई घंटे तक अफरा-तफरी

- मिस्टन गंज, मुख्य डाकघर के सामने, पुराना गंज में हुआ जलभराव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार सुबह करीब 8 बजे से गरज-चमक और आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। जिसके कारण शहर और देहात क्षेत्रों में भारी संख्या में पेड़ गिर गए, जबकि शहर में दुकानों के होर्डिंग भी गिर गए। करीब 3 घंटे सिविल लाइंस क्षेत्र की बिजली और इंटरनेट ठप रहा। जिससे लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी हुई। आंधी से जगह-जगह पेड़ और उनकी शाखाएं टूट गईं, शाहबाद में बाउंड्री वाल टूट गई। होर्डिंग और बैनर उखड़ गए एक जगह टीन कार पर गिरने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। सड़कों पर पेड़ टूटकर गिरने से यातायात बाधित हो गया और लोगों से स्वार रोड पर सड़क पर पड़े हटाए इसके बाद यातायात सुचारू हुआ।

सुबह करीब 8 बजे काली घटाएं घिर आईं कुछ देर को अंधेरा छा गया और तेज गरज चमक और तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। शहर में शाहबाद गेट के निकट मार्केट की दुकानों के होर्डिंग और बैनर उड़ गए और कुछ दुकानों के आगे गिर गए। एक कार पर आंधी में टीन आकर गिरी जिसके कारण कार क्षतिग्रस्त हो गई।

आंधी और बारिश के दौरान साये की तलाश में लोग सड़कों पर भागने लगे आंधी इतनी तेज थी सराय गेट के निकट तरबूजों से भरा ठेला पलट गया। इसके अलावा राहे रजा पर स्टार चौराहे और कचहरी के निकट बिजली लाइन पर पेड़ और उनकी शाखाएं टूट कर गिर गईं। जिससे कारण करीब 3 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रही। सिविल लाइंस क्षेत्र के एसडीओ एमबी सिंह ने बताया कि जब आंधी बारिश आती है तब विद्युत आपूर्ति सुरक्षा के लिहाज से ब्रेक कर दी जाती है ताकि कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए। इसके बाद सभी लाइनों की पेट्रोलिंग कराई जाती है, जहां तारों पर पेड़ या उनकी शाखाएं गिर जाती हैं। उन्हें हटवाकर मरम्मत कार्य होता है और इसके बाद विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी जाती है। उन्होंने बताया कि इस कार्य में ढाई से तीन घंटे लग जाते हैं। बारिश से बाजार मिस्टन गंज, राजद्वारा स्थित मुख्य डाकघर के सामने, गांधी समाधि, राहे रजा पर जलभराव हो गया जिसके कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई।


राहे मुर्तजा स्थित एक मार्केट की दुकानों के टूटे पड़े होर्डिंग। ● अमृत विचार


स्टार चौराहे पर आंधी में टूटा पेड़। ● अमृत विचार

### जायद की फसलों को मिलेगा बारिश से लाभ

कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत ने बताया कि बारिश से जायद की फसलों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि तरबूज, खरबूजा, ककड़ी, खीरा, लौकी, करेला, तुरई, टिंडा आदि की फसलें खेतों में हैं। बारिश से फसलों को लाभ पहुंचेगा।

### स्वार रोड पर गिरे पेड़

रामपुर-स्वार मार्ग पर आंधी बारिश में पेड़ और उनकी भारी भरकम शाखाएं गिर गईं जिसके कारण यातायात बाधित हो गया। बसों के चालक, परिचालक और यात्रियों ने सड़क से पेड़ और उनकी शाखाएं हटाकर सड़क किनारें कीं इसके बाद यातायात सुचारू हुआ। इसके अलावा बिलासपुर, शाहबाद और टांडा मार्ग पर भी पेड़ गिर गए उन्हें सड़कों से हटवाकर यातायात सुचारू किया गया।

> 13 मई से मौसम सामान्य होने का अनुमान है इसके बाद तापमान में बढ़ोत्तरी होगी।
> - डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

### आंधी में पाखड़ का पेड़ भैंस के ऊपर गिरा, मौत

**शाहबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र में आई तेज आंधी ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई। कोतवाली क्षेत्र के कर बंदार गांव में आंधी के दौरान एक विशाल पाखड़ का पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आने से गांव निवासी राधेश्याम यादव की एक भैंस की मौत हो गई, जबकि दो अन्य भैंसें घायल हो गईं। राधेश्याम के अनुसार मंगलवार सुबह अचानक तेज आंधी चली, जिससे गांव के बाहर खड़ा पुराना पाखड़ का पेड़ भरभराकर नीचे गिर पड़ा। उस समय पास में बंधी भैंसें उसकी चपेट में आ गईं। हादसे में एक भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। बताया कि पशुओं के घायल होने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

### कई इलाकों में दीवारें गिरीं, मार्ग अवरुद्ध

**शाहबाद अमृत विचार :** मंगलवार को तेज आंधी के चलते कई मकानों की छतें उड़ गईं, पेड़ जड़ से उखड़ गए और जगह-जगह दीवारें गिरने से भारी नुकसान हुआ। हालांकि, राहत की बात रही कि इस प्राकृतिक आपदा में कोई जनहानि नहीं हुई। मोहल्ला कस्साबान में परवेज खां के मकान पर रखा भारी टीन शेड तेज हवा में उड़कर काफी दूर गली में जा गिरा। टीन की चपेट में आने से एक मारुति वैन, अल्टो कार और एक ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इसी मोहल्ले में वहीद कुरैशी के मकान की बाउंड्री वॉल भी गिरकर पड़ोसी मकान में जा गिरी। आंधी के दौरान उड़ती टीन की चपेट में आने से दो बिजली पोल भी टूटकर गिर पड़े, जिससे इलाके की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं, मोहल्ला वेदान में शकील खां के घर की दीवार गिर गई। दीवार के मलबे में दबकर कई मुर्गियों की मौत हो गई। उधर, मोहल्ला जिलेदारन स्थित कब्रिस्तान में खड़े विशालकाय पेड़ धराशायी हो गए। गांव चकरपुर भूड़ मार्ग पर भी पेड़ गिरने से रास्ता अवरुद्ध हो गया।



# प्रियंका अग्रवाल अध्यक्ष व प्रेक्षा बनीं महामंत्री

- अखिल भारतीय वैश्य एकता महासभा का सर्वसम्मति से हुआ चुनाव

**बिलासपुर, अमृत विचार:** सोमवार की शाम अखिल भारतीय वैश्य एकता महासभा की महिला कार्यकारिणी के नए चुनाव संपन्न हुए। इसमें प्रियंका अग्रवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। जबकि प्रेक्षा अग्रवाल महामंत्री और कनिका जैन एवं प्रिया जैन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

चुनावी बैठक नैनीताल हाईवे स्थित एक होटल परिसर में हुई। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गौरव अग्रवाल और मंडल अध्यक्ष प्रतिभा अग्रवाल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलित के बाद महासभा के नगर अध्यक्ष उपकार गोयल ने संगठन की विचारधारा, उद्देश्यों और समाज हित में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने संगठन को मजबूत बनाने और महिला शक्ति की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। महिला जिलाध्यक्ष राधिका अग्रवाल और जिला महामंत्री शिवांगी अग्रवाल ने अपने संबोधन में महिला कार्यकारिणी की सामाजिक सेवा, सहयोग और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका पर बात की। बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा हुई, जिसमें सर्वसम्मति से चुनाव कराने पर सहमति बनी। जिसमें पूनम गोयल, रेणु गुप्ता को संरक्षक चुना गया। जबकि प्रियंका अग्रवाल अध्यक्ष, प्रेक्षा अग्रवाल महामंत्री और कनिका जैन व प्रिया जैन संयुक्त रूप से कोषाध्यक्ष बनीं। सांस्कृतिक मंत्री पद पर दीपिका अग्रवाल और इशिका अग्रवाल, उपाध्यक्ष पद पर अर्शिता अग्रवाल और रूपाली अग्रवाल तथा उपमंत्री पद पर डॉ. अमिता अग्रवाल की नियुक्ति की गई। नगर क्षेत्र से जिले में प्रतिनिधित्व के लिए स्फूर्ति जैन और करुणा अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का संचालन इशिका अग्रवाल ने किया।


अखिल भारतीय वैश्य एकता महासभा के चुनाव कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी।

### बीमा कर्मियों ने महंगाई के विरोध में किया प्रदर्शन

**बिलासपुर, अमृत विचार:** मंगलवार को आल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के केंद्रीय आह्वान पर नगर में बीमा कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर एलआईसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार की श्रमिक नीतियों को जनविरोधी बताते हुए नारेबाजी की और अपनी छह सूत्रीय मांगों को दोहराया। उन्होंने सरकार से मांग की कि गिरफ्तार किए गए श्रमिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को बिना शर्त रिहा किया जाएं। संगठन के मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सुखलाल, मयंक जनोटी, प्रभा, नरेश सिंह, शिवराज सिंह, लालता प्रसाद, तुलसीराम रस्तोगी, मोहम्मद जाहिद आदि रहे।

### बकरा ईद पर नई परंपरा डाली तो होगी कार्रवाई: सीओ

**स्वार, अमृत विचार:** आगामी बकरा ईद के त्यौहार को लेकर मंगलवार को कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, व्यापारियों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सीओ अतुल कुमार पांडे ने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दौरान कोई भी व्यक्ति नई परंपरा शुरू करने का प्रयास न करे। यदि किसी ने माहौल खराब करने या नई परंपरा डालने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। कोतवाल अनुपम शर्मा ने कहा कि त्योहार सभी के लिए खुशियों का संदेश लेकर आता है। इसलिए सभी लोग शांति, सौहार्द और आपसी सहयोग के साथ बकरा ईद मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक में हाजी शमीम अहमद शमशी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र दिवाकर, व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री शिवऔतार सक्सेना मन्नू सहित जाकिर मियां, राजीव वर्मा, गजेन्द्र लोधी, असगर अली आदि रहे।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में निष्ठा का बड़ा महत्व: प्राचार्य

- राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रतिभा अलंकरण समारोह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को हुए वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह हुआ। शुभारंभ मुख्यातिथि डॉ. प्रभा शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में आपकी निष्ठा और परिश्रम का बड़ा महत्व है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुनीता एवं महाविद्यालय प्राध्यापकों द्वारा महाविद्यालय में अतिथियों को बुके एवं बैज लगाकर स्वागत किया। महाविद्यालय की सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली जैनब, उर्मिला, आध्या शर्मा, आंचल, रश्मि पाठक, प्रतिभा काला, मुनिरा रिजवान, अंबिका काला और वार्षिक क्रीड़ा चैम्पियन आसमा और उप चैम्पियन निखत बी को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निशा फातिमा एवं गिरिजेश सैनी ने गजल पेश कर समां बांध दिया। गौरी धीमान ने भजन से सबका मन मोह लिया। मानसी राज ने एकल नृत्य और वैष्णवी कौशिक, मुस्कान सागर, प्रिया भारती, मानसी राज, प्रियंका, खुशी आर्य ने समूह नृत्य से सभागार में बैठे सभी दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। मुख्यातिथि राजकीय महाविद्यालय संभल की पूर्व प्राचार्य प्रो. प्रभा शर्मा ने विचार रखे। कार्यक्रम की समारोहक डॉ. अंकिता और समन्वयक डॉ. रजिया परवीन, सह समन्वयक प्रो. अनिता देवी अग्रवाल रहीं। संचालन डॉ. रजिया परवीन, डॉ. अंकिता और डॉ. अहमद कादरी ने किया। कार्यक्रम में प्रो. सबीहा परवीन, डॉ. नागेन्द्र पाल, डॉ. सोनू पूरी, डॉ. वंदना राठौर, डॉ. प्रीति लता, डॉ. मनोरमा चौहान, डॉ. मोहम्मद कासिम, डॉ. जया कुमारी, डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. यामिनी, डॉ. टिकेंद्र, डॉ. योगेश, डॉ. रजनी बाला, कल्पना, ज्योति, केशव, शांति पाल, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।


प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### सपा का पीडीए अल्पसंख्यक और दलितों को छलने वाला

**रामपुर, अमृत विचार :** बसपा के गांव चलो अभियान के तहत बूथ संख्या 256, 350 और 351 पर कमेटी का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में बूथ कमेटियों का गठन हुआ। मुख्यातिथि मंडल जोन प्रभारी मुरादाबाद शांति प्रसाद साग ने कहा कि सपा का पीडीए अल्पसंख्यक पिछड़ों और दलितों को छलने का बहाना है। हमें सबको इससे सावधान रहना है और 2027 में बहनजी के हाथों को मजबूत करना है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारी पार्टी का हर एक कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ पार्टी में कार्य कर रहा है। उत्तर प्रदेश में 17000 से ज्यादा कार्यकर्ता एक्टिव मूड में हैं जो प्रतिदिन गांव गांव जाकर बहनजी के शासनकाल में हुए कार्यों को जनता तक पहुंचा रहे हैं। इस दौरान विधानसभा प्रभारी अजब सिंह, जिला सचिव जागेश शरण, विधानसभा महासचिव बख्तार अली, जल सिंह, छत्रपाल, राजवीर सिंह प्रधान, रामकुमार, मुकेश, नरोत्तम कश्यप, दीपक आदि गांव के सम्मानित लोग मौजूद रहे।





### रोजगार मेले में 59 युवाओं को मिला रोजगार

**रामपुर, अमृत विचार :** पुरानी तहसील जिला सेवायोजन कार्यालय में मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेले में साक्षात्कार के बाद 59 अभ्यर्थियों को रोजगार मिला। मेले में 3 कंपनियों के अधिकारियों ने युवाओं का साक्षात्कार लिया। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी जमीर हुसैन खां ने बताया कि रोजगार मेले में 105 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें से साक्षात्कार के बाद 59 अभ्यर्थियों को रोजगार मिला है।

### सिपाही की बहन व मौसी को निर्वस्त्र कर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सिपाही की बहन व मौसी को निर्वस्त्र कर मारपीट का मामला सामने आया है। वहीं दुसरे पक्ष ने सिपाही पर घर में घुसकर मारपीट करने व कपड़े फाड़कर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने महिलाओं समेत दोनों और से सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। गांव निवासी एक युवक उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात है। सिपाही का आरोप है कि गांव के ही छह दबंग लोगों ने उसकी बहन व गांव की मौसी के साथ सरेआम निर्वस्त्र कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। वहीं दूसरे पक्ष की एक युवती ने सिपाही पर आरोप लगाते हुए कहा कि सिपाही ने उसके घर में घुसकर मारपीट की। इतना ही नहीं बदसलूकी करते हुए उसके कपड़े भी फाड़ दिए। पीड़िता के चिल्लाने पर उसे जान से मरने की धमकी भी दी। ची पुकार सुन आसपास के लोग आ गए और उसे बचाया। इसके बाद भी सिपाही के दो चाचाओं ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एसबीआई कर्मचारियों ने मुहं पर काला मास्क लगाकर किया काम

**रामपुर, अमृत विचार :** आल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन ने अपनी मांगों को माने के जाने के लिए मंगलवार को मुहं पर काला मास्क लगाकर बैंकों में कार्य किया। एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने चेतावनी दी है कि यदि बैंक कर्मचारियों की मांगें सरकार ने नहीं मानी तब 25 और 26 मई को पूरे देश में बैंक कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। स्टेट बैंक में कर्मचारियों ने मुहं पर काला मास्क लगाकर कार्य कर सरकार के अड़ियल रवैये के विरोध में अपना विरोध दर्ज कराया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव ने कहा कि मंगलवार को मौन प्रदर्शन में सभी साथियों ने मास्क पहनकर विरोध प्रकट किया है। सचिव उत्कर्षा सिंह ने कहा कि मुख्य शाखा के सभी सदस्यों ने प्रबंधन के विरुद्ध काला मास्क लगाकर विरोध किया। विरोध प्रदर्शन में तरू राज सक्सेना, उत्कर्ष, शिवानी, अर्चना सिंह, अपूर्व जैन, यशु, निशा, वंशिका, राधिका, कम्मो, अभिषेक सिसोदिया, रितेश त्रिवेदी, दिनेश सिंह, गंगादीन, अमरदेव, रामेंद्र गोले, प्रमोद कुमार, अक्षी अग्रवाल आदि शामिल रहे।



## बुद्धिजीवी बोले

नीट पेपर लीक मामला : परीक्षा रद्द होने से अभ्यर्थियों में निराशा

# पेपर लीक होने से बच्चों की मेहनत पर फिर जाता है पानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


**अमृत विचार:** नीट रद्द होने से युवाओं में निराशा है। बुद्धिजीवी कहते हैं कि जिम्मेदारों को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि पेपर लीक नहीं हो। पेपर होने के बाद लीक होने से बच्चों की मेहनत पर पानी फिर जाता है। नीट के लिए रातों-दिन तैयारी करना पड़ती है और नीट का पेपर रद्द होने की खबर सुनकर परीक्षार्थियों को झटका लगता है।

जिले में नीट 12 परीक्षा 12 केंद्रों पर तीन दिन तक हुआ था। परीक्षा के लिए 2784 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था तीन दिन हुई परीक्षा के लिए 16, 704 अभ्यर्थी थे। नीट परीक्षा रद्द होने से उनकी मेहनत मिट्टी में मिल गई है। यदि जिम्मेदार इस बात का ध्यान रखते की पेपर लीक नहीं हो तब शायद युवाओं की मेहनत कारगर हो जाती। युवाओं ने नीट क्वालीफाई करने के लिए पूरी शिद्दत से मेहनत की थी उनकी मेहनत बर्बाद होने के लिए कौन जिम्मेदार है यह सोचने का विषय है अधिकांश परीक्षाओं के पेपर लीक हो जाते हैं जिसके चलते परीक्षा रद कर दी जाती है। इस बाबत अमृत विचार ने बुद्धिजीवियों से बातचीत की। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश...।


नीट का रद्द होना केवल एक प्रशासनिक या शैक्षिक विवाद नहीं, बल्कि लाखों विद्यार्थियों के मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है। वर्षों की कठिन तैयारी, निरंतर प्रतिस्पर्धा और भविष्य की चिंताओं के बीच विद्यार्थियों ने अत्यधिक मानसिक दबाव का सामना करते हुए परीक्षा दी थी।
- डॉ. आरएस गिरि, मनोवैज्ञानिक


नीट का पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने की घटनाएं विद्यार्थियों में निराशा, असुरक्षा, तनाव, अविश्वास एवं मानसिक थकान की भावना उत्पन्न करती हैं। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से यह स्थिति विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, प्रेरणा तथा भावनात्मक संतुलन को प्रभावित कर सकती हैं। जिम्मेदारों को इसका ख्याल रखना चाहिए।
- शकील गौस


अनेक छात्र-छात्राएँ भविष्य को लेकर चिंता, अनिश्चितता तथा प्रदर्शन संबंधी दबाव का अनुभव कर रहे हैं। इसलिए आवश्यक है कि सरकार, परीक्षा एजेंसियां, अभिभावक एवं शैक्षणिक संस्थान विद्यार्थियों को केवल शैक्षिक नहीं, बल्कि भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक सहयोग भी प्रदान करें।
- अजहर इनायती


परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, तकनीकी सुरक्षा और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों का विश्वास पुनः स्थापित हो सके और वे निष्पक्ष वातावरण में अपने सपनों को साकार कर सकें। पेपर लीक नहीं हो इसका ध्यान जिम्मेदारों को रखना चाहिए।
- डॉ. मुमताज अर्शी


नीट परीक्षा जिसमें लाखों परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी और ऐसे में पेपर का लीक हो जाना नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की बहुत बड़ी लापरवाही को उजागर होती है। पेपर लीक होने से लाखों परीक्षार्थियों की मेहनत को ग्रहण लग जाता है नेशनल टेस्टिंग एजेंसी जैसी परीक्षाओं को लेकर गंभीर नहीं है यह उनकी असफलताओं को दर्शाता है।
- चरन सिंह

अमृत विचार

मुरादाबाद, बुधवार,13 मई 2026 रामपुर

## न्यूज ब्रीफ

### ससुर को लाठी-डंडों से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला साहूकारा निवासी शिफा ने पुलिस को बताया कि सोमवार की शाम उसके पिता मेहंदी हसन घर पर आए थे। आरोप है कि उनके पति आलम, अनीस और राशिद ने उनके साथ गाली-गलौज की। जब मेहंदी हसन वापस लौटने लगे, तो रंजिशन उन्हें रास्ते में ही घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही उन्हें जान से मारने तक की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आलम, अनीस और राशिद के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### उधार के रुपये मांगने पर कारोबारी को धमकी, तहरीर दी

**मसवासी, अमृत विचार :** तहसील स्वार के मोहल्ला काशीपुर निवासी यामीन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया। इसमें बताया कि वह मानपुर उत्तरी में प्लास्टिक और गल्ले का कारोबार करते हैं। बताया कि बिजारखाता निवासी एक व्यक्ति ने करीब पांच वर्ष पहले 25 हजार रुपये उधार लिए थे। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने रुपये वापस मांगे तो आरोपी भड़क गया। आरोप है कि मंगलवार सुबह करीब आठ बजे उधार लेने वाला व्यक्ति और उसके पुत्र ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद कारोबारी को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। कारोबारी ने बताया कि आरोपी पक्ष फोन पर भी लगातार धमकियां दे रहा है और झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कह रहा है। उन्होंने पुलिस से आरोपी पक्ष के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय व्यापारियों ने भी मामले में निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को सुरक्षा दिलाने की मांग की है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**शाहबाद।** ग्राम भौंरकी जदीद के पास दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव निवासी योगेंद्र रिश्तेदार को आसफपुर छोड़कर लौट रहा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में घायल योगेंद्र को परिजन सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है।

**सोना खरीदने में लोगों की दिलचस्पी घटने से कारोबार पर पड़ा असर**

# पीएम की सोना न खरीदने की अपील से बिक्री घटी, ज्वैलर्स दिखे परेशान



सरकार जनता पर तमाम नियम थोपना चाहती है कुछ अपने ऊपर भी लागू करे। तेल कम खाने, सोना नहीं खरीदने की जनता को नसीहत हो रही है। सरकार ने अपने मंत्रियों, सांसदों या विधायकों के खर्च में कटौती की।

**- विनीत अग्रवाल**, उप महामंत्री, श्री सर्राफा एसोसिएशन



एक साल क्या दो साल तक भी सोने को लोग नहीं खरीदते हैं उससे बड़े कारोबारियों पर असर नहीं पड़ेगा लेकिन, इससे जुड़ी लेबर के सामने रोजी-रोटी का संकट आ जाएगा। प्रधानमंत्री की अपील के बाद कारोबार में गिरावट आई है।

**- आशीष रस्तोगी**



प्रधानमंत्री के सोने की खरीद नहीं करने के लिए जनता से अपील कर दी। उनकी अपील का असर हुआ और सोने के कारोबार में गिरावट आई है। प्रधानमंत्री अपने मंत्रियों, सांसदों और मुख्यमंत्रियों पर भी शिकंजा कसें।

**- विशाल रस्तोगी**



कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं सब कुछ समझ बूझ रहे हैं। प्रधानमंत्री की अपील के बाद सोने के कारोबार में गिरावट आई है। इससे सोने के काम में मजदूरी करने वालों के सामने रोजी-रोटी का संकट बढ़ जाएगा।

**- अंशुल रस्तोगी**, जिला अध्यक्ष श्री सर्राफा एसोसिएशन



सरकार सुधर जाए वर्ना जनता उखाड़ कर फेंक देगी। सरकार अपने सांसदों और विधायकों के वेतन बढ़ा रही है उनके भत्तों में कटौती की जानी चाहिए। रोड शो पर करोड़ों रुपये खर्च होते इसे भी देखना चाहिए।

**- अनिल अग्रवाल**, संयोजक श्री सर्राफा एसोसिएशन



सोने का कारोबार कम होने से उससे जुड़े हजारों लोगों के रोजगार पर असर पड़ेगा। उनके घरों में दो वक्त की रोटी भी नहीं बन सकेगी प्रधानमंत्री ने कभी इस बारे में सोचा है। सोने के कारोबार में मजदूरों की भी बड़ी संख्या है।

**- विवेक कुमार रस्तोगी**

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री की एक साल तक सोना नहीं खरीदने की अपील से ज्वैलर्स परेशान हैं, दो टूक बताते हैं कि पीएम की अपील के बाद सोने की बिक्री कम हो गई है। सोना खरीदने में लोगों की दिलचस्पी घटने से कारोबार पर असर पड़ा है। श्री सर्राफा एसोसिएशन के संयोजक अनिल अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के निर्णय से कारोबार पर असर पडे़गा। इससे पूरे देश में सोना कारोबारियों के लिए खराब असर पड़ रहा है।

सोने के काम में आभूषणों पर पालिश, छिलाई, नक्काशी के कारीगरों की आमदनी रोज कमाने की होती है। सोने की खरीद खत्म हो जाने से बड़े कारोबारियों पर असर नहीं पड़ेगा लेकिन, नीचे के कामगारों पर दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल हो जाएगा। श्री सर्राफा एसोसिएशन के संरक्षक कहते हैं सोने की चिड़िया कहलाने वाले देश में सोने की चिड़िया वाले देश में सोना खरीदना बंद होगा ये बेहद गलत है। कहा कि सोना खरीदने से परिवार की इज्जत है यह बुरे वक्त में काम आता है। कहा कि सांसद और विधायकों को पेंशन क्यों दी जा रही है। क्यों रोड शो हो रहे हैं और तेज खर्च किया जा रहा है। कहा कि विधायकों के केजरीवाल ने वेतन बढ़ा दिया इसमें भाजपा भी शामिल है। कहा कि वित्त मंत्री देश का व्यापारी होना चाहिए। कहा कि सरकार सुधर जाए वर्ना उसे उखाड़कर फेंक दिया जाएगा। विनीत अग्रवाल ने कहा कि मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के खर्च में कटौती की जानी चाहिए। कहा कि सरकार जनता पर तमाम तरह शिकंजे कस रही है सबसे पहले नेताओं पर अंकुश लगाएं इसके बाद पब्लिक से कुछ कहने के हकदार हैं।

## संदिग्ध हालात में किशोरी लापता रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचारः** बिलासपुर क्षेत्र के गांव डिबडिबा आश्रम कॉलोनी निवासी महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी पिछले करीब दो महीने से अपने रिश्तेदारों के घर रह रही थी। वहां से अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में वह लापता हो गई। किशोरी की काफी खोजबीन की और रिश्तेदारों के यहां भी पता लगाया, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। महिला ने आरोप लगाया कि मुकेश गुप्ता, रोशन साहनी और सजन साहनी उनकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर अपने साथ ले गए हैं। इन तीनों ने उसे कहीं छिपा कर रखा है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# बार एसोसिएशन से निष्कासित 63 मेंबरों की सदस्यता बहाल

**बार एसोसिएशन रामपुर प्रकरण में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने जारी किए निर्देश**

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने बार एसोसिएशन रामपुर से निष्कासित 63 मेंबरों की सदस्यता बहाल कर दी है। इनमें 42 सदस्य लायर्स एसोसिएशन रामपुर से बार एसोसिएशन के सदस्य हैं और 21 अन्य सदस्य हैं। बहाली के बाद अधिवक्ताओं ने खुशी जाहिर की है और एक दूसरे को मिठाई खिलाई।बार एसोसिएशन रामपुर से जुड़े अधिवक्ता दीपचंद्र गुप्ता व 11 अन्य अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें बताया कि एल्डर्स कमेटी, बार



बहाली के बाद खुशी जताते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

एसोसिएशन रामपुर द्वारा एक आदेश जो एल्डर्स कमेटी के सदस्य सतीश चंद्र व अन्य सदस्यों द्वारा 24 मार्च 2026 को पारित किया गया। इसमें बार एसोसिएशन के 63 सदस्यों की सदस्यता एल्डर्स कमेटी ने समाप्त कर दी है। इसके बाद सभी 63 सदस्यों ने पिछली बार एसोसिएशन रामपुर के सम्मुख प्रार्थना पत्र देकर 4000-4000 बकाया शुल्क व 300-300 रुपये वार्षिक शुल्क बार एसोसिएशन, रामपुर कमेटी के सम्मुख जमा किया और इसके बाद उनकी सदस्यता बहाल कर दी गई थी। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अनुसार एल्डर्स कमेटी को केवल सदस्यों को वोटिंग राइट देने या ना देने का अधिकार था, सदस्यता समाप्त करना असंवैधानिक है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने चेयरमैन एल्डर्स कमेटी सुधीर सरन कपूर व सतीश चंद्र को मामले में 3 सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है, जबकि बार एसोसिएशन रामपुर के अध्यक्ष एवं मंत्री को आदेश की प्राप्ति के 3 दिन के अंदर सभी 63 अधिवक्ताओं की सदस्यता बहाल करने के निर्देश दिए हैं। इस फैसले के बाद बहाल हुए अधिवक्ताओं ने खुशी जताई है और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को बधाई दी है।



यह लड़ाई हमारे मान सम्मान की थी हमने इसको बखूबी निष्पक्षता से लड़ा और इसी की वजह से आज हमारी जीत हुई है।

**- दिलशाद हसन**



हमें बाई लॉज के अनुसार ही बार की सदस्यता ग्रहण कराई गई थी लेकिन राजनीतिवश हमें हमारी सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था।

**- मखदूम अली**



एक लंबे समय तक हमने यह लड़ाई पूरे तन मन से लड़ी जिसकी वजह से आज हमारी जीत हुई है और हमारी सदस्यता से हमें बहाल किया गया है।

**- अबुल हसन**



लड़ाई कठिन थी और संघर्ष भरी भी थी लेकिन हमने हार नहीं मानी और बखूबी पूरे मन से इस लड़ाई को लड़ा जिस कारण आज हमारी जीत हुई है।

**फईम अहमद**

## टोल विवाद में जेल भेजे किसानों को रिहा कराने की मांग

**बिलासपुर, अमृत विचारः** मंगलवार को भाकियू महात्मा टिकैत के जिला महासचिव हरिशंकर यादव के नेतृत्व में नगर में एक बैठक की। जिला महासचिव ने कहा कि बीती 8 मई को बिलारी टोल प्लाजा पर पुलिसकर्मियों द्वारा किसानों के साथ अभद्रता की गई। कहा कि साथ ही उन पर फर्जी प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। कहा कि इस संबंध में संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में डीआईजी मुरादाबाद से मिला था। डीआईजी ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कहा कि प्रशासन को दी गई मोहलत के भीतर यदि किसानों को रिहा नहीं किया गया और दोषी पुलिसकर्मियों व टोल कर्मियों पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन रणनीति बनाकर बड़े स्तर पर प्रदर्शन शुरू करेगा। इस दौरान राजेश कुमार, राजेंद्र कुमार, जानकी देवी, लक्ष्मी देवी, सरिता देवी, लाजवंती, रानी, कुसुम देवी, जितेंद्र कुमार, महमूद अली, रिजवान अली आदि किसान मौजूद रहे।

## प्रांतीय सम्मेलन को लेकर सौंपी गईं जिम्मेदारियां



उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की बैठक में बोलते पूर्व जिला संरक्षक प्रेमनरेश वाल्मीकि।

**बिलासपुर, अमृत विचारः** मंगलवार को मोहल्ला कायस्थान स्थित प्रीत कॉलोनी में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की बैठक हुई। संगठन के पूर्व जिला संरक्षक प्रेमनरेश वाल्मीकि ने अध्यक्षता की। जिसमें आगामी 19 मई को जिला मुख्यालय पर होने वाले प्रांतीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की।

पूर्व जिला संरक्षक ने कहा कि आगामी 19 मई को जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में मुख्यातिथि संघ के प्रदेशाध्यक्ष महेश काजू, उत्तराखंड सरकार के राज्यमंत्री एवं उपाध्यक्ष, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग भगवत प्रसाद मकवाना, एससी-एसटी आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे आदि रहेंगे। जबकि वशिष्ठ अतिथि सफाई कर्मचारी आयोग उत्तराखंड के सदस्य नितिन चरन वाल्मीकि, समाज कल्याण विभाग उत्तराखंड के सदस्य अश्वनी कुमार मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भावाधस के राष्ट्रीय निर्देशक लल्ला बाबू द्राविड़ एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ वाल्मीकि करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है। इस मौके पर अनिल राज, अमरनाथ वाल्मीकि, राकेश सिधवासी, आनंद प्रकाश वाल्मीकि, विक्की राज, मनोज आदि मौजूद रहे।

## धर्मपुरा गांव में मस्जिद के निर्माण पर आपत्ति, कार्य रुकवाया

**मिलक, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मपुरा के लोगों ने क्षेत्राधिकारी मिलक को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें गांव में मस्जिद को बिना अनुमति डबल स्टोरी बनाने का आरोप है। ग्रामीणों ने मस्जिद के निर्माण की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पुरानी मस्जिद को बिना अनुमति तोड़कर डबल आकार में डबल स्टोरी बनाया जा रहा है, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बन सकती है। ग्रामीणों ने कहा है कि मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बिना परमिशन पुरानी मस्जिद को तोड़कर उसका आकार डबल कर दिया है। ऊपर सरिया व पिलर बनाकर डबल स्टोरी का निर्माण शुरू कर दिया है, जबकि पुरानी मस्जिद का आकार इससे आधा था और ऊपर कोई डबल स्टोरी नहीं थी। इसकी तस्दीक ग्राम धर्मपुरा में घरौनी के लिए किए गए ड्रोन सर्वे के समय खींचे गए फोटो में मौजूद है। इसके दस्तावेज तहसील में भी हैं। मस्जिद के अवैध निर्माण से गांव के हिन्दू समुदाय के लोगों में तनाव व्याप्त है, जिससे गांव में कभी भी मुस्लिम एवं हिन्दू समुदाय के लोगों में अशांति फैल सकती है और कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। प्रार्थना पत्र पर विनोद पटेल, राहुल गंगवार, हेमंत कुमार, गोपाल सिंह, मोहर सिंह, अतेंद्र सिंह, मुनीष, लक्ष्य वीर आदि के हस्ताक्षर हैं। क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार ने बताया कि मामला संज्ञान में है और निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सपा सांसद के कार्यालय पर प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित न होने दिए जाने के विरोध में दूसरे दिन स्वार विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं व अन्य कार्यकर्ताओं ने हजरतपुर स्थित सपा सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी के कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया।

महिलाओं ने एकजुट होकर नारी सम्मान, महिला अधिकारों एवं महिला सशक्तिकरण के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। विधानसभा प्रभारी सुभाष भटनागर एवं सह प्रभारी दिलीप अरोड़ा ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा यह विषय देश की आधी आबादी की आवाज है। भाजपा सदैव महिलाओं के अधिकारों एवं सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रही है। ब्लॉक प्रमुख हरीबाला ने कहा कि महिलाएं अब जागरूक हो चुकी हैं



सपा सांसद के आवास के सामने धरना प्रदर्शन करतीं महिलाएं व अन्य कार्यकर्ता।

● **महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर जताया विरोध**

और वे उन राजनीतिक दलों को कभी माफ नहीं करेंगी जो महिला आरक्षण और महिला सम्मान के मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। भाजपा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी तथा मातृशक्ति के अधिकारों पर कोई समझौता नहीं होने दिया जाएगा। नारी शक्ति वंदन अभियान की जिला संयोजक पारुल अग्रवाल, सह संयोजक श्वेता शर्मा, स्वार विधानसभा की संयोजक एवं भाजपा जिला मंत्री अमृता रंधावा, वरिष्ठ नेत्री शकुंतला लोधी, डोली रंधावा, हेमलता मौर्य, पूनम मौर्य, केसर मौर्य, पूजा शर्मा, मनु सक्सेना, मसवासी की नामित सभासद रामबाला, सुमन देवी, आशा देवी, पूनम देवी, हिरदेश्वती, जमुना देवी, पूनम सैनी, शकुंतला सैनी, रामदेव सैनी, वंदना शर्मा, विधानसभा संयोजक पवन कुमार, सहसंयोजक पंकज सैनी, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर आदि रहे।

## न्यूज डायरी

### चोरी की दो बाइकों के साथ दो गिरफ्तार



**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी की दो बाइकों समेत दो चोरों को गिरफ्तार किया। साथ ही चोरों के कब्जे से एक तमंचा, एक चाकू बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि बीते सोमवार की रात पुलिस ने क्षेत्र में गांव चन्देन मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग को लेकर अभियान चलाया। इसी बीच मुखबिर द्वारा सूचना मिली, कि दो युवक चोरी की दो बाइकों पर सवार होकर जा रहे हैं। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर दोनों युवकों को दबोच लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान फुरकान निवासी मोहल्ला शीरी मियां और राघव चौधरी निवासी चड्ढा पेपर मिल के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर फुरकान के पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा व कारतूस तथा राघव के पास से एक चाकू बरामद हुआ। बरामद की गई दोनों बाइकें बिना नंबर प्लेट की हैं और जांच में सामने आया है कि इन्हें यह बाइकें उत्तराखंड से चोरी की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।



### व्हाइटहाल स्कूल में बच्चों का दंत परीक्षण कराया

**रामपुर, अमृत विचार :** व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को मदद-एक आस संस्था एवं दीप डेंटल क्लिनिक द्वारा रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। दीप डेंटल क्लीनिक के डॉ. विक्रम दीप सिंह एवं डॉ. दीपाली जैन ने बच्चों एवं अभिभावकों के दांतों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया। बच्चों को समय-समय पर ब्रश करने एवं संतुलित आहार लेने से संबंधित जानकारी भी दी। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगो ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। आई चेकअप शिविर में नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंखों की जांच की गई तथा जरूरतमंदों को मुफ्त परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की गईं। विद्यालय प्रबंधन ने संस्था एवं चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




### नीलावेणी कृष्णा स्कूल में धूमधाम से मनाया नर्सिंग दिवस

**रामपुर, अमृत विचार :** बरेली हाईवे स्थित नीलावेणी कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय दिवस धूमधाम से मनाया। छात्र-छात्राओं ने नाइटिंगेल के संघर्ष और चिकित्सा क्षेत्र में किये अभूतपूर्व प्रयासों की सराहना की। फलोरेंस नाइटिंगेल के बताए आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। मानव सेवा को सर्वोपरि बताया और समाज के काम अपने आप को समर्पित किया जाए। एक नाटक का मंचन किया और समाज में चिकित्सा के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने पर चर्चा हुई। इस दौरान प्राचार्या हिना गुप्ता, संग्राम सिंह राना, विनय कुमार तिवारी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### विद्यार्थियों से पुस्तकों को सच्चा दोस्त बनाने का आह्वान



**मसवासी, अमृत विचार :** मंगलवार को क्षेत्र के शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल में 11 और 12 मई को दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन हुआ। मेले में विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक, साहित्यिक और बाल पुस्तकों का आकर्षक संग्रह प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ मेले का अवलोकन कर अपनी रुचि की पुस्तकों की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के चेयरमैन संसार सिंह और प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र होती हैं और जीवन में सफलता हासिल करने के लिए पढ़ने की आदत बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। दो दिनों तक चले इस पुस्तक मेले में विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों और शिक्षकों की भी सक्रिय सहभागिता रही। विद्यालय प्रबंधन ने आयोजन को विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।

# रजा लाइब्रेरी में मां सरस्वती और नटराज की प्रतिमा लगाने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र को विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपा। मांग है कि लाइब्रेरी के मुख्य प्रवेश द्वार पर स्थित विशाल कक्ष में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती तथा भारतीय कला एवं संस्कृति के प्रतीक भगवान नटराज की प्रतिमाएं स्थापित कराई जाएं।

लाइब्रेरी निदेशक ने कहा कि शुभ मुहूर्त निर्धारित कर उनकी स्थापना सुनिश्चित की जाएगी। जो परिकल्पना नवाबों ने की थी, वह बहुसांस्कृतिक, बहुविषयक और बहुभाषिक दृष्टि पर आधारित थी। इस भवन की आठ मीनारें हैं। एक भाग मस्जिद की स्थापत्य शैली का प्रतीक है, दूसरा गिरिजाघर का, तीसरा गुरुद्वारे का तथा



रजा लाइब्रेरी के निदेशक को ज्ञापन सौंपते विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

● **सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने लाइब्रेरी निदेशक को सौंपा ज्ञापन**

चौथा मंदिर की संरचना का स्वरूप प्रस्तुत करता है। यह इसका प्रमाण है कि लाइब्रेरी सदैव सभी धर्मों, मतों और संस्कृतियों के सम्मान एवं समन्वय का केंद्र रहा है। हमारा उद्देश्य है कि इन सभी विसंगतियों को समाप्त करते हुए पूरे रामपुर में सौहार्द, पारस्परिक प्रेम और सांस्कृतिक समन्वय की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। मां सरस्वती विद्या एवं ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती हैं, इसलिए उनकी प्रतिमा की स्थापना रजा लाइब्रेरी की विश्वदृष्टि तथा ज्ञान परंपरा के पूर्णतः अनुरूप है। इसी प्रकार नटराज भारतीय कला और संस्कृति के सर्वोच्च प्रतीकों में से एक हैं। ज्ञापन देने वालों में भारत भूषण गुप्ता, श्रीश गुप्ता, डॉ. मुनीश चन्द्र शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, वीरेंद्र गर्ग, सुनील कुमार गोयल, सुनील कुमार अग्रवाल,आरके अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# 10 लाख व कार न मिलने पर विवाहिता को निकाला

**बिलासपुर, अमृत विचारः** दहेज में दस लाख रुपये और कार न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत पांच व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की हैं।

थाना खजुरिया क्षेत्र के गांव बमनपुरा निवासी करीना बी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि पांच साल पहले उसका विवाह केमरी क्षेत्र के गांव हींगा नगला निवासी मुसीन खां के साथ हुआ था।

महिला ने बताया कि उसके मायके वालों द्वारा विवाह में हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। जिससे ससुराल वाले खुश नहीं थे और दहेज में कार तथा दस लाख रुपये की मांग

● **पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

● **पुलिस विवेचना के बाद करेगी सख्त कार्रवाई**

करने लगे। जिसको लेकर ससुराल वाले आए दिन उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

महिला द्वारा मायके वालों को अवगत कराने पर पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इस पर थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया महिला की तहरीर पर मुसीन खां, मोईन खां, रुखसार, महफूज, जरीना के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. राजीव शुक्ला अध्यक्ष व कपिल सिंघल संयोजक बने

**गजरौला, अमृत विचार :** श्रीश्याम मित्र मंडल पदाधिकारियों की बैठक सोमवार रात स्थानीय शुक्ला मार्केट शुक्लपुरी में आयोजित हुई। नौवीं बार डॉ. राजीव शुक्ला एडवोकेट को संगठन का अध्यक्ष व कपिल सिंघल को महासचिव, अनुज अग्रवाल व आयुष जिंदल को प्रबंधक, वीरेंद्र सिंह देवल, विपिन सागर, नगर पालिका सभासद पति दिवेश शर्मा, सौरभ वर्मा, एसबी त्रिपाठी को उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार, अंकुर वर्मा, प्रमोद शर्मा, मनोज शर्मा, रोहित बंसल, अंकित अग्रवाल, राजीव राजपूत, सचिन होशियार सिंह, अरविंद सभासद, नीलक्ष, शलभ को सहसंयोजक, राजीव सिंघल को कोषाध्यक्ष व शुभम सिंघल को सह कोषाध्यक्ष चुना गया। प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी महेश प्रधान, विधिक सलाहकार डॉ. रवीन्द्र शुक्ला, राकेश चौहान, विशाल वर्मा, शिवांग सिंघल, चरण पादुका सेवा अनुराग शर्मा, निश्चल शर्मा को झांकी व्यवस्था, यश बंसल, हर्ष शर्मा, हरि सिंघल, मंच संचालन की जिम्मेदारी पंकज शर्मा को सौंपी।

### घर में घुसकर मारपीट युवती घायल

**बुरावली, अमृत विचार :** मकान पर गेट लगाने को लेकर एक पक्ष दूसरे पक्ष के घर पर हमला कर दिया। घर में घुसकर महिलाओं व युवती से गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर इस मामले की किसी ने वीडियो बना ली। वीडियो में हमलावर मारपीट व गाली गलौच और पथराव करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। बताया जा रहा है कि जुनैद अहमद निवासी बुरावली का मुदस्सिर पुत्र फारूक जलील निवासी बुरावली से मकान का गेट लगाने को लेकर विवाद चल रहा है। इरम पुत्री जुनैद अहमद का आरोप है कि वह अपने घर पर गेट लगवा रहे थे। घर का निजी रास्ता भी है। घर के कागजात भी मौजूद हैं। जबकि दूसरा पक्ष मुदस्सिर पुत्र फारूक जलील उस रास्ता को अपना बताते हुए दबंगी दिखा रहा है। इरम का आरोप है कि जब अपना गेट लगा रहे थे तब मुदस्सिर पुत्र फारूक जलील व फैजान पुत्र मुदस्सिर निवासी बुरावली व इनका रिश्तेदार दानिश निवासी हसनपुर अपने हथियार लेकर घर में घुस आए। गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। दबंगों ने इरम पुत्री जुनैद अहमद को पीटकर घायल कर दिया। जिससे इरम के गंभीर चोट आई हैं। मामले की तहरीर थाना रहरा पुलिस को दे दी गई है।

# आंधी-बारिश से चरमराई बिजली व्यवस्था

## शहर से गांव तक घंटों गुल रही सप्लाई, खंभे टूटने पर बिजली विभाग ने सुधार कार्य शुरू किया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** मंगलवार सुबह आई तेज आंधी और बारिश ने जिले की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। मौसम बिगड़ते ही शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कई स्थानों पर पेड़ गिरने और बिजली के खंभे टूटने से लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे लोगों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा। विभाग के अनुसार आंधी में बड़ी संख्या में बिजली के खंभे टूटे हैं और लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

मंगलवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे अचानक मौसम बदल गया। आसमान में घने काले बादल छा गए और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। हालात ऐसे हो गए कि दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल बन गया। सुरक्षा की दृष्टि से बिजली विभाग ने कई क्षेत्रों की सप्लाई पहले ही बंद कर दी थी, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो सके। आंधी के दौरान जिलेभर में बड़ी संख्या में बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। कई जगहों पर पेड़ बिजली लाइनों पर गिर पड़े, जिससे आपूर्ति बाधित हो गई। ब्लड बैंक के पास लाइन पर पेड़ गिरने से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था प्रभावित रही, जबकि कचहरी परिसर के यार्ड में पेड़ गिरने से वहां की सप्लाई भी बाधित हो गई। कलक्ट्रेट बिजलीघर से जुड़ी सप्लाई करीब छह घंटे तक बंद रही। इसका असर कलक्ट्रेट, न्यायालय और अस्पताल की बिजली व्यवस्था पर भी पड़ा। बिजली विभाग की टीमों ने युद्धस्तर पर काम करते हुए अस्पताल और कचहरी की आपूर्ति दोपहर तक बहाल कर दी, जबकि कलक्ट्रेट क्षेत्र में बिजली दोपहर बाद सुचारु हो सकी। शहर के सुबोधनगर, पुष्करनगर, बदावाला और जोया रोड समेत कई इलाकों में सुबह से बंद हुई बिजली देर शाम तक बहाल हो पाई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात खराब रहे। फाजलपुर, बरखेड़ा सादात, मंडी समिति क्षेत्र, अतरासी रोड और अकबरपुर पट्टी में बिजली के खंभे टूटने से सप्लाई बाधित रही। गुलड़िया बिजलीघर से जुड़े कई इलाकों में मंगलवार शाम तक मरम्मत कार्य जारी रहा। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षतिग्रस्त लाइनों और टूटे खंभों को बदलने का काम तेजी से कराया जा रहा है। विभाग की कई टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में लगाई गई हैं, ताकि जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था सामान्य की जा सके।



सुबह को हुई बारिश में लाइट जलाकर निकलते वाहन चालक। ● अमृत विचार



बारिश से जलभराव। ● अमृत विचार

# दुष्कर्म पीड़िता के भाई ने फंदा लगाकर जान दी

कार्यकाल संवाददाता अमरोहा

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजकर शुरू की जांच

**अमृत विचार :** जिले के एक गांव में दुष्कर्म के मुकदमे से जुड़े परिवार में उस समय मातम छा गया, जब पीड़िता के 22 वर्षीय भाई ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में भी सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी।

बताया जा रहा है कि गांव निवासी युवती ने दो दिन पहले पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव को शिकायती पत्र देकर गांव के ही युवक फहीम पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। युवती का कहना था कि कुछ दिन पहले वह गांव के अड्डे पर अमरोहा आने के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान आरोपी युवक उसे बाइक से शहर छोड़ने के बहाने अपने साथ ले गया। आरोप है कि रास्ते में उसे नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी हालत बिगाड़ दी और बाद में एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया था और उसी के आधार पर उसे ब्लैकमेल कर कई बार यौन शोषण किया। यहां तक कि परिजनों की गैरमौजूदगी में घर में घुसकर भी आरोपी ने दुष्कर्म किया। मामले में एसपी के निर्देश पर थाना पुलिस ने रविवार को आरोपी फहीम के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इसी बीच सोमवार सुबह पीड़िता का भाई घर से निकला था। कुछ देर बाद वह वापस लौटा और अपने कमरे में चला गया। काफी देर तक कमरे से कोई हलचल न होने पर परिजनों ने आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो युवक का शव फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र यादव जांच की।

# जुबिलेंट कॉलोनी में हुई चोरी का खुलासा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** गजरौला स्थित जुबिलेंट फैक्ट्री की आवासीय कॉलोनी में हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गजरौला पुलिस और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में अंतरराज्यीय चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 24 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। गिरोह के दो अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

यह चोरी की घटना 27 अप्रैल को जुबिलेंट फैक्ट्री परिसर के अंदर स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी में हुई थी। घटना के बाद से पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। पुलिस टीम ने सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश निवासी सुरेश पुत्र भीकू को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। एसपी लखन सिंह यादव ने बताया कि गिरोह सुनियोजित तरीके से पॉश कॉलोनियों को निशाना बनाता था। आरोपी पहले बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे और फिर मौका मिलने पर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। खासतौर पर सप्ताहांत के दौरान खाली रहने वाले घर इनके निशाने पर रहते थे। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने प्रेसवार्ता में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गिरोह अमरोहा समेत आसपास के जिलों में सक्रिय था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए गए हैं। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है और जल्द ही उन्हें भी पकड़ लिया जाएगा। सीओ अंजलि कटारिया के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। मामले के सफल खुलासे पर पुलिस अधीक्षक ने टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



चोरी की घटना का खुलासा करते एसपी लखन सिंह। ● अमृत विचार

- मध्य प्रदेश का आरोपी गिरफ्तार 24 लाख के जेवर बरामद

# केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्टस एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार:** नगर केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्टस एसोसिएशन ने मंगलवार को राष्ट्रीय आह्वान पर गाव करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय के प्रांगण में अध्यक्ष संदीप कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में एकत्र हुए और अपनी मांगों से संबंधित उप जिला अधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार मनोज कुमार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि देशभर में 12.40लाख से अधिक केमिस्ट्स है, उन्होंने मांग करते हुए कहा कि 28/8/2018 की अधिसूचना वापसी हो, इसी के साथ उन्होंने मांग करते हुए कहा कि ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाई जाए। कहा कि अपनी मांगे पूर्ण करने के लिए 26 मई को पूरे देश में एकदिवसीय मेडिकल बंद रखे जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, महामंत्री अरविंद गुप्ता, अनुज अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल आदि रहे।

# एआई से बना फोटो वायरल करने के विरोध पर दो पक्षों में विवाद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- पुलिस पर पीड़ित पक्ष को ही पीटने का लगा आरोप
- नौगांवा सादात क्षेत्र में मारपीट के बाद एसपी से शिकायत

**अमृत विचार :** नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव मुनीमपुर उर्फ मुनीमनगर में एआई से फोटो बनाकर वायरल करने के विरोध में विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट और पुलिस कार्रवाई को लेकर नया बवाल खड़ा हो गया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर घर में घुसकर महिलाओं समेत परिवार के लोगों से मारपीट करने, अभद्र व्यवहार करने और आरोपियों पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत एसपी से की गई है।

गांव निवासी राजेश ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी 14 वर्षीय भतीजी की एआई के माध्यम से फोटो बनाकर गांव के दीपक ने वायरल कर दी थी। इसकी जानकारी उसके बेटे रोहित और भतीजे मोहित ने दी। आरोप है कि जब इस संबंध में दीपक के परिवार से शिकायत की गई तो रंजिश मान ली गई। पीड़ित के मुताबिक सोमवार की शाम करीब साढ़े छह बजे उसका बेटा रोहित और भतीजा मोहित खेत से घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के दीपक, प्रिंस, रामकुवर, संजीव और राजेंद्र ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। रोहित के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि मोहित की पीठ पर भी गहरे घाव बताए गए हैं। घायल दोनों युवकों को घर लाने के कुछ देर बाद आरोपी पक्ष के लोग गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए और परिवार के लोगों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे ग्रामीणों के साथ भी अभद्रता की गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उल्टा उनके परिवार के लोगों को ही पीटा। आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी घर में घुस गए और महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। बाद में कुछ लोगों को थाने ले जाकर कई घंटे तक बैठाए रखा गया। राजेश का कहना है कि गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस ने आरोपी पक्ष पर कोई कार्रवाई नहीं की। मामले में घर में घुसे पुलिसकर्मियों का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने एसपी से मिलकर निष्पक्ष जांच कराने, आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। मामले की जांच सीओ नौगांवा को सौंपी गई है।

# गंगा एक्सप्रेसवे के अंडरपास में जलभराव

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेसवे के अंडरपास से जल निकासी की व्यवस्था न होने से जलभराव की समस्या बनी हुई है। किसानों के साथ ही ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि तहसील क्षेत्र के 25 गांवों से होकर गुजर रहे गंगा एक्सप्रेसवे का अंडरपास मंगरौला के नजदीक बना हुआ है। इस अंडरपास से मंगरौला व दौलतपुर कला के ग्रामीणों का आवागमन होता है। हल्की बूंदाबांदी में भी अंडरपास पानी से भर जाता है। इसकी वजह जल निकासी की व्यवस्था न होना बताया जा रहा है, जिसके चलते दोनों गांवों का संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। तमाम ग्रामीणों व किसानों को प्रतिदिन अंडरपास से होकर गुजरना पड़ता है। एक-दूसरे गांव में शिक्षा ग्रहण करने जाने वाले स्कूली बच्चे भी जल भराव से होकर गुजरते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अंडरपास बहुत नीचा बनाया गया है। चारों तरफ से पानी के साथ मिट्टी आने से यहां कीचड़ जमा हो जाती है, जिससे दलदल भी हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि गंगा एक्सप्रेसवे पर लगभग सभी जगह अंडरपास नीचे बना दिए गए हैं, जिसकी वजह से बरसात में पानी भरने से लोग परेशान हो रहे हैं। मंगरौला गांव निवासी सुनील कुमार, काविंद्र व पुष्पेंद्र कुमार का कहना है कि गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण करने वाली कंपनी के अधिकारियों से जलभराव की समस्याओं को बताया गया था लेकिन, उन्होंने निराकरण का कोई उपाय नहीं किया। जिसका खामियाजा दोनों गांवों के करीब पांच हजार लोगों को भुगतना पड़ रहा है। यूपीडा के एक्सईएन राकेश कुमार मोगा से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता के बाद अंडरपास के जल भराव की समस्या का समाधान कराया जाएगा। जल निकासी का समुचित इंतजाम होने से समस्या से स्थाई रूप से मुक्ति मिल जाएगी।



अंडरपास में जल भराव। ● अमृत विचार

- ग्रामीणों ने अधिकारियों से समाधान की गुहार लगाई

# श्रीमद् भागवत कथा में किया ध्रुव चरित्र का वर्णन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव उधनपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का लखन सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक देव कृष्ण महाराज ने प्रवचन करते हुए बताया की राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव को अपनी सौतेली माता सुरुचि के द्वारा अपमानित किया गया। जब वह अपने पिता की गोद में बैठना चाहते थे तो सौतेली माता के कठोर वचनों ने बालक ध्रुव के हृदय को आहत कर दिया। दुखी होकर जब धुर्व अपनी माता सुनीति के पास पहुंचे तब माता ने उन्हें भगवान की शरण में जाने का मार्ग बताया। माता के उपदेश से प्रेरित होकर मात्र पांच वर्ष की आयु में ध्रुव वन की ओर निकल पड़े। मार्ग में देव ऋषि नारद मुनि ने ध्रुव को समझने का प्रयास किया लेकिन ध्रुव के अटल संकल्प को देखकर उन्हें ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का उपदेश दिया। इसके बाद धुर्व ने कठोर तपस्या आरंभ की उनकी तपस्या इतनी कठिन थी कि तीनों लोक विचलित हो उठे। अंततः भगवान विष्णु स्वयं प्रकट हुए भगवान ने ध्रुव को दर्शन देकर उन्हें अटल पथ प्रदान किया जो आज ध्रुव तारे के रूप में आकाश में स्थित है। महाराज ने कहा कि ध्रुव प्रसंग हमें यह संदेश देता है कि जीवन में कितनी भी बाधाएं हैं यदि व्यक्ति के भीतर दृढ़ निश्चय भक्ति और विश्वास हो तो वह परम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।



कथा सुनाते कथा व्यास।

## न्यूज डायरी



### बड़े मंगल पर भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**अमरोहा, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले बड़े मंगल के अवसर पर नगर पालिका परिषद की ओर से शहर के बंबूगढ़ चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दूसरे बड़े मंगल पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और देर शाम तक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंगलवार को भंडारे का शुभारंभ नगर पालिका परिषद अमरोहा की अध्यक्ष शशि जैन और ईओ डॉ बृजेश कुमार सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। इस दौरान पालिका के सभासद, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। पूजा के बाद हनुमान जी के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण शुरू किया गया। कार्यक्रम में नगर के राजनीतिक, व्यापारिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु भंडारे में पहुंचे तथा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



### एक माह से ठप पड़ी पेयजल आपूर्ति, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** ब्लाक क्षेत्र के गांव भदौरा में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जल आपूर्ति की जा रही थी। जिनके घरों में समर सेविल या विद्युत कनेक्शन नहीं है उन्हें पेय जल आपूर्ति का लाभ मिल रहा था। पहले ये लोग सरकारी नलों से पानी पीने का काम करते थे लेकिन अब सरकारी नलों की जरूरत न होने से वे ठप हो गए हैं। पिछले एक माह से जल आपूर्ति तकनीकी खराबी के कारण ठप पड़ी हुई है। जरूरत मंद गरीब लोगों को दूसरे लोगों के घरों से पानी मांगकर लाना पड़ रहा है। जिससे जहां एक ओर आम आदमी पीने के पानी के लिए परेशान है। वहीं पशुओं के लिए दूर दराज से पानी ढोने के लिए विवश हैं। कई बार जिम्मेदारों से इस समस्या की शिकायत की जा चुकी है। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।सभी ने एक स्वर से अतिशीघ्र तकनीकी खराबी दूर करके जल आपूर्ति सुचारु करने की मांग की। नाराज ग्रामीणों ने गांव में ही जोरदार प्रदर्शन किया।इस अवसर पर राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा,अजहरुद्दीन सैफी, लाखन सिंह, होशियार अली, लोचन सिंह आदि रहे।

# रुखालू में गंदगी-जलभराव के बीच होकर गुजरी बरात

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में हो रही गंदगी एवं जल भराव के बीच होकर बारात गुजरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वही वीडियो वायरल होने से जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की पोल खोल नजर आ रही है।

मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया के खड़गवंशी व्हाट्सएप ग्रुप पर एक वीडियो वायरल हुई। वायरल वीडियो में गंदगी एवं जल भराव के बीच बारात होकर गुजरती दिखाई दे रही है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है की वायरल वीडियो हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रुखालू का है। ग्राम रुखालू के एक मार्ग पर गंदगी एवं जल भराव होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि गांव में 2 दिन पूर्व बारात आई थी जो गंदगी एवं जल भराव के बीच होकर गुजरी। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी रोष व्याप्त है, वहीं ग्रामीणों ने अधिकारियों से समस्या का समाधान करने की मांग की है।



जल भराव में से होकर गुजरती बारात।

# खेत पर कब्जे का विरोध करने पर हमला

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव सिरसा मोहन में रातों रात जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की गई। आरोप है कि दबंग ट्रैक्टर, लाठी-डंडों और अवैध हथियारों के साथ खेत में पहुंचे और फसल रौंदते हुए खेत जोतना शुरू कर दिया। विरोध करने पर पीड़ित परिवार के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक अवैध रायफल बरामद की है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

गांव निवासी देवराज सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह के मुताबिक सोमवार देर शाम वह अपने खेत में ईख की खुदाई कर रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग ट्रैक्टर लेकर खेत पर पहुंच गए। आरोप है कि दबंगों ने खेत में खड़ी और बोई गई फसल को रौंदते हुए जबरन खेत जोतना शुरू कर दिया। देवराज सिंह ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी आक्रामक हो गए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज करते हुए देवराज सिंह और उनके परिवार के साथ मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों में शामिल प्रमोद बिना लाइसेंस की रायफल लेकर मौके पर मौजूद था, जबकि उसके बेटे प्रियांशु और वृतिक हाथों में देशी तमंचे लेकर धमकी दे रहे थे। आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना मिलते ही डिडौली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके की तलाशी के दौरान एक अवैध रायफल बरामद कर ली। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद बालियान ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दो आरोपियों विनोद व प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार



### भाजपा नेताओं ने नगर पालिका चेयरमैन के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को हसनपुर नगर की राजनीति में काफी हलचल रही क्योंकि भाजपा पदाधिकारियों द्वारा एकत्र होकर उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष हसनपुर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नगर के रहरा बस स्टैंड चौराहे के निकट स्थित सब्जी मंडी की दुकान गलत तरीके से आवंटन करने का आरोप लगाया। वहीं उप जिलाधिकारी द्वारा भाजपाइयों द्वारा ज्ञापन देने के बाद तुरंत पुरानी सब्जी मंडी का मौका मुआयना किया और लेखपाल को बुलाकर पूरा नक्शा समझा। ज्ञापन देने वालों में भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, पवन राज, अंकुर अग्रवाल, पौरुष अग्रवाल, मनोज गोयल एवं आम्रपाली गुर्जर मौजूद रहे। वहीं उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय द्वारा बताया गया कि ज्ञापन प्राप्त हुआ है, मौका मुआयना किया गया, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी।



### एफसीसी क्रिकेट क्लब ने डॉन क्रिकेट क्लब को हराया

**सैदनगली, अमृत विचार :** उझारी हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्ला अलैह के ग्राउंड पर चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच एफसीसी क्रिकेट क्लब एवं डॉन क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। डॉन क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। डॉन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 189 रन का लक्ष्य दिया। यह मैच 16-16 ओवरों का खेला गया। जिसमें प्रीति बॉलर ने चार ओवर डालें एफसीसी क्रिकेट क्लब ने पीछा करते हुए 190 रन बनाकर कर कप्तान शोएब रैना ने अच्छी पारी खेल कर अपनी टीम को जीत हासिल कराई। मेन ऑफ द मैच मैन शोएब रैना रहे। बेस्ट बॉलर अदनान बेली रहे। मुख्य अतिथि चौधरी फहीमुद्दीन ने कप्तान शोएब रैना को जीत की बधाई देते हुए विजेता टीम को 20000 का पुरस्कार और ट्रॉफी देकर और सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप हाजी बब्बन, इस्हाक़ उर्फ छोटे, आदिल चौधरी, चौधरी सोहेल, चौधरी नसर, आदि कॉमेटी के सदस्य चौधरी जक्वान, फैसल देसलान, अकिल चौधरी, डॉक्टर इसरार आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### महाराणा प्रताप शोभायात्रा के सहयोगियों का सम्मान

**संभल, अमृत विचार :** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जन्मोत्सव पर नौ मई को आयोजित शोभायात्रा के सफल आयोजन के बाद संगठन की और से भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह सहित सहयोग करने वाले सम्मानित व्यक्तियों, समाजसेवियों और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। महाराणा प्रताप शौर्य ट्रस्ट अध्यक्ष इंजीनियर अमित पवार, सचिन राजा ठाकुर, सिद्धांत ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारियों ने सभी सहयोगियों को स्मृति चिह्न एवं सम्मान पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के सहयोग, मार्गदर्शन और आशीर्वाद से कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं सफल बन सका। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, समाजसेवी, व्यापारी, महिलाएं और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दो के कार्यक्षेत्र बदले कुलदीप बने सीओ संभल

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने दो पुलिस क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जारी आदेश के अनुसार असमोली सर्कल के पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार को अब संभल का पुलिस क्षेत्राधिकारी नियुक्त किया गया है। कुलदीप कुमार संभल सर्किल का कार्यभार संभालने के साथ–साथ पुलिस लाइन, प्रशिक्षण और थाना साइबर क्राइम के कार्यों का भी पर्यवेक्षण करेंगे। गौरतलब है कि आलोक कुमार भाटी के तबादले के बाद से संभल सर्किल का पद खाली चल रहा था। वहीं बहजोई के क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह को असमोली सर्किल का पुलिस क्षेत्राधिकारी बनाया गया है। वह असमोली क्षेत्र के साथ अपराध शाखा के कार्यों का भी पर्यवेक्षण करेंगे।

### पंचायत सहायक, सचिव पर कार्रवाई के निर्देश

**संभल, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत गंगावास में कार्यों में लापरवाही की शिकायतों पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने सख्ती दिखाई है। पंचायत सहायक अंशु यादव पर आयुष्मान कार्ड, फॉर्मर रजिस्ट्री और फैमिली आईडी न बनाने तथा पंचायत घर पर नियमित उपस्थित न रहने के आरोप लगे हैं। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं तहसील स्तर के कैंप में अनुपस्थित रहने पर ग्राम सचिव वरन सिंह के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि फॉर्मर रजिस्ट्री और अन्य कार्यों की प्रगति के आधार पर ही सचिव का वेतन और पंचायत सहायक का मानदेय जारी किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि कैंप में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।

### भैंस ने निगल लिया पांच फीट लंबा सांप

**सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव रायपुर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। गांव निवासी मुन्नी सिंह की भैंस ने सोमवार को जंगल में चरते समय करीब पांच फीट लंबे सांप को निगल लिया। घटना की जानकारी उस समय किसी को नहीं हो सकी, लेकिन अगले दिन जब सांप भैंस के गोबर में मृत अवस्था में बाहर निकला तो ग्रामीण दंग रह गए। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सांप निगलने के बाद भैंस की तबीयत बिगड़ गई, जिसके चलते पशु चिकित्सक को बुलाकर उसका उपचार कराया गया।

# धमाके से फिर दहला इशाकपुर, खंडहर बना मलबा

## तेज धमाके से मकान की ईंटें हवा में उछलकर दूर-दूर तक जा गिरीं, आसपास के मकानों की दीवारें तक हिल गईं

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- कई घरों की दीवीरों में दरारें पड़ीं खिड़कियों के शीशे टूट गए
- धमाके के बाद उठीं ऊंची आग की लपटों में चार पशु झुलसे

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव इशाकपुर में मंगलवार सुबह भीषण धमाके से पूरा गांव दहल उठा। खंडहरनुमा मकान में हुए तेज विस्फोट की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। धमाका इतना जबरदस्त था कि मकान की ईंटें हवा में उछलकर दूर-दूर तक जा गिरीं और आसपास के मकानों की दीवारें तक हिल गईं। धमाके के बाद उठे धुएं के गुबार से कुछ देर के लिए पूरे इलाके में अंधेरा सा छा गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में श्यौराज निवासी मुबारपुर, जिला बुलंदशहर का मकान पिछले करीब चार वर्षों से बंद और खंडहरनुमा हालत में पड़ा हुआ था। मंगलवार सुबह अचानक उसी मकान में तेज धमाका हो गया। विस्फोट के साथ जोरदार आवाज हुई और मकान का बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा। लोगों ने बताया कि धमाके के दौरान मकान की ईंटें काफी ऊंचाई तक हवा में उड़ती दिखाई दीं और कुछ देर तक आसमान में बिखरती रहीं। हादसे के समय खंडहर के पास मनोज और ब्रह्म प्रकाश की भैंसें बंधी हुई थीं। धमाके के बाद उठी तेज गर्मी और लपटों की चपेट में आकर चार पशु झुलस गए। वहीं आसपास के कम से कम चार मकानों को नुकसान पहुंचा। कई घरों में दरारें पड़ गईं, खिड़कियों के शीशे टूट गए और घरेलू सामान क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके की आवाज सुनकर महिलाएं और बच्चे घबराकर घरों से बाहर निकल आए। कुछ देर के लिए गांव में भगदड़ जैसे हालात बन गए।



रजपुरा के इशाकपुर गांव में विस्फोट के बाद बिखरी पड़ी मकान की ईंट।



मौके पर जानकारी लेते एएसपी मनोज कुमार रावत। ● अमृत विचार

ग्रामीणों ने बताया कि धमाके के बाद लोगों को लगा कि गांव में कहीं भीषण आग लग गई है। मौके पर चीख-पुकार मच गई और लोग जान बचाकर खुले स्थानों की ओर भागने लगे। कई ग्रामीणों ने दावा किया कि विस्फोट के बाद काफी देर तक धुआं उठता रहा और आसपास बारूद जैसी गंध महसूस होती रही। घटना की सूचना मिलते ही रजपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत भारी पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ गांव पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। फॉरेंसिक टीम ने मलबे से साक्ष्य एकत्र कर जांच शुरू कर दी है।

### बारूद विस्फोट में 20 अप्रैल को गई थी किशोरी की जान

रजपुरा। इशाकपुर गांव में 20 अप्रैल को गांव निवासी योगेश के मकान में आतिशबाजी बनाते समय विस्फोट हुआ था। उस हादसे में योगेश की 17 साल की पुत्री दीक्षा की मौत हो गई थी, जबकि एक किशोरी गंभीर रूप से झुलस गई थी। लगातार दूसरी विस्फोट की घटना के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों दिखाई दे रहे हैं। कुछ ग्रामीणों ने आशंका जताई कि खंडहरनुमा मकान में गोबर के अंदर बारूद या विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी गई थी, जिसकी वजह से यह धमाका हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत ने बताया कि गांव निवासी ब्रह्म प्रकाश के पास आतिशबाजी बनाने का लाइसेंस है, लेकिन उसने तय जगह की बजाय दूसरे स्थान पर आतिशबाजी का भंडारण कर रखा था। उसी में विस्फोट हुआ है। इस मामले में आरोपी ब्रह्म प्रकाश के खिलाफ थाना रजपुरा पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## सड़क जाम करने में 30 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई कोतवाली क्षेत्र में वृद्ध महिला की मौत के बाद परिजनों द्वारा लगाए गए जाम के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 9 नामजद समेत 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि लोगों ने नेशनल हाईवे-509 पर जाम लगाकर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र की बुजुर्ग महिला कुछ दिन पहले घायल हो गई थी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप था कि महिला की मौत गिरने से नहीं बल्कि कुछ लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के कारण हुई है। इसी आरोप को लेकर शनिवार को परिजन और ग्रामीण बहजोई कलेक्ट्रेट के बाहर मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर धरने पर बैठ गए और सड़क जाम कर दी। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी राजीव कुमार मलिक मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और सड़क जाम करने के आरोप में 9 नामजद तथा 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आंधी में ढहीं तीसरी मंजिल की दीवारें

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र में मंगलवार सुबह अचानक बदले मौसम ने भारी तबाही मचा दी। तेज आंधी-तूफान और बारिश के दौरान गांव नरैठा मोहम्मदपुर में तीन मंजिला मकान की तीसरी मंजिल की दीवारें भरभराकर पड़ोसी मकानों पर जा गिरीं। हादसे में मसाले की फेरी करने आया युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बकरी घायल होने के साथ कई घरों का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक हुए हादसे से गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए।

जानकारी के अनुसार असमोली थाना क्षेत्र के गांव नरैठा मोहम्मदपुर निवासी आबिद का गांव के बीचों बीच तीन मंजिला मकान बना हुआ है। मंगलवार सुबह करीब 9:40 बजे अचानक मौसम खराब हो गया और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं के दबाव के चलते मकान की तीसरी मंजिल



संभल के नरैठा मोहम्मदपुर गांव में आंधी तूफान में ढहीं तीन मंजिल मकान की दीवारें।

- फेरी वाला गंभीर घायल, कई घरों में सामान क्षतिग्रस्त

की दीवारें अचानक भरभराकर गिर पड़ीं। दीवारों का मलबा पड़ोसी इकबाल, बाबू हसन, आसिफ और हनीफ के घरों की छतों और आंगन में जा गिरा। हादसे में हनीफ के घर पर लगा सोलर पैनल टूट गया और उसकी बकरी घायल हो गई। वहीं पड़ोसी बाबू हसन के घर के बाहर बने टीन शेड के नीचे बारिश से बचने के लिए खड़ा मसाले का फेरी वाला मलबे की चपेट में आकर घायल हो गया। बताया गया कि घायल युवक अमरोहा जिले के थाना डिडौली क्षेत्र के गांव शेखूपुर खय्या निवासी मोहम्मद उमर है गांव में मसाले बेचने आया था। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे युवक को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर घायल युवक के परिजन भी गांव पहुंच गए और उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर असमोली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

## तेज बारिश व आंधी से जनजीवन हुआ अस्त- व्यस्त

**चंदौसी, अमृत विचार :** मंगलवार सुबह करीब 10 बजे आई तेज़ आंधी के कारण कई पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए। बारिश व आंधी से आम जन जीवन अस्त - व्यस्त हो गया।

मंगलवार सुबह दस बजे अचानक मौसम में बदलाव आया और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। चंदौसी व कुढ फतेहगढ़ क्षेत्र भी इससे प्रभावित हुआ। चंदौसी-बेरनी बिचैटा चौराहा होते हुए रीठ गुरसरी जाने वाला मार्ग मुख्य पर पेड़ गिरने से मार्ग लगभग आधे घंटे तक बाधित रहा। बाइक सवार तो किसी तरह निकल गए, लेकिन बड़े वाहनों के लिए रास्ता बंद होने से लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों की कड़ी मशक्कत के बाद गिरे हुए पेड़ों को हटाया। इसके बाद यातायात फिर से सामान्य हो सका। शहर के मोहल्ला प्रगति विहार में घर की टिन उखड़कर युवक के ऊपर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# भाजपा नेता हत्याकांड के गवाहों पर फायरिंग, दो लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल

- उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य गुलफाम सिंह यादव की पिछले साल हुई थी हत्या

**अमृत विचार :** भाजपा नेता एवं उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य गुलफाम सिंह यादव हत्याकांड के दो गवाहों पर मंगलवार दोपहर बदमाशों ने दिनदहाड़े फायरिंग कर दी। बाइक से जा रहे दोनों गवाह रास्ते में रुककर पेशाब कर रहे थे, तभी कार सवार हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। दोनों घायलों को जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल में भर्ती कराया गया है।

जुनावई थाना क्षेत्र के गांव धनीपुर के पास गवाहों पर हमले की वारदात हुई है। गांव दबथरा हिमचल निवासी भाजपा नेता गुलफाम सिंह यादव की 10 मार्च 2025 को पेट में इंजेक्शन देकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मैढ़ोली निवासी भुवनेश और दबथरा हिमचल निवासी रामपाल गवाह हैं। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे दोनों एक बाइक पर सवार होकर किसी काम से गुन्नौर जा रहे थे। रास्ते में धनीपुर के पास जैसे ही दोनों रुके, पीछे से कार में आए बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें संभल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही जुनावई थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं जुनावई ब्लॉक प्रमुख दिव्य प्रकाश यादव भी समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने दोनों घायलों के बयान दर्ज किए हैं। घायलों ने पुलिस को दिए बयान में भाजपा नेता हत्याकांड में नामजद आरोपी रवि यादव पर फायरिंग कराने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि रवि यादव फिलहाल जमानत पर बाहर है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। थाना पुलिस सहित अन्य टीमों को हमलावरों की तलाश में लगाया गया है। 10 मार्च 2025 को गुलफाम सिंह यादव अपने घर पर बैठे थे, तभी बाइक से बुर्का पहनकर आए तीन लोगों ने कथित रूप से पेट में इंजेक्शन लगाकर उनकी हत्या कर दी थी। इस सनसनीखेज हत्याकांड में पूर्व ब्लॉक प्रमुख रवि यादव और ग्राम प्रधान महेश यादव को जेल भेजा गया था। वहीं मामले में फरार चल रहे धर्मवीर उर्फ धम्मा ने हाल ही में 15 साल पुराने डकैती के मामले में बदायूं कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके अलावा एक लाख के इनामी नेपाल सिंह ने भी बीती 19 अप्रैल को 20 साल पुराने चोरी के मुकदमे में बदायूं कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था।

# वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम से अभद्रता-हाथापाई

संवाददाता, बबराला

- गुन्नौर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया

**अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की चेकिंग के दौरान युवक द्वारा दरोगा और पुलिस टीम के साथ अभद्रता एवं हाथापाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

गुन्नौर कोतवाली से कुछ दूरी पर गोठना जाने वाले तिराहे पर रविवार देर शाम उपनिरीक्षक सुभाष तोमर कांस्टेबल सचिन कुमार और अमन कुमार के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान गांव भोजपुर निवासी विनोद यादव पुत्र महीपाल यादव बाइक से वहां पहुंचा। पुलिस टीम ने उसे रोककर पूछताछ करनी चाही तो वह आगबबूला हो गया अभद्रता करने लगा। आरोप है कि पुलिसकर्मियों द्वारा समझाने का प्रयास किए जाने पर युवक हाथापाई करने पर उतारू हो गया। पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह मौके पर भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। मामले में उपनिरीक्षक सुभाष तोमर की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई, जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि आरोपी विनोद यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश गया है।

# भाकियू टिकैत ने समस्याओं को लेकर भरी हुंकार

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने मंगलवार को किसानों की विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पहुंचे किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी अंकित कुमार खंडेलवाल को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सहकारी बैंकों की ब्याज दर, जल जीवन मिशन की लापरवाही, मक्का खरीद, भूमि अधिग्रहण और ग्रामीण समस्याओं जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।

किसान नेताओं ने कहा कि जिला सहकारी बैंक द्वारा किसानों से सात प्रतिशत ब्याज लिया जा रहा है, जबकि बदायूं जनपद से जुड़ी गुन्नौर तहसील



जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी।

- पर्याप्त संख्या में मक्का खरीद केंद्र खोलने समेत छह सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा

में किसानों को केवल तीन प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। नेताओं ने इसे संभल के किसानों के साथ सीधा भेदभाव बताते हुए पूरे जिले में एक समान ब्याज दर लागू करने की मांग की। नेताओं ने जिले में पर्याप्त मक्का खरीद केंद्र खोलने और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित कराने की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने एडीएम प्रदीप कुमार वर्मा को शासन स्तर पर पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गंगा एक्सप्रेसवे औद्योगिक गलियारे के लिए हो रहे भूमि अधिग्रहण का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता से उठा। इस दौरान रामवीर उपाध्याय, चंद्रपाल सिंह, उदयवीर सिंह, डॉ. पुरेंद्र सिंह यादव, महेश यादव समेत बड़ी संख्या में किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवती से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

संवाददाता, चंदौसी

- 20 अप्रैल 2022 को पीड़िता के चाचा ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** थाना जुनावई निवासी दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय ने दोषी माना है। न्यायालय ने दोषी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है और अर्थ दंड से दंडित किया है।

वादी के अनुसार उसकी भतीजी को 20 अप्रैल 2022 को शाम लगभग 6 बजे गांव का युवक व थाना गुन्नौर के एक गांव के दंपत्ति बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए थे। जानकारी होने पर आरोपियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने नाबालिग भतीजी को वापस किए जाने का आश्वासन दिया, लेकिन वापस नहीं की। तब पीड़िता के चाचा ने आरोपियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। भतीजी के बरामद होने पर उसने मुख्य आरोपी जय कुमार द्वारा दुष्कर्म किए जाने की जानकारी दी। मुकदमे की सुनवाई जिला न्यायालय स्थित अपर एवं सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अवधेश सिंह की अदालत में हुई। मामले की पैरवी एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह ने की। साक्ष्य के अभाव में दंपत्ति को दोष मुक्त कर दिया। आरोपी जय कुमार को दोषी मानते हुए उसे दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है और 28 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जिसमें आधी धनराशि पीड़िता को दिए जाने के निर्देश दिए हैं।

**विरोध** | **भाजपा महिलाओं का धरना दूसरे दिन भी जारी, विपक्षी सांसदों के खिलाफ जताया विरोध**

# विपक्षी दलों ने हमेशा की महिला हितों की अनदेखी

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले विपक्षी सांसदों के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी की महिला विंग का क्रमिक धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को दीपासराय स्थित सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास के निकट मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर विपक्षी दलों के खिलाफ नाराजगी जताई।

धरने को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री शिल्पी गुप्ता ने कहा कि विपक्षी दलों ने हमेशा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा सरकार महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक रूप से मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रही है, तब विपक्ष उसका विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया में महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं और भारत की वीरांगनाओं का इतिहास पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा है।



संभल के दीपा सराय में सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के निकट धरना देती महिलाएं।

उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि वे महिलाओं का सम्मान नहीं कर सकते तो उन्हें राजनीति करने का कोई अधिकार नहीं है। अब देश की महिलाएं विपक्ष का असली चेहरा पहचान चुकी हैं। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुए

- महिलाओं ने विरोध-प्रदर्शन कर विपक्षी दलों के खिलाफ नाराजगी
- महिलाओं के विरोधी विपक्षी दलों को राजनीति का अधिकार नहीं

विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि धरने में मुस्लिम महिलाओं की भी विशेष भागीदारी रही।

महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए महिला आरक्षण बिल के समर्थन में आवाज बुलंद की। धरने में भगवती देवी, रूपवती देवी, कृष्णा देवी, हंसावती देवी, सर्वेश देवी, संतोष देवी, कमलेश देवी, शबाना, आदिवा नरकशा, खुर्शीदा बेगम, नाजनीन, बुशरा, सोनम, परवीना, नायरा, मुन्नी, मीना, राजवती, नीलू, अंजली, पूनम पवार, नीलम वार्ष्णेय मौजूद रहीं।

## सिरसी स्पोर्टिंग ने बरेली को 3 गोल से हराया

**सिरसी, अमृत विचार :** जवाहरलाल इंटर कॉलेज मैदान पर चल रही ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट में मंगलवार को सिरसी स्पोर्टिंग क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बरेली की टीम को 3 गोल से पराजित कर जीत दर्ज की।

सिरसी स्पोर्टिंग क्लब के खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। मैच के दौरान सिरसी की टीम ने बेहतरीन तालमेल और तेज पासिंग के दम पर लगातार तीन गोल दागे। बरेली की टीम ने वापसी की कोशिश की, लेकिन सिरसी के मजबूत डिफेंस और शानदार खेल के आगे उसे सफलता नहीं मिल सकी। मैच में रेफरी की भूमिका इमरान ने निभाई, जबकि लाइनमैन इसरार और मोनिस रहे। इस अवसर पर हसन मेहदी, नादिर रजा, उस्ताद मुहम्मद अब्बास, उस्ताद इस्तेखार मौजूद रहे।

# धर्म विशेष को कर रहे बदमान

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल के जालब सराय स्थित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के हिजाब और टोपी पहनने की वायरल तस्वीरों के मामले में दो मुस्लिम शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए इसे धर्म विशेष को बदनाम करने की कोशिश बताया है।



सांसद बर्क।

सांसद बर्क ने कहा कि स्कूल और कॉलेज शिक्षा के केंद्र होते हैं, जहां धर्म और राजनीति को नहीं लाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ तस्वीरों और आरोपों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। बर्क ने कहा कि छोटे बच्चों को यह तक नहीं पता होता कि उनके साथ पढ़ने वाला बच्चा किस धर्म से संबंध रखता है, लेकिन राजनीतिक माहौल बनाकर बच्चों के बीच दूरी पैदा की जा रही है। टोपी और हिजाब के मुद्दे पर कहा कि विभिन्न आयोजनों में बच्चे अलग-अलग वेशभूषा धारण करते हैं, जिसे सामान्य रूप से देखा जाता है। सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने यह भी दावा किया कि संभल के एक अन्य स्कूल में एक मजहब विशेष की बात मनवाने का प्रयास किया जाता है। हालांकि उन्होंने स्कूल का नाम सार्वजनिक नहीं किया।

### युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही सरकार

सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने नीट परीक्षा रद्द होने और सीबीआई जांच को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 10 वर्षों में 70 से अधिक परीक्षाएं पेपर लीक के कारण रद्द हो चुकी हैं, जिनमें नीट, यूपी पुलिस भर्ती, बिहार पुलिस, जूनियर इंजीनियर और शिक्षक भर्ती जैसी बड़ी परीक्षाएं शामिल हैं। बार-बार पेपर लीक होना सरकार पर सवाल है।

## विवाहिता को मेज पर लिटा तलवों पर मारे डंडे

**संभल/बबराला, अमृत विचार :** संभल जनपद के बबराला कस्बे की एक विवाहिता के साथ जम्मू-कश्मीर के रहने वाले उसके पति और ससुराल वालों ने बेरहमी से यातनाएं दीं। महिला का कहना है कि मामूली विवाद के बाद उसे बेरहमी से पीटा गया, मेज पर लिटाकर तलवों पर डंडे बरसाए गए और उसके दूधमुंहे बेटे को जबरन छीनकर घर से निकाल दिया गया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बा गुन्नौर निवासी रूबी नाज का कहना है कि उसकी शादी 27 नवंबर 2022 को मोहल्ला जलेपुरा निवासी अशरफ अली से हुई थी। शादी के बाद वह पति के साथ जम्मू-कश्मीर चली गई थी। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पहुंचने के बाद से ही पति अशरफ अली और अन्य ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे थे। विवाहिता ने बताया कि 25 अप्रैल को मामूली कहासुनी के बाद पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट की।

## न्यूज ब्रीफ

### डीजीपी ने भरा स्व गणना का फार्म

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के कार्य स्व-गणना को लेकर पुलिस महानिदेशक की ओर से जनगणना पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना का फॉर्म ऑनलाइन भरा गया। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने समस्त विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वयं से जनगणना की सूचना भरने के संबंध में संदेश दिया।

### तंबाकू नियंत्रण कार्यशाला शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से मंगलवार को आयोजित टोबेको कंट्रोल ट्रेनिंग कार्यशाला की शुरुआत करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण बीडी पॉल्सन ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं बल्कि सामाजिक जागरुकता एवं प्रभावी कानून प्रवर्तन से भी जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसमें पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### एक हफ्ते में चार बदमाश ढेर

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी पुलिस अपराधियों को ढूढ़-ढूढ़ कर एनकाउंटर कर रही है। विभिन्न जिलों में विगत एक हफ्ते दिनों में दो दर्जन से अधिक एनकाउंटर हो चुके हैं, जिसमें चार अपराधी ढेर हो चुके हैं, जबकि कई का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि एनकाउंटर का सिलसिला अभी थमेगा नहीं। विगत हफ्ते हरदोई में बच्चे के अपहरण के बाद उसकी हत्या करने के आरोप में हुए एनकाउंटर में एक अपराधी ढेर हो गया। उसी दिन कन्नौज में भी एनकाउंटर हुआ, जिसमें 10 से अधिक अपराधी घायल हो गए, जिनका अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दूसरे दिन मथुरा में हुए एनकाउंटर में दो अपराधी ढेर हो गए। इस एनकाउंटर में तीन अपराधियों के अलावा पुलिस कर्मी भी घायल हुए थे। वहीं सोमवार की देर रात चंदौली में साइको किलर गुरप्रत सिंह को एनकाउंटर में ढेर किया गया।

### वैश्विक संकट के बीच गरीबों को राहत दें

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ जारी युद्ध की अनिश्चितता को लेकर चिंता जताते हुए केंद्र और राज्य सरकारों से गरीब एवं मेहनतकश परिवारों को राहत देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से संयम बरतने की अपील यह संकेत देती है कि देश के सामने केवल पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस ही नहीं, बल्कि आर्थिक संकट भी गहरा सकता है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि वैश्विक परिस्थितियों का असर करोड़ों भारतीयों के जीवन पर पड़ रहा है और इसके लंबे समय तक जारी रहने की आशंका भी है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल की मार झेल चुकी बड़ी आबादी पहले से ही रोजी-रोटी के संकट से जूझ रही है। ऐसे में आम लोगों के पास बचत और खाने-पीने के संसाधन भी सीमित रह गए हैं। मायावती ने कहा कि इस स्थिति में केंद्र और राज्य सरकारों को गरीब व मेहनतकश परिवारों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।



### भाजपा राज में नौजवानों का भविष्य सुरक्षित नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। आरोप लगाया कि भाजपा शिक्षा माफिया को संरक्षण देकर देश के नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर रही है। संजय सिंह ने कहा कि नीट परीक्षा का पेपर पहली बार लीक नहीं हुआ है, बल्कि इससे पहले वर्ष 2024 में भी ऐसी घटना सामने आ चुकी है। सांसद संजय सिंह ने दावा किया कि तीन मई को हुई परीक्षा में 180 में से 135 सवाल लीक होने का मामला सामने आया है, जिससे लाखों छात्र-छात्राओं और उनके परिवारों पर असर पड़ा है। उनका कहना था कि भाजपा से जुड़े लोग शिक्षा माफिया के पूरे नेटवर्क को संरक्षण दे रहे हैं, जिसकी वजह से बार-बार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं। आप सांसद ने कहा कि देश के लाखों युवा कठिन मेहनत से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन भ्रष्ट तंत्र और सरकार की विफलता उनके सपनों को तोड़ रही है। उन्होंने मांग की कि पेपर लीक गिरोह से जुड़े लोगों और उनके राजनीतिक संरक्षण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।



# जलशक्ति राज्य मंत्री ने एस्कॉर्ट लौटाई, सुरक्षा घटाई, बाइक से करेंगे दौरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लंबी दूरी की सरकारी यात्राओं में करेंगे ट्रेन का उपयोग



**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और संसाधनों के संयमित उपयोग की अपील पर जहां विपक्ष लगातार हमलावर है, वहीं प्रदेश में भाजपा के एक मंत्री ने इसे व्यवहार में उतारकर नई राजनीतिक चर्चा छेड़ दी है। प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटिक ने अपनी एस्कॉर्ट गाड़ियों की सुविधा स्वेच्छा से वापस कर दी है। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि अब वह जिला भ्रमण बाइक से करेंगे और लंबी दूरी की सरकारी यात्राओं में ट्रेन का उपयोग करेंगे।

मंत्री के इस फैसले को भाजपा के भीतर "व्यवहारिक संदेश" के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि इसका असर आने वाले दिनों में दूसरे मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों पर भी दिखाई दे सकता है।

सूत्रों के मुताबिक भाजपा संगठन भी कार्यकर्ताओं के बीच सादगी और संसाधन संरक्षण का संदेश ले जाने की रणनीति पर काम कर रहा है। दिनेश खटीक ने मंगलवार सुबह अपनी एस्कॉर्ट सुविधा वापस करने की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी। उन्होंने अपने आवास की सुरक्षा व्यवस्था भी कम कर दी है। अब उनके आवास पर केवल एक गनर तैनात रहेगा। मंत्री ने समर्थकों और कार्यकर्ताओं से भी अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने की अपील की है। दरअसल, पश्चिम एशिया में जारी तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने हाल में देशवासियों से ईंधन बचत, गैरजरूरी खर्चों में संयम और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की थी। भाजपा इसे राष्ट्रीय हित और आर्थिक अनुशासन से जोड़कर देख रही है, जबकि विपक्ष ने इसे मुद्दा बनाते हुए सरकार पर निशाना साधा है।

### मंत्री कपिल देव ने किया मेट्रो रेल से सफर

- **अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली से मेरठ तक की यात्रा मेट्रो और नमो भारत ट्रेन (रैपिड रेल) से कर ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, टर्मिनल-3 पहुंचने के बाद निजी वाहन का उपयोग करने के बजाय सीधे मेट्रो स्टेशन पहुंचे। वहां से मेट्रो के जरिए सराय काले खां पहुंचे और फिर नमो भारत ट्रेन से मेरठ रवाना हुए। रात में वह मोदीपुरम स्टेशन पहुंचे। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच केवल ईंधन बचत तक सीमित नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों को सुरक्षित रखने का अभियान है।



मेट्रो ट्रेन में यात्रा करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य।

### प्रधानमंत्री की अपील पर सपा हमलावर

- समाजवादी पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री की अपील को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं दी हैं। इसी बीच कन्नौज से जुड़े एक सपा सांसद के कथित अभद्र बयान को लेकर मुकदमा दर्ज होने के बाद सियासी विवाद और बढ़ गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने विपक्ष की भाषा और रवैये की आलोचना की है।

## पीएम पर टिप्पणी के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा ने समाजवादी पार्टी के एक सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में बुधवार को प्रदेशभर में प्रदर्शन करने का फैसला किया है। पार्टी सभी जिला मुख्यालयों पर कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन करेगी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि प्रदर्शन में महिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा मातृशक्ति के साथ प्रदेशभर में विरोध दर्ज कराएगी। संजय राय ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी राजनीतिक विरोध की आड़ में व्यक्तिगत स्तर पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रही है, जो भारतीय राजनीति की स्वस्थ परंपराओं के खिलाफ है।

# सरकार का प्राथमिक से तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने पर जोर

## भाषा-गणित में दक्ष होंगे परिषदीय के बच्चे, तकनीकी विद्यार्थी को कराएंगे औद्योगिक विजिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी सरकार प्राथमिक से लेकर तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने पर जोर दे रही है। इसके लिए जहां परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की भाषा व गणितीय क्षमता को मजबूत बनाने के लिए शिक्षकों और अकादमिक सहयोगियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा वहीं प्रत्येक तकनीकी विद्यार्थी के लिए दो इंडस्ट्रियल विजिट अनिवार्य करने की तैयारी है।

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश के चयनित जिलों के एआरपी और डायट मेंटर्स का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 16 से 20 मई तक राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ में होगा। सरकार का फोकस अब केवल स्कूलों में नामांकन बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की वास्तविक सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने पर भी है। इसी रणनीति के तहत एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) आधारित शिक्षण, गतिविधि आधारित पढ़ाई और आधुनिक कक्षा संचालन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार प्रशिक्षण में हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषयों की समझ, कक्षा संचालन, गतिविधि आधारित शिक्षण और बच्चों की सीखने की गति को समझने पर विशेष जोर रहेगा। सरकार का मानना है कि प्रशिक्षित शिक्षक ही बच्चों की भाषा दक्षता, पढ़ने-समझने की क्षमता और गणितीय सोच को बेहतर ढंग से विकसित कर सकते हैं। शिक्षा विभाग का कहना है कि शिक्षक प्रशिक्षण और अकादमिक मॉनिटरिंग को मजबूत कर परिषदीय विद्यालयों में सीखने के स्तर को और बेहतर बनाया जाएगा। आधुनिक शिक्षण तकनीकों और सहभागिता आधारित पढ़ाई का सीधा लाभ बच्चों की बुनियादी साक्षरता और गणितीय समझ पर दिखाई देगा।



### इन जिलों के प्रतिभागी लेंगे प्रशिक्षण

- प्रशिक्षण में आगरा, आजमगढ़, बलिया, बाराबंकी, बरेली, बुलंदशहर, देवरिया, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, जौनपुर, लखीमपुर खीरी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव समेत कई जिलों के प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रत्येक जनपद से चार संदर्भदाताओं का चयन किया जाएगा, जिनमें दो एसआरजी और दो डायट मेंटर्स शामिल होंगे। संदर्भदाता अपने जिलों में शिक्षकों और शिक्षामित्रों को एफएलएन और एनसीईआरटी आधारित शिक्षण का प्रशिक्षण देंगे।

### गतिविधि आधारित पढ़ाई को बढ़ावा

- सरकार अब केवल पाठ्यपुस्तक आधारित पढ़ाई तक सीमित नहीं रहना चाहती। बच्चों को खेल, गतिविधियों और सहभागिता आधारित तरीकों से सीखने के लिए तैयार किया जा रहा है, ताकि भाषा और गणित की बुनियादी समझ मजबूत हो सके।

### दो इंडस्ट्रियल विजिट करेगा हर तकनीकी विद्यार्थी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** तकनीकी शिक्षा विभाग की योजनाओं और नवाचारों की समीक्षा बैठक में इंजीनियरिंग छात्रों के लिए इंडस्ट्रियल विजिट और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग को अनिवार्य बनाने पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों को एक्सप्रेसवे, टनल और डैम निर्माण स्थलों का भ्रमण कराया जाए, जबकि मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को ईवी निर्माण इकाइयों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों का व्यावहारिक अनुभव दिया जाए। इसके लिए प्रत्येक छात्र के लिए कम से कम दो इंडस्ट्रियल विजिट अनिवार्य करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। विधानसभा स्थित कार्यालय में मंगलवार को हुई बैठक में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में तकनीकी संस्थानों की बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि छात्रों को रोजगारपरक और व्यावहारिक शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में प्लेसमेंट पोर्टल, एआई इंटीग्रेशन, नैक और एनआईआरएफ रैंकिंग, इंडस्ट्रियल विजिट, इंडस्ट्री पार्टनरशिप और विभिन्न एमओयू की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में डिलाइट के प्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि विभाग के प्लेसमेंट पोर्टल पर आठ हजार से अधिक छात्र ऑनबोर्ड हो चुके हैं। साथ ही नौकरीडॉटकाम के सहयोग से उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए विशेष लैंडिंग पेज तैयार किया जा रहा है, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अधिक अवसर मिल सकेंगे। बैठक में तकनीकी संस्थानों की नैक, एनआईआरएफ और एसआईआरएफ रैंकिंग सुधारने पर भी चर्चा हुई। फैकल्टी भर्ती, गुणवत्ता सुधार और बेहतर प्लेसमेंट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर और ईवी सेक्टर को देखते हुए तकनीकी संस्थानों को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। सरकार चाहती है कि छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही वास्तविक इंडस्ट्री अनुभव मिल सके। सरकार अब तकनीकी शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखना चाहती। एआई आधारित कोर्स, डिजिटल प्लेसमेंट पोर्टल और उद्योग साझेदारी के जरिए युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने का मॉडल विकसित किया जा रहा है।

### स्मार्ट क्लास, योग और नैतिक शिक्षा से तैयार हो रही नई पीढ़ी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अमृत विचार, लखनऊ : जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय अब केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि आधुनिक शिक्षा और भारतीय संस्कारों के समन्वय वाले मॉडल स्कूल के रूप में विकसित हो रहे हैं। नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप इन विद्यालयों में बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक और नैतिक विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में इस समय 103 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हैं, जहां हजारों छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वहीं मथुरा, गोंडा, कानपुर देहात और बलिया समेत विभिन्न जिलों में 20 नए विद्यालय निर्माणाधीन हैं। सर्वोदय विद्यालयों में योग और ध्यान को भी विशेष महत्व दिया गया है। सुबह की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास कराया जाता है, जिससे उनमें अनुशासन, मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच विकसित हो रही है।

### आज से 19 तक 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर'

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बुधवार से 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर-2026' शुरू हो रहा है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर आयोजित यह शिविर 19 मई तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ केंद्रीय शिक्षा मंत्री करेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी डायट प्राचार्यों, बेसिक शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों और जिला समन्वयकों को शिविर का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं, लोक संस्कृति, कहानी, कविता, गीत, संवाद, नाटक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने गतिविधियों की सुझावात्मक सूची जारी की है। साथ ही स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रमों को अधिक आकर्षक बनाने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर का खर्च विद्यालयों की कंपोजिट ग्रांट से किया जाएगा। विभाग का उद्देश्य बच्चों में भाषाई कौशल, रचनात्मकता और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति जुड़ाव विकसित करना है।

## प्रवक्ता परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी

**अमृत विचार, लखनऊः** शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया है कि आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा, जो 09 एवं 10 मई 2026 को सम्पन्न हुई थी, उसके सभी विषयों की मास्टर सेट की प्रोविजनल उत्तरकुंजी अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ 12 मई 2026 को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://upessc.up.gov.in पर प्रकाशित कर दी गई है।

अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, इतिहास, शिक्षा, अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य, समाजशास्त्र, नागरिक शास्त्र, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, संस्कृत, मनोविज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी एवं कला सहित सभी विषयों की प्रोविजनल उत्तरकुंजी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।

## मामला गुण-दोष पर निर्णीत करने के लिए एकल पीठ को लौटाया

विधि संवाददाता, लखनऊ

- आरओ/एआरओ परीक्षा आरक्षण विवाद में अग्रिम नियुक्तियों पर लगी रहेगी अंतरिम रोक

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आरओ/एआरओ भर्ती परीक्षा-2023 में आरक्षण लागू किए जाने को लेकर विवाद मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले को एकल पीठ को वापस गुण-दोष पर सुनवाई के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने उक्त पदों पर नई नियुक्तियां किए जाने पर लगाई गई अंतरिम रोक को जारी रखने का भी आदेश दिया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने विवेक यादव व अन्य की ओर से दाखिल विशेष अपील पर सुनवाई के बाद निस्तारित करते हुए पारित किया है। उक्त अपील में एकल पीठ के एक फरवरी 2026 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें अपीलार्थियों की याचिका पर उन्हें अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया गया था। अपीलार्थियों की ओर से अधिवक्ता आलोक मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि अपीलार्थी ओबीसी वर्ग से हैं जिन्हें प्रारम्भिक परीक्षा में जो मार्क्स मिले, वे सामान्य श्रेणी से मुख्य परीक्षा के लिए चयनित कम से कम 25 अभ्यर्थियों से अधिक थे। बावजूद इसके अपीलार्थियों को प्रारम्भिक परीक्षा में असफल घोषित कर दिया गया। वहीं याचिका का विरोध करते हुए, राज्य सरकार व यूपी लोक सेवा आयोग ने कोर्ट को बताया कि उक्त भर्ती परीक्षा के तहत अधिकांश सफल अभ्यर्थियों को नियुक्तियां मिल चुकी हैं। कोर्ट ने पाया कि चूंकि याचिका मूल रूप से एकल पीठ के समक्ष विचाराधीन है लिहाजा उसी को इसके गुण दोष के आधार पर फैसला करना चाहिए।

# युवाओं को केवल डिग्री नहीं, रोजगार देने वाला हुनर समय की जरूरत :मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- गोरखपुर में 'संवाद' कार्यक्रम में सरकार, उद्योग और प्रशिक्षण संस्थानों ने तैयार किया रोडमैप
- एआई, ड्रोन, रोबोटिक्स और अप्रेंटिसशिप के जरिए युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर जोर

**अमृत विचारः** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव कौशल विकास संस्थान हैं और युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला हुनर उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

मंत्री मंगलवार को गोरखपुर के होटल रमाडा में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से आयोजित 'संवाद' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सरकार, उद्योग जगत, निजी आईटीआई संचालकों और प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने कौशल विकास के भविष्य को लेकर मंथन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने टाटा टेक्नोलाजी के साथ एमओयू कर 150 सरकारी आईटीआई को आधुनिक तकनीकों से अपग्रेड किया है। यहां एआई, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, एडवांस डिजाइनिंग और अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग जैसे कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। जल्द ही 62 और आईटीआई को इस परियोजना से जोड़ा जाएगा। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, मिशन निदेशक पुलकित खरे ने भी जानकारी दी।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य।

### एआई और ड्रोन टेक्नोलॉजी पर खास फोकस

- सरकार तकनीकी शिक्षा को भविष्य की जरूरतों से जोड़ने के लिए एआई, ड्रोन, रोबोटिक्स और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग जैसे कोर्स शुरू कर रही है। आधुनिक लैब और उद्योग आधारित प्रशिक्षण मॉडल से युवाओं को वैश्विक स्तर की स्किलिंग देने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रशिक्षण साझेदारों को चरणबद्ध भुगतान प्रणाली से जोड़ा है, ताकि संस्थानों का फोकस केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि युवाओं के प्लेसमेंट पर भी रहे। सरकार का दावा है कि इससे रोजगार आधारित प्रशिक्षण मॉडल को मजबूती मिलेगी।

मंथन

प्रदेश संगठन बैठक में बूथ, शक्तिकेंद्र और मंडल संरचना मजबूत करने पर जोर

# भाजपा ने तय किया वर्ष 2027 में 2017 से बड़ी जीत का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव 2027 के लिए अभी से पूरी ताकत के साथ जुटने का संदेश देते हुए कहा कि पार्टी को वर्ष 2017 से भी बड़ी जीत का लक्ष्य लेकर बूथ स्तर तक योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा। कहा, भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन व बूथ नेटवर्क है, इसलिए हर बूथ को 'जीत का बूथ' बनाने की रणनीति पर काम किया जाए।

मंगलवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित संगठनात्मक बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों, जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों के साथ जिला समितियों, मंडल समितियों, शक्ति केंद्रों और बूथ समितियों के सत्यापन कार्य की समीक्षा के बाद पंकज चौधरी ने कहा कि जिन बूथों पर भाजपा को पिछले चुनावों में बढ़त मिली थी, वहां जीत का अंतर और बढ़ाने पर काम किया जाए, जबकि अपेक्षाकृत कमजोर बूथों पर विशेष रणनीति और अधिक मेहनत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की क्षमता का बेहतर उपयोग, सामूहिकता, समन्वय और प्रभावी रणनीति ही 2027 की जीत का आधार बनेगी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका है। उसके पास न कोई नीति है, न कार्यक्रम और न ही जनहित के लिए कोई स्पष्ट विजन। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे घर-घर जाकर विपक्ष के दुष्प्रचार की सच्चाई बताएं।



### जिला, मंडल, शक्तिकेंद्र और बूथ समितियों की नियमित होंगी बैठकें

बैठक में संगठनात्मक ढांचे को और सक्रिय करने पर भी जोर दिया गया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि जिला, मंडल, शक्तिकेंद्र और बूथ समितियों की नियमित बैठकें सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला समितियों की बैठकें हर माह एक से 15 तारीख के बीच हों, मंडल समितियों की बैठकें प्रथम सप्ताह, शक्तिकेंद्र की बैठकें तृतीय सप्ताह और बूथ समितियों की बैठकें 'मन की बात' कार्यक्रम के साथ अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएं।

### अनुभवी कार्यकर्ताओं को दोबारा करें सक्रिय : धर्मपाल

धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ समितियों के सत्यापन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब संगठनात्मक अभियानों में परिश्रमी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने पुराने और अनुभवी कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर उन्हें दोबारा सक्रिय करने के निर्देश भी दिए। साथ ही पार्टी की विचारधारा से जुड़े नए लोगों को संगठन से जोड़ने पर भी जोर दिया गया।

**प. बंगाल फतह के बाद यूपी में चुनावी मोड में भाजपा**

**लखनऊ :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय नेतृत्व की सक्रियता और बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने की रणनीति के बीच अब भाजपा ने उत्तर प्रदेश में भी चुनावी मशीनरी को पूरी तरह सक्रिय करना शुरू कर दिया है। विधानसभा चुनाव 2027 में अभी समय भले हो, लेकिन पार्टी संगठन ने बूथ से लेकर शक्तिकेंद्र और मंडल स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने की तैयारी तेज कर दी है। प्रदेश मुख्यालय पर मंगलवार को हुई संगठनात्मक बैठक में साफ संकेत मिले कि भाजपा इस बार भी बूथ मैनेजमेंट को सबसे बड़ा चुनावी हथियार बनाने जा रही है।

पार्टी का फोकस केवल बड़े राजनीतिक अभियानों पर नहीं, बल्कि संगठन की जमीनी संरचना को लगातार सक्रिय और गतिशील बनाए रखने पर है। भाजपा नेतृत्व मानता है कि पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उसकी सफलता के पीछे मजबूत बूथ नेटवर्क सबसे बड़ी ताकत रहा है।

## जल जीवन की परियोजनाएं सौर उर्जा से जोड़ेंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं को सौर ऊर्जा से जोड़कर ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश में 67 हजार से अधिक गांवों में संचालित 33 हजार से अधिक ग्रामीण जलापूर्ति परियोजनाएं अब सौर ऊर्जा आधारित मॉडल पर चल रही हैं। इससे दो करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ मिल रहा है। उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक राजशेखर ने बताया कि सौर ऊर्जा संचालित पंपिंग सिस्टम स्थापित होने से अब तक 900 मेगावाट बिजली की बचत हुई है। सौर ऊर्जा मॉडल से बिजली की समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई है। परियोजनाओं को 30 वर्षों के लिए डिजाइन किया गया है।

अमृत विचार

बुधवार, 13 मई 2026



साहस के बगैर आप कोई अच्छा काम नहीं कर सकते हैं।
-इंदिरा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री



# संकल्प और संकेत

प्रधानमंत्री का यह कहना कि 'दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती' केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में राष्ट्रीय मनोबल को मजबूत करने वाला सशक्त संदेश भी है। यह वक्तव्य ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में युद्ध की आशंकाएं, वैश्विक ऊर्जा संकट, भू-राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक अनिश्चितता विश्व राजनीति को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए प्रधानमंत्री के हालिया भाषणों को केवल घरेलू राजनीति के संदर्भ में नहीं, बल्कि व्यापक राष्ट्रीय मनोविज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के संदर्भ में भी समझना होगा।

भारत आज ऐसे वैश्विक दौर में खड़ा है, जहां बड़ी शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा तीव्र हो चुकी है। चीन सीमा और रणनीतिक प्रभाव के स्तर पर चुनौती बना हुआ है। पाकिस्तान लगातार अस्थिरता और आतंकवाद के माध्यम से दबाव बनाने की कोशिश करता रहा है। पश्चिमी शक्तियां कभी-कभी व्यापार, मानवाधिकार, प्रतिबंधों या भू-राजनीतिक अपेक्षाओं के माध्यम से दबाव बनाती दिखाई देती हैं। ऊर्जा बाजार, डॉलर आधारित वित्तीय व्यवस्था और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं भी आधुनिक दौर में रणनीतिक दबाव के औजार बन चुकी हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री का संदेश वस्तुतः यह था कि भारत बाहरी दबावों के बावजूद अपनी स्वतंत्र नीति और राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। सोमनाथ अमृत महोत्सव को 'प्रेरणा पर्व' बताने के पीछे भी यही सोच दिखाई देती है। सोमनाथ मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की पुनर्स्थापना और आत्मविश्वास का प्रतीक भी माना जाता है। इतिहास में अनेक आक्रमणों और विध्वंस के बाद भी उसका पुनर्निर्माण भारतीय समाज की सांस्कृतिक जिजीविषा का प्रतीक बना। प्रधानमंत्री इस प्रतीक को आधुनिक भारत की आत्मनिर्भरता और पुनरुत्थान की कथा से जोड़ते दिखाई देते हैं। यही कारण है कि उन्होंने इस अवसर पर परमाणु परीक्षणों और चंद्रयान-3 के 'शिवशक्ति' नामकरण का भी उल्लेख किया। इसका निहितार्थ स्पष्ट है— भारत अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियों और सांस्कृतिक विरासत को विरोधाभासी नहीं, बल्कि पूरक मानता है। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में सरकार 'विकास और विरासत' को साथ लेकर चलने का राजनीतिक-सांस्कृतिक विमर्श गढ़ रही है। एक ओर हाईवे, सेमीकंडक्टर, डिजिटल इंडिया और अंतरिक्ष कार्यक्रम की चर्चा होती है, दूसरी ओर काशी, अयोध्या, महाकाल और सोमनाथ जैसे सांस्कृतिक प्रतीकों को राष्ट्रीय चेतना से जोड़ा जाता है। यह भाजपा की व्यापक वैचारिक राजनीति का भी हिस्सा है।

प्रधानमंत्री के हालिया भाषणों का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि वे संकट की आशंकाओं के बीच जनमानस को भयभीत होने से रोकना चाहते हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध की आशंकाएं, ट्रंप द्वारा ईरान के प्रस्ताव को खारिज करने के बाद युद्धविराम के वेंटीलेटर पर होने जैसा कठोर बयान, ईरान-संबंधी तनाव और तेल बाजार की अनिश्चितता स्वाभाविक रूप से भारत जैसी ऊर्जा आयातक देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है।

## प्रसंगवश

# उच्च शिक्षा में प्रासंगिक होता 'मार्केट फॉर लेमन्स'

भारत में उच्च शिक्षा का तीव्र विस्तार अवसरों के साथ-साथ गंभीर चुनौतियां भी लेकर आया है। एक ओर विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और निजी शिक्षण संस्थानों की संख्या तेजी से बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर गुणवत्ता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर लगातार प्रश्न उठ रहे हैं। ऐसे समय में अर्थशास्त्री जॉर्ज अकेलॉफ का 'मार्केट फॉर लेमंस' सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक दिखाई देता है। इस सिद्धांत के अनुसार जब उपभोक्ता को किसी वस्तु की वास्तविक गुणवत्ता की सही जानकारी नहीं होती, तब निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद बाजार पर हावी हो जाते हैं और अच्छे उत्पाद पीछे हट जाते हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थी उपभोक्ता हैं और संस्थान सेवा प्रदाता। जब विद्यार्थियों को संस्थानों की वास्तविक स्थिति, शिक्षकों की गुणवत्ता, रोजगार संभावनाओं, शोध कार्य और आधारभूत सुविधाओं की सही जानकारी नहीं मिलती, तब वे कमज़ोर संस्थानों में प्रवेश लेने को विवश हो जाते हैं।



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

भारत में उच्च शिक्षा का विस्तार मुख्य रूप से नीतिगत प्रयासों के कारण हुआ है। नई शिक्षा नीति ने उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ाने, दूरस्थ शिक्षा को प्रोत्साहन देने, ऑनलाइन शिक्षण को बढ़ावा देने और निजी निवेश को आकर्षित करने पर बल दिया। इससे शिक्षा तक पहुंच बढ़ी और अधिक विद्यार्थियों को अवसर मिला, परंतु संस्थानों की गुणवत्ता उसी गति से विकसित नहीं हो सकी। अनेक निजी संस्थान आकर्षक विज्ञापन, भव्य परिसर और बड़े-बड़े दावे करके विद्यार्थियों को अपनी ओर खींचते हैं, जबकि वास्तविकता में वहां योग्य शिक्षक, शोध वातावरण और रोजगारपरक शिक्षा का अभाव होता है। सरकारी आंकड़े भी अक्सर विलंब से आते हैं या सामान्य लोगों की समझ से परे जटिल रूप में उपलब्ध होते हैं। परिणामस्वरूप विद्यार्थी और अभिभावक सही निर्णय नहीं ले पाते। यही स्थिति निम्न गुणवत्ता वाले शिक्षा बाजार को जन्म देती है।


इसी समस्या को दूर करने के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग व्यवस्था प्रारंभ की। इसका उद्देश्य देश के उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन निश्चित मानकों के आधार पर करना है। इसमें शिक्षण व्यवस्था, संसाधन, शोध कार्य, स्नातक परिणाम, समावेशन और प्रतिष्ठा जैसे पहलुओं को देखा जाता है। इस व्यवस्था ने पहली बार विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच दिया, जहां वे विभिन्न संस्थानों की तुलनात्मक स्थिति जान सकते हैं। इससे संस्थानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ी और अनेक कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों ने शिक्षकों की नियुक्ति, शोध प्रकाशनों, रोजगार सहायता केंद्रों और आधारभूत सुविधाओं में सुधार करना प्रारंभ किया।

इस रैंकिंग व्यवस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि उसने उच्च शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता के संकेत उपलब्ध कराए। अब विद्यार्थी केवल विज्ञापनों या प्रचार सामग्री पर निर्भर नहीं रहते, बल्कि संस्थान की स्थिति, शोध प्रदर्शन, परीक्षा परिणाम और समावेशन जैसी जानकारियों को देखकर निर्णय ले सकते हैं। इससे सूचना के अभाव की समस्या में कुछ कमी आई है। सरकार के लिए भी यह एक महत्त्वपूर्ण नीति उपकरण सिद्ध हुआ है, जिसके माध्यम से विभिन्न संस्थानों की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन संभव हुआ है। फिर भी यह व्यवस्था पूर्ण समाधान नहीं है। इसकी सबसे बड़ी सीमा यह है कि यह काफी हद तक संस्थानों द्वारा स्वयं दिए गए आंकड़ों पर आधारित रहती है। यदि कोई संस्थान गलत या बढ़ा-चढ़ाकर जानकारी दे, तो रैंकिंग की विश्वसनीयता प्रभावित होती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# बंगाल में राजनीतिक प्रारब्ध और सत्ता ध्रुवीकरण की प्रक्रिया





रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिम बंगाल की पॉलिटिकल सोशियोलॉजी का करीब से अध्ययन किया जाए तो मालूम होता है कि बीजेपी का सत्ता में आना एक बुनियादी बदलाव का संकेत है। केंद्रित राजनीति से हटकर राष्ट्रवादी और दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को ममता ने काफी बदला, लेकिन उनका क्षेत्रीयवाद किसी को सुहाया नहीं। अबकी बार कई पार्टियों के बीच मुकाबले की जगह मुख्य रूप से दो पार्टियों के बीच सीधा मुकाबला हुआ, जिसके परिदृश्य के मुख्य नए बदलावों में अन्य पिछड़ा वर्ग और दलितों को सामाजिक रूप से शामिल करने पर ज़ोर, सांस्कृतिक ध्रुवीकरण में तेज़ी और चुनाव के बाद होने वाली हिंसा में बढ़ोतरी शामिल है।

एशियाई जर्नल ऑफ़ कंपरेटिव पॉलिटिक्स के छह मई सन् 2022 के अंक में प्रकाशित एक शोधपत्र 'रीथिंकिंग रीजनल पॉलिटिक्सः बियोंड द 2021 वेस्ट बंगाल इलेक्शन्स' में समीक्षक विपिन कुमार चिरकरा ने कहा कि बंगाल और अन्य प्रांतों में क्षेत्रीय पार्टियों की आइडियोलॉजी बहुत स्पष्ट और अद्वितीय नहीं है, बल्कि सत्ता में बदलाव सिर्फ व्यक्तियों का बदलाव मात्र है। बंगाल अब मार्क्सवादी/क्षेत्रीय वर्चस्व से हटकर मुखर राष्ट्रवाद की ओर बढ़ रहा है; यह चुनिंदा धर्मनिरपेक्षता से हटकर 'बंगाली हिंदू सभ्यता' पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

> बंगाल और अन्य प्रांतों में क्षेत्रीय पार्टियों की आइडियोलॉजी बहुत स्पष्ट और अद्वितीय नहीं है, बल्कि सत्ता में बदलाव सिर्फ व्यक्तियों का बदलाव मात्र है। बंगाल अब क्षेत्रीय वर्चस्व से हटकर मुखर राष्ट्रवाद की ओर बढ़ रहा है।

सन् 2022 में आकलन करते समय चिरकरा ने कहा, 'बीजेपी ने वामपंथी/कांग्रेस की जगह मुख्य विपक्षी दल का स्थान ले लिया है, जिससे चुनाव अब तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ सीधी लड़ाई बन गए हैं।' बीजेपी ने ओबीसी, दलितों और आदिवासियों, विशेष रूप से उत्तरी बंगाल और जंगल महल में, को अपने पक्ष में करने पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे पारंपरिक, अभिजात वर्ग-संचालित राजनीतिक ढांचे टूट रहे हैं। अगर हमें इसे बहुत अच्छे से समझना है, तो हमें सन् 1891 में हर्बर्ट रिज्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'ट्राइब्स एंड कास्ट्स ऑफ़ बंगाल' के अलावा दो और महत्वपूर्ण स्रोतों जैसे कि आशुतोष मित्र की 1953 में प्रकाशित किताब 'द ट्राइब्स एंड कास्ट्स ऑफ़ बंगाल' एवं बंगाल के विभाजन से पहले के जो जिला गज़ेटीयर्स सन् 1905 से 1910 के बीच में तैयार किए गए और जिलों की सेटलमेंट रिपोर्ट्स को देखना होगा।

बंगाल में सवर्णों, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जातियों के सामाजिक-धार्मिक व्यवहार, फिरोजशाह तुगलक के ज़माने से बंगाल में मुसलमानों का आगमन और सरदारों को जागीरें देने से स्थानीय हिंदुओं का अवसान, सन् 1947 का विभाजन और पोस्ट-कॉलोनियल पॉलिटिक्स के अलावा बंगाल में अंग्रेजों के समय की जागीरदारी प्रथा और किसानों के जबरदस्त शोषण के इतिहास में सन् 2000 और 2026 के बीच के पॉलिटिकल बदलावों को समझना होगा। विदेशियों और विधर्मियों की आधीनता के अलावा शोषण के लंबे इतिहास ने यहां वाम को उभारा, लेकिन वामदलों को राजनीति से बाहर करने के लिए ममता ने जो पॉलिटिक्स की, उसकी डायनामिक्स को समझे बिना बीजेपी के सत्तासीन होने की डायनामिक्स को भी नहीं समझा जा सकता।

ममता के विद्रोही तेवर किसी गहन आर्थिक-सामाजिक बदलाव का द्योतक नहीं थे, बल्कि एक प्रकार के खतरनाक क्षेत्रीयवाद का परिचायक रहे। इस लंबे दौर में बंगाल की बौद्धिकों की भूमिका बंगाल के आवाम की बहबूदी के लिए नहीं रही, बल्कि अंग्रेजों को प्रभावित करने, कॉलोनियल लिगेसी को बनाए रखने और एक अलग इलीट वर्ग के उदय से जुड़ी रही। कम्युनिस्टों के शासन काल में बंगाल के इंडस्ट्रियल परिदृश्य को मजदूरों के अराजक आंदोलनों ने ध्वस्त कर दिया। मुर्शिदाबाद से संचालित नबाबी संस्कृति को कलकत्ता की कॉलोनियल चकाचौंध ने फीका कर दिया और वे स्थल सिर्फ एक टूरिस्ट अट्रैक्शन बन कर रह गए।

सन् 1947 के बाद से बंगाल के पहाड़ी क्षेत्रों (दार्जिलिंग) को सिर्फ मनोरंजन स्थल समझा गया और वहां विकास के नाम कलकत्ता की सरकारों ने कुछ न किया। परिणाम स्वरुप सुभाष घीसिंग के नेतृत्व में हिंसक आंदोलन हुए, जिन्हें सेंट्रल गवर्नमेंट ने ही कंट्रोल किया, लेकिन दार्जिलिंग हिल्स ऑटोनोमस काउंसिल बनाने की कीमत पर।

हिंदू सांस्कृतिक पहचान पर बढ़ा हुआ ज़ोर सिर्फ ममता की राजनीतिक अदूरदर्शिता का परिणाम है, जिसकी जड़ में मुस्लिम समाज को सामान अवसर और सामान विकास से परे हटकर स्टेट फंड्स से भारी उपकार राशि आवंटित की गई और दक्षिण-पश्चिम के जिलों के किसानों की तरक्की के लिए जो पैसा खर्च होना था, उसे डाइवर्ट कर दिया गया। इससे क्षेत्रीय धार्मिक इर्ष्या को बढ़ावा मिला। धार्मिक अभिव्यक्तियों का संभावित सामान्यीकरण किया जाना सही नहीं था।

बंगाल के सामने लंबे समय से चले आ रहे औद्योगिक ठहराव को हल करने की चुनौती है, साथ ही बीजेपी को बंगाल में अब एक विरोध-आधारित आंदोलन से हटकर एक सत्ताधारी पार्टी के रूप में काम करना सीखना है। अतीत के राजनीतिक ठहराव को समाप्त करते हुए तीव्र सांस्कृतिक और राजनीतिक बदलावों पर अब एक पब्लिक डिस्कोर्स की जरूरत है, जोकि बंगाल की यूनिवर्सिटीज़ और शांति निकेतन के बौद्धिकों को सोचना है।

ममता बनर्जी ने जिस तरह से पंद्रह सालों में बंगाल को 'मेरा बंगाल' कहकर पीड़ित बताया, वह बंगाल की जनता के साथ एक भावात्मक धोखे से अधिक नहीं निकला। भारत में इस समय एक तरह की राजनीतिक आक्रामकता देखने को मिल रही है, और इसके साथ ही एक 'पुनर्सांस्कृतिकरण' की प्रक्रिया भी बड़ी ही सूक्ष्मता से सामाजिक रीति-रिवाजों को बदल रही है। राजनीतिक परिदृश्य में बढ़ती अराजकता की इस प्रचंडता को काबू कर पाना व्यवहारिक राजनीति का अभिन्न अंग है, जिसके लिए हर बार केंद्रीय सिक्यूरिटी फोर्सेज का बढ़ता इस्तेमाल एक तीव्र सूचक के तौर से हमारे सामने है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे– सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं– ये नाकामी के सबूत हैं। हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं, ताकि खुद जवाबदेही से बच निकलें।

-राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि क्या जवाहरलाल नेहरू 1962 में चीन के साथ युद्ध के दौरान असफल थे। उस समय लोगों से सोना दान करने के लिए कहा गया था। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी इसी तरह की अपील की थी।

-सुधांशु त्रिवेदी
भाजपा प्रवक्ता



# एआई के जिन्न पर मस्क की चेतावनी के निहितार्थ



डॉ. शिवम भारद्वाज
एसोसिएट प्रोफेसर

आधुनिक दुनिया में साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी विषय नहीं रह गई है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और लोकतांत्रिक व्यवस्था से सीधे जुड़ा प्रश्न बन चुकी है। जिस तरह दुनिया का बड़ा हिस्सा डिजिटल ढांचों पर निर्भर होता जा रहा है, उसी अनुपात में साइबर खतरों का दायरा भी बढ़ रहा है। ऐसे समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक ऐसे औजार के रूप में देखा जा रहा है, जो इन खतरों से निपटने की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है, लेकिन यही वह बिंदु भी है, जहां उम्मीद और आशंका साथ-साथ खड़ी दिखाई देती हैं।

मशहूर टेक कारोबारी एलन मस्क और ओपनए आई के बीच चल रहा अदालती विवाद इसी बड़े द्वंद्व को सामने लाता है। मस्क का आरोप है कि ओपन एआई की स्थापना सुरक्षित और मानव-हितैषी एआई विकास के जिस उद्देश्य से हुई थी, वह अब भारी निवेश और व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के दबाव में एक अलग दिशा में बढ़ रही है। इस विवाद को केवल निजी या कारोबारी टकराव मानकर खारिज करना आसान होगा, लेकिन इससे उठने वाला सवाल कहीं अधिक गंभीर है। क्या इतनी शक्तिशाली तकनीक को पूरी तरह बाजार की ताकतों के भरोसे छोड़ा जा सकता है?

> एलन मस्क और ओपन एआई के बीच चल रहा अदालती विवाद बड़े द्वंद्व को सामने लाता है। क्या इतनी शक्तिशाली तकनीक को पूरी तरह बाजार की ताकतों के भरोसे छोड़ा जा सकता है?

मस्क यह चेतावनी भी दे चुके हैं कि आने वाले वर्षों में एआई इंसानी निर्णय क्षमता से आगे निकल सकती है, मनमानी कर सकती है। उनकी आशंकाओं को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन यह सच है कि एआई अब केवल निर्देश मानने वाली प्रणाली नहीं रह गई है। वह पैटर्न पहचानती है, प्राथमिकताएं तय करती है और कई बार इंसान से तेज फैसले लेने लगती है। यही कारण है कि एआई को लेकर बहस अब तकनीकी सुविधा की नहीं, बल्कि नियंत्रण और जवाबदेही की बन चुकी है।

एंथ्रोपिक जैसी कंपनियां ऐसे उन्नत एआई मॉडल विकसित कर रही हैं, जिनका उद्देश्य दुनिया के डिजिटल ढांचों— नेटवर्क, सॉफ्टवेयर और साइबर प्रणालियों की कमजोरियों को पहले से पहचानना है। दावा यह है कि ये मॉडल लाखों पंक्तियों के कोड और नेटवर्क गतिविधियों का विश्लेषण कर उन खामियों को भी खोज सकते हैं, जिन्हें इंसानी विशेषज्ञ वर्षों तक नहीं पकड़ पाते। इस संदर्भ में 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग' जैसी पहलें महत्वपूर्ण हो जाती हैं। पहली नजर में यह तकनीक साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि लगती है। दुनिया भर में सरकारें, बैंकिंग प्रणाली, ऊर्जा संयंत्र, अस्पताल और रक्षा संस्थान लगातार साइबर हमलों के खतरे से जूझ रहे हैं। ऐसे में यदि एआई संभावित हमलों का पहले से पता लगा सके और सुरक्षा तंत्र को मजबूत बना सके, तो यह स्वाभाविक रूप से उपयोगी प्रतीत होता है।

समस्या यहीं से शुरू होती है। अगर कोई उन्नत एआई मॉडल नेटवर्क की कमजोरियां असाधारण गति से खोज सकता है, तो वही क्षमता किसी साइबर अपराधी या शत्रुतापूर्ण संगठन के हाथों में हमले का औजार भी बन सकती है। यही वजह है कि कुछ कंपनियां अपने सबसे शक्तिशाली मॉडलों को सार्वजनिक रूप से जारी करने से हिचक रही हैं और उन्होंने इन्हें अभी केवल चुनिंदा टेक कंपनियों और सुरक्षा संस्थानों के साथ सीमित दायरे में साझा किया है।

दुनिया में पहले ही ऐसे उदाहरण सामने आ चुके हैं, जहां एआई आधारित प्रणालियों ने गंभीर गलतियां कीं। स्वास्थ्य सेवाओं में इस्तेमाल किए गए कुछ एल्गोरिद्म ने जरूरतमंद मरीजों को कम प्राथमिकता दी, क्योंकि वे पक्षपाती आंकड़ों पर आधारित थे। रियल-एस्टेट क्षेत्र में एल्गोरिद्मिक मॉडल बाजार की जटिलता को समझ नहीं पाए और भारी आर्थिक नुकसान हुआ। कुछ बॉट्स ने संवेदनशील मानसिक स्थिति वाले लोगों को संतुलित करने के बजाय उनके भ्रम को और मजबूत किया। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि मशीनें तार्किक दिख सकती हैं, लेकिन उनका तर्क हमेशा मानवीय संदर्भ नहीं समझता।

मस्क की चिंता भी मोटे तौर पर इसी दिशा में है। उनका कहना है कि यदि एआई का विकास केवल मुनाफ़े और प्रतिस्पर्धा की मानसिकता के साथ आगे बढ़ा, तो सुरक्षा और नैतिकता पीछे छूट जाएंगी। यह डर पूरी तरह निराधार नहीं लगता, क्योंकि एआई विकास की वर्तमान दौड़ में अरबों डॉलर का निवेश और 'पहले बाजार में पहुंचने' की होड़ शामिल है। ऐसे माहौल में स्वैच्छिक संयम लंबे समय तक टिक पाना कठिन है।

इसका असर केवल कारोबार या साइबर सुरक्षा तक सीमित नहीं रहेगा। लोकतंत्र भी इससे अछूते नहीं हैं। डीपफेक, फर्जी सूचनाएं और लक्षित डिजिटल प्रचार पहले ही सार्वजनिक विमर्श को प्रभावित कर रहे हैं। एआई की मदद से सच और झूठ के बीच की रेखा और धुंधली होती जा रही है। यही वजह है कि कई विशेषज्ञ अब एआई को केवल तकनीकी नहीं, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक चुनौती भी मानने लगे हैं। यहीं से नीति और शासन का प्रश्न केंद्रीय हो जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# कहानी 'कॉव' की

ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय सन् 1961 में भारत आईं। एक रिसेप्शन पार्टी के दौरान एक गुलदस्ता उनपर फेंका गया, जिसे उछलकर बीच में ही किसी ने कैच कर लिया, उस समय महारानी ने चौंककर उन्हें देखा और मुस्कुरा कर कहा 'गुड क्रिकेट'। वो शख्स कोई और नहीं, बल्कि तत्कालीन आईबी के सहायक निदेशक आरएन कॉव थे, जो बाद में 'रॉ' चीफ बने।



रश्मि त्रिपाठी
ब्लॉगर

जब इंदिरा जी सत्ता में आईं, तो उन्हें देश के लिए विदेशी खुफिया जानकारियां जुटाने के लिए एक खुफिया एजेंसी की जरूरत महसूस हुई और उन्होंने आईबी के अच्छे आफिसरों को लेकर 'रॉ' यानी Research and Analysis Wings का गठन किया। रॉ की कमान संभालने के बाद उन्होंने इसे प्रोफेशनल खुफिया एजेंसी के तौर पर बनाया, ब्लूप्रिंट सरकार को दिया, पर खुद ही रॉ के लिए ढाई सौ एजेंट चुने। उनका प्रभाव इतना था कि सभी रॉ एजेंटों को 'कॉवब्यायज' ही कहा जाता था। आरएन कॉव वाराणसी से थे, उनका जन्म 10 मई 1918 को और मृत्यु 20 जनवरी 2002 को हुई, उन्होंने पंडित नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक के साथ काम किया। आजाद भारत में वे आईबी के सहायक निदेशक बने। इस दौरान उन्हें पंडित नेहरु की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया।

कॉव जब आईबी के सहायक निदेशक थे, उस समय उन्हें एक खुफिया ऑपरेशन करने का मौका मिला था, एअर इंडिया का एक विमान जिसका नाम था 'कश्मीर प्रिंसेस'। वो हांगकांग से जकार्ता के लिए जाने वाला था और उसमें चीन के प्रधानमंत्री यूएन लाई वाडुंग जाने वाले थे। अंतिम समय में स्वास्थ्य कारणों से वे नहीं जा पाए और विमान इंडोनेशिया के तट पर जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, तब कॉव साहब को इसकी जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने जांच करके बताया कि इसमें ताइवान की खुफिया एजेंसी का हाथ है, चीनी प्रधानमंत्री उनसे इतने प्रभावित हुए कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर बुलाकर सम्मानित किया।

इस जांच के लिए उस समय आईबी चीफ भोलानाथ मलिक ने स्पेशली उनका नाम नेहरु जी को भेजा था, क्योंकि ये बेहद संवेदनशील थी, इसमें पांच देशों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। पहली तो भारत जिसका विमान था, दूसरी वो विमान अमेरिका में बना था। तीसरी चीन के प्रधानमंत्री उसमें जाने वाले थे, चौथी विमान हांगकांग से उड़ा था और इंडोनेशिया की सीमा पर गिरा था।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# ओपेक से यूएई के अलग होने का वैश्विक प्रभाव

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओपेक और ओपेक प्लस की अपनी लगभग 59 साल पुरानी सदस्यता आधिकारिक रूप से समाप्त कर दी। यूएई के इस अलगाव की चर्चाओं ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हलचल पैदा कर दी है, क्योंकि इस निर्णय का तेल की कीमतों, आपूर्ति-प्रणाली और वैश्विक आर्थिक संतुलन पर व्यापक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। यूएई की ओपेक में लगभग 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी है और यह इस समूह का लगभग तीसरा बड़ा उत्पादक है।

ओपेक की स्थापना सितंबर 1960 में हुई थी। यह तेल उत्पादक देशों के बीच एक समन्वयक संस्था के रूप में कार्य कर रहा है। ओपेक का कार्य तेल उत्पादन को नियंत्रित करके कीमतों में स्थिरता बनाए रखना है। यूएई जैसे महत्वपूर्ण भागीदार के इस संगठन से अलग होने से ओपेक की एकजुटता प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होगी और वैश्विक ऊर्जा बाजार में संतुलन भी बदल सकता है।



प्रो. एचसी पुरोहित
दून यूनिवर्सिटी

यूएई के इस निर्णय का सीधा प्रभाव तेल की कीमतों पर पड़ सकता है। ओपेक की ताकत उसके सदस्य देशों के बीच उत्पादन को नियंत्रित करने की सामूहिक क्षमता में निहित है। यूएई इस व्यवस्था से बाहर आकर स्वतंत्र रूप से उत्पादन बढ़ाता है, तो वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति बढ़ सकती है, जिससे कीमतों में गिरावट आ सकती है, हालांकि यह गिरावट स्थायी नहीं होगी, लेकिन यह वैश्विक बाजार को काफी हद तक अस्थिर करने में निर्णायक सिद्ध होगी। दीर्घकाल में, जब ओपेक में समन्वय कमजोर होगा, तब बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है, जिससे तेल कीमतों में अचानक उतार-चढ़ाव हो सकता है।

यूएई के अलग होने से स्पष्ट है कि ओपेक के भीतर मतभेद बढ़ रहे हैं। इससे अन्य सदस्य देश, जैसे सऊदी अरब, कुवैत, इराक, लीबिया, इंडोनेशिया आदि भी अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार स्वतंत्र नीति अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। इस प्रकार, वैश्विक ऊर्जा शासन में विखंडन की प्रवृत्ति बढ़ेगी, जिससे ओपेक के अस्तित्व पर भी प्रश्न खड़े हो सकते हैं।

यूएई का निर्णय वैश्विक आर्थिक स्थिरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यदि कीमतें गिरती हैं, तो परिवहन और उत्पादन लागत में कमी आएगी, जिससे महंगाई पर नियंत्रण संभव होगा। इसके विपरीत, यदि कीमतों में अस्थिरता बढ़ती है, तो यह आपूर्ति-श्रृंखला को प्रभावित कर सकती है, जिससे महंगाई बढ़ सकती है। तेल के सस्ता होने से नवीकरणीय ऊर्जा, सौर और पवन ऊर्जा में निवेश की गति भी धीमी हो सकती है, जो 'ग्रीन ट्रांजिशन' की दिशा को प्रभावित करेगा और दीर्घकाल में नेट जीरो का लक्ष्य भी प्रभावित होगा।

भारत पर इसके प्रभाव बहुआयामी होंगे, क्योंकि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। हम अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग 85 प्रतिशत आयात करते हैं। ऐसे में तेल की कीमतों में कोई भी परिवर्तन सीधे भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। यूएई द्वारा तेल का उत्पादन बढ़ाने से तेल की कीमतों में गिरावट होना स्वाभाविक है और यह स्थिति भारत के लिए लाभकारी अवसर के रूप में उभरेगी। भारत सस्ते तेल का लाभ उठाकर अपने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को बढ़ा सकता है, जिससे किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम होगी। यूएई के इस कदम से स्थानीय मुद्रा में व्यापार को बढ़ावा मिल सकता है। भारत और यूएई रुपये और दरहम में तेल भुगतान से अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता घटेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह* 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

चर्चित ब्रितानी कलाकार बैंक्सी का नवीनतम मूर्तिशिल्प, जिसे मध्य लंदन के वॉटरलू पैलेस में स्थापित किया गया है। समकालीन कला के उस हस्तक्षेपकारी स्वभाव को और तीव्रता से रेखांकित करती है, जहां कला केवल रूप-सौंदर्य तक सीमित नहीं रहती, बल्कि सत्ता, विचारधारा और सार्वजनिक चेतना के बीच सक्रिय संवाद स्थापित करती है। यह कृति, जिसमें एक सूटधारी राजनेता अपने ही झंडे से अंधा होकर शून्य की ओर अग्रसर है। समकालीन राजनीतिक विवेक के उस संकट का रूपक बन जाती है, जिसकी झलक आज दुनियाभर के कई देशों में स्पष्ट हो चुकी है।

# बैंक्सी की वाटरलू मूर्ति

## वैश्विक प्रतिक्रियाएं और समकालीन कला







सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

बैंक्सी की निजता अभी तक एक रहस्य ही है, किंतु इस बार उनके द्वारा या उनके नाम से स्थापित यह मूर्तिशिल्प कुछ नए सवाल भी उठाते हैं। यहां यह प्रश्न इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि इस बार बैंक्सी की कृति एक प्रमुख शहरी स्थल पर 'स्थापित' होती है, न कि पारंपरिक ग्राफिटी की तरह किसी 'अवैध हस्तक्षेप' के रूप में।

जाहिर है ऐसे में यह परिवर्तन समकालीन कला की संस्थागत स्वीकृति की ओर संकेत करता है। पहले जहां बैंक्सी की कला 'विरोध' के रूप में दीवारों पर उभरती थी, वहीं अब वही कला शहर के दृश्य-परिदृश्य का अधिकृत हिस्सा बनती दिखती है।

यहां एक द्वंद्व उत्पन्न होता है कि क्या यह अब भी प्रतिरोध की कला है या वह धीरे-धीरे सत्ता-संरचना द्वारा स्वीकृत हो रही है? या कहें कि घुलमिल रही है। वैश्विक कला आलोचना में यह बहस नई नहीं है, क्योंकि इससे पहले भी जीन-मिशेल बास्किया और कीथ हेरिंग जैसे कलाकारों के साथ भी यही हुआ, जहां उनकी कलाकृतियां पहले तो सड़क की विद्रोही कला के तौर पर सामने आई किंतु अंततः उनकी कृतियां कला दीर्घाओं और कला बाजार का हिस्सा बन गईं।

बहरहाल इस मूर्ति पर विश्वभर में मिली प्रतिक्रियाओं को मुख्यतः तीन श्रेणी में रखकर समझा जा सकता है, जिसमें पहली है राजनीतिक प्रतिक्रिया, जिसके तहत कई विश्लेषकों ने इसे दक्षिणपंथी राष्ट्रवाद और अधिनायकवाद की तीखी आलोचना के रूप में देखा है। यूरोप, अमेरिका और एशिया के संदर्भों में यह कृति उस 'अंध राष्ट्रवाद' की ओर संकेत करती है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर सकता है।

वहीं कलात्मक/सौंदर्यशास्त्रीय प्रतिक्रिया के तहत इसे कला समीक्षकों के एक वर्ग द्वारा इसकी न्यूनतावादी संरचना और सशक्त रूपक को सराहा जा रहा है। क्योंकि यहां बैंक्सी बिना किसी जटिल संरचना के, एक सीधी दृश्य भाषा में गहन राजनीतिक अर्थ या संदेश संप्रेषित करते हैं, जो समकालीन 'राजनीतिक अभिव्यक्ति वाली कला' की प्रमुख विशेषता है। उधर इस मूर्तिशिल्प पर संशय और आलोचना भी सामने है। क्योंकि कुछ आलोचकों ने इस कृति की 'प्रामाणिकता' और 'अनामता' पर प्रश्न उठाए हैं। क्योंकि बैंक्सी की पहचान को लेकर वर्षों से चल रही जिज्ञासा और समय-समय पर हुए असफल खुलासे इस धारणा को जन्म देते हैं कि यह संभवतः किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि एक संगठित बौद्धिक समूह का कार्य हो सकता है।

यहां बैंक्सी एक 'कलाकार' से अधिक एक 'बनाए गए मिथक' के तौर पर चिन्हित होते हैं। एक ऐसा मिथक बनकर, जो समकालीन समाज में आलोचनात्मक आवाज को सुरक्षित दूरी से व्यक्त करने का माध्यम बन गया है। वैसे यदि हम इसे वैश्विक कला इतिहास के संदर्भ में देखें, तो यह कृति 20 वीं सदी में प्रचलित हुए अवां-गार्द और क्रांतिकारी कला-आंदोलनों की उत्तराधिकारी प्रतीत होती है। उदाहरण के लिए, व्लादिमीर टैटलिन की कृति 'तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का स्मारक' (Monument to the Th ırd Internat ıonal) एक यूटोपियन भविष्य की कल्पना करता है, जहां कला और राजनीति एक नई सामाजिक संरचना का निर्माण करते हैं।

इसी प्रकार, चर्चित सोवियत मूर्तिशिल्प 'श्रमिक और कोलखोज महिला' (Worker and Kolkhoz Woman) प्रगति, श्रम और सामूहिकता के आदर्श को महिमामंडित करती है। बात मूर्तिकार रामकिंकर बैज की कृति 'मिल की पुकार' (Mill Call) भारतीय आधुनिक मूर्तिकला का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। इसमें श्रमिकों को मिल की पुकार पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दर्शाया गया है, जो औद्योगिक श्रम-संस्कृति और सामूहिक ऊर्जा का सशक्त प्रतीक है। आकृतियों की गतिशीलता, खुरदरी सतह और स्थानीय सामग्री का प्रयोग इसे अकादमिक यथार्थवाद से अलग करता है। यह कृति श्रम की गरिमा, वर्ग-चेतना और आधुनिक भारत के उभरते औद्योगिक समाज को व्यक्त करती है। साथ ही, इसमें लोक जीवन की सहजता और आधुनिकतावादी प्रयोगधर्मिता का अनूठा संगम भी दिखाई देता है।



### वैचारिक हस्तक्षेप और कला

बैंक्सी की यह कृति इन परंपराओं के विपरीत बतौर एक "विरोधी स्मारक" सामने आती है। क्योंकि ऐसी स्थिति में यह किसी आदर्श की स्थापना नहीं करती, बल्कि आदर्शों के विघटन को सामने लाती है। जहां इससे पहले के मूर्तिशिल्प 'स्थिर सत्य' का प्रतिनिधित्व करती थीं, वहां बैंक्सी का यह मूर्तिशिल्प या संस्थापन 'संदेह' और 'संकट' का प्रतिनिधित्व करती है। स्पष्ट है कि इस मूर्तिशिल्प के माध्यम से बैंक्सी एक बार फिर यह सिद्ध करते हैं कि समकालीन कला केवल दृश्य अनुभव नहीं, बल्कि वैचारिक हस्तक्षेप भी है। किंतु इस बार उनकी कला एक नए मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है, जहां वह एक साथ प्रतिरोध भी है और संस्थागत स्वीकृति का हिस्सा भी।

ऐसे में यह अनुमान है कि इसके पीछे किसी बौद्धिक समूह की भूमिका हो सकती है, वैश्विक आलोचना में भी समय-समय पर उठता रहा है। परंतु शायद बैंक्सी जैसे किसी कलाकार की वास्तविक शक्ति इसी 'अनिश्चितता' में ही निहित है। बहरहाल, यह मूर्ति हमें एक महत्वपूर्ण प्रश्न के सामने खड़ा करती है कि क्या समकालीन कला अब भी सत्ता के विरुद्ध एक स्वतंत्र आवाज है या वह स्वयं सत्ता-संरचना का एक परिष्कृत उपकरण बनती जा रही है? जाहिर है बैंक्सी यहां इस प्रश्न का उत्तर तो नहीं देते, लेकिन वे इस प्रश्न को और धारदार जरूर बना देते हैं।

# मलाणा गांव : जहां होती है अकबर की पूजा

**अनोखी परंपरा**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित मलाणा गांव अपनी अनोखी परंपराओं, प्राचीन शासन व्यवस्था और रहस्यमयी मान्यताओं के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। यह गांव आधुनिकता से काफी हद तक दूर है और अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को आज भी सहेजकर रखा हुआ है। मलाणा की सबसे रोचक विशेषताओं में से एक यह है कि यहां मुगल सम्राट अकबर को देवता के रूप में पूजा जाता है। स्थानीय लोगों का विश्वास है कि अकबर ने किसी समय इस गांव के लोगों को न्याय दिलाया था, जिसके बाद से उन्हें देवतुल्य मानकर सम्मान दिया जाता है। यहां का प्रमुख देवता जमलू देवता माने जाते हैं, जिनके आदेशों और परंपराओं का पालन गांव के सभी निवासी करते हैं।

इस गांव की सामाजिक व्यवस्था भी अत्यंत अनूठी है। मलाणा को भारत के सबसे पुराने लोकतंत्रों में से एक माना जाता है, जहां आज भी पारंपरिक पंचायत प्रणाली के तहत निर्णय लिए जाते हैं। यहां बाहरी लोगों के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं। यदि कोई बाहरी व्यक्ति गांव की दीवार, घर, मंदिर या किसी वस्तु को छू लेता है, तो उसे जुर्माना देना पड़ता है, जो आमतौर पर 1000 से 2500 रुपये तक हो सकता है। इस संबंध में जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, ताकि पर्यटक नियमों का उल्लंघन न करें।

यहां खरीदारी का तरीका भी अलग है। बाहरी लोग दुकानों के अंदर प्रवेश नहीं कर सकते और न ही किसी वस्तु को सीधे छू सकते हैं। ग्राहक दुकान के बाहर खड़े होकर सामान मांगते हैं, दुकानदार कीमत बताता है और पैसे बाहर ही रखवाए जाते हैं। इसके बाद सामान भी बाहर ही रख दिया जाता है। यह व्यवस्था गांव की शुद्धता और परंपराओं को बनाए रखने के उद्देश्य से अपनाई गई है।

मलाणा अपनी विशिष्ट भाषा "कनाशी" के लिए भी जाना जाता है, जिसे केवल स्थानीय लोग ही समझते हैं। इसके अलावा, यह गांव अपनी उच्च गुणवत्ता वाली 'मलाणा क्रीम' (हशीश) के कारण भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहा है, हालांकि यह अवैध है और प्रशासन द्वारा इस पर सख्ती से रोक लगाई गई है। पर्यटकों के लिए यहां ठहरने की अनुमति गांव के भीतर नहीं होती। उन्हें गांव के बाहर टेंट या गेस्टहाउस में रुकना पड़ता है। हर साल हजारों पर्यटक इस रहस्यमयी गांव की परंपराओं और प्राकृतिक सुंदरता को देखने के लिए यहां आते हैं। मलाणा न केवल अपनी अलग पहचान के कारण आकर्षित करता है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की विविधता और गहराई का भी अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है।





**आर्ट गैलरी**

# प्रतीकों के जादूगर की चर्चित कृति 'द मास्क'


द मास्क के. जी. सुब्रमण्यन की चर्चित कृतियों में से एक है, जिसमें उन्होंने पहचान और सामाजिक व्यवहार के विषय को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। इस पेंटिंग में 'मुखौटा' केवल चेहरे को ढंकने वाली वस्तु नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर छिपे अनेक व्यक्तित्वों का प्रतीक बनकर उभरता है।

चित्र में साहसिक रेखाओं, चटख रंगों और बहुआयामी आकृतियों का प्रयोग किया गया है। पेंटिंग के विभिन्न हिस्से दर्शकों को अलग-अलग भावनाओं और अर्थों की ओर ले जाते हैं। कहीं रहस्य का भाव दिखाई देता है, तो कहीं व्यंग्य और आत्मविश्वास की झलक मिलती है।

इस कृति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह दर्शक को सोचने पर मजबूर करती है कि समाज में लोग किस प्रकार अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग चेहरे पहनते हैं।

आधुनिक शैली में बनी यह पेंटिंग भारतीय लोक कला की झलक भी प्रस्तुत करती है, जो सुब्रमण्यन की कला की खास पहचान रही है। द मास्क केवल एक चित्र नहीं, बल्कि मनुष्य की पहचान, सामाजिक संबंधों और आंतरिक मनोविज्ञान पर आधारित एक गहरी कलात्मक अभिव्यक्ति है।

### सुब्रमण्यन के बारे में



के. जी. सुब्रमण्यन भारतीय आधुनिक कला जगत के ऐसे कलाकार थे, जिन्होंने परंपरा और आधुनिकता के बीच एक सुंदर सेतु बनाया। वे केवल चित्रकार ही नहीं, बल्कि लेखक, शिक्षक, शिल्पकार और विचारक भी थे। उनकी कला में भारतीय लोक संस्कृति, मिथक, ग्रामीण जीवन और आधुनिक समाज की जटिलताओं का अनूठा मिश्रण दिखाई देता है।

1924 में केरल में जन्मे सुब्रमण्यन ने बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय से कला शिक्षा प्राप्त की तथा बाद में शांतिनिकेतन से भी जुड़े। उन्होंने कला को केवल दीर्घाओं तक सीमित न रखकर आम जीवन से जोड़ने का प्रयास किया। वे मानते थे कि कला लोगों के अनुभवों और संस्कृति से जन्म लेती है। उनकी रचनाओं में रंगों की जीवंतता, प्रतीकों का प्रयोग और कल्पनाशीलता प्रमुख रूप से दिखाई देती है। उन्होंने चित्रकला के साथ-साथ भित्ति चित्र, खिलौने, रेखाचित्र और लेखन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। भारतीय आधुनिक कला को नई दिशा देने वाले कलाकारों में उनका नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,559.24 | 23,379.55 |
| गिरावट | 1,456.04 | 436.30 |
| प्रतिशत में | 1.92 | 1.83 |

सोना प्रति 10 ग्राम 1,51,078

चांदी प्रति किलो 2,90,000

अमृत विचार

मुरादाबाद, बुधवार, 13 मई 2026

www.amritvichar.com



# तेल की चिंता से बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 1456, निफ्टी 436 अंक फिसला

## 2.75 प्रतिशत बढ़कर 107.1 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,456 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,500 अंक के नीचे आ गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर अनिश्चितता से बाजार धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा है। देशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी और रुपये के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

चौतरफा बिकवाली के बीच, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,456.04 अंक यानी 1.92 प्रतिशत टूटकर 74,559.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार दौरान, यह 1,565.78 अंक लुढ़क कर 74,449.50 अंक पर आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 3,412 में गिरावट रही जबकि 869 शेयर लाभ में रहे। वहीं 129 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 436.30 अंक यानी 1.83 प्रतिशत का गोता लगाकर 23,379.55 अंक पर बंद हुआ।

चार कारोबारी सत्रों में, बीएसई सूचकांक 3,399.28 अंक यानी 4.36 प्रतिशत लुढ़का जबकि निफ्टी 951.4 अंक यानी 3.91 प्रतिशत नीचे आया है।

डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 40 पैसे लुढ़ककर 95.68 प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया।



### रुपया 40 पैसे टूटकर अबतक के निचले स्तर 95.68 प्रति डॉलर

**नुकसान में रहे शेयर :-** सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप नुकसान में रहे।

**बढ़त के साथ बंद हुए :-** सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में तेजी रही।

### कच्चे तेल की कीमतों से आया दबाव

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और एफआईआई की पूंजी निकासी के कारण रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर आने से घरेलू शेयर बाजार दबाव में रहे। आईटी और रियल एस्टेट शेयरों में गिरावट व्यापक रही। आईटी शेयरों का प्रदर्शन खराब रहा क्योंकि एआई (कृत्रिम मेधा) संचालित मूल्य दबाव को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।

### मिडकैप 2.92, स्मॉलकैप 2.73 प्रतिशत लुढ़का

- बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.92 प्रतिशत नीचे आया।
- छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 2.73 प्रतिशत लुढ़क गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 8,437.56 करोड़ रुपये के शेयर बेचे
- एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग निचले स्तर पर बंद हुए, जबकि जापान का निक्की लाभ में रहा। यूरोप के बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था।
- अमेरिकी बाजार सोमवार को सकारात्मक स्तर पर बंद हुए थे।

## बिजनेस ब्रीफ

### इंडिगो का ग्रेट कनेक्शन फेस्ट सेल, किराया 3,999 रुपये से शुरू

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने मंगलवार को ग्रेट कनेक्शन फेस्ट की घोषणा की जिसमें किराया 3,999 रुपये से शुरू है। एयरलाइंस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह सेल 12 मई से 15 मई जारी रहेगा और टिकट 22 मई से 30 सितंबर 2026 की यात्रा के लिए बुक कराये जा सकेंगे। यह सेल सभी रूट पर मान्य है। इसके तहत सभी शुल्कों और करों समेत घरेलू मार्गों पर न्यूनतम किराया 3,999 रुपये और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 9,999 रुपये है। इंडिगो की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि चुनिंदा एड-ऑन सेवाओं पर भी लोग विशेष छूट का लाभ उठा सकते हैं - फास्ट फॉरवर्ड सेवा 250 रुपये से और इमरजेंसी एक्सएल सीट 500 रुपये से उपलब्ध होगी।

### श्रम सुधार पूरी तरह लागू, सरकार गरीबों की समर्थक: मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार ने चार नयी श्रम संहिताओं को पूरी तरह लागू कर दिया है और वर्तमान सरकार गरीबों की समर्थक एवं उद्योग अनुकूल है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि श्रम एवं उद्योग को प्रभावी समन्वय के लिए एक-दूसरे के पूरक बनना चाहिए और बदलाव के साथ तालमेल बैठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चार नई श्रम संहिताओं ने 29 श्रम कानूनों को एक सरल और आधुनिक ढांचे में समाहित कर दिया है। केंद्र सरकार ने इस महीने की शुरुआत में पांच साल से अधिक समय के इंतजार के बाद नियम अधिसूचित कर चारों श्रम संहिताओं को पूरी तरह लागू कर दिया। ये चार संहिताएं वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता 2020 हैं।

### सरकारी बैंकों ने एक साल में कमाया 1.98 लाख करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मजबूत प्रदर्शन वित्त वर्ष 2025-26 में भी जारी रहा और उन्होंने परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार के साथ रिकॉर्ड मुनाफा कमाया। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि सार्वजनिक बैंकों ने इस साल 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में संयुक्त रूप से 3.21 लाख करोड़ रुपये का परिचालन लाभ कमाया। उनका शुद्ध लाभ 1.98 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया जो सालाना 11.1 प्रतिशत अधिक है। यह लगातार चौथा साल है जब सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने संयुक्त रूप से शुद्ध लाभ अर्जित किया है। बीते वित्त वर्ष पीएसबी का कुल कारोबार 12.8 प्रतिशत बढ़कर 283.3 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### राजस्थान में जस्ता तार संयंत्र लगाएगा हिंदुस्तान जिंक लि.

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान में जस्ता तार बनाने वाली इकाई लगाने के लिए मंगलवार को ग्रुप निर्मल के साथ समझौता किया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस संबंध में भीलवाड़ा जिले में स्थित उसके जिंक इंडस्ट्रियल पार्क में संयंत्र लगाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

## निवेश की पाठशाला

# सोने के बढ़ते आयात को क्यों घटाना है जरूरी

**कारोबार डेस्क**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया में तनाव के मद्देनजर मितव्ययिता अपनाने की अपील के बीच भारत में सोने का बढ़ता आयात चर्चा का केंद्र बन गया है। मोदी ने रविवार को कहा था कि सरकार लोगों को पश्चिम एशिया संकट के प्रतिकूल प्रभाव से बचाने की कोशिश कर रही है। ईंधन का विवेकपूर्ण इस्तेमाल, सोने की खरीद टालने तथा विदेश यात्राओं को स्थगित करने जैसे कदम उठाने की जरूरत है ताकि अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। इसी बीच भारत में सोने का आयात तेजी से बढ़ा है, जिससे सरकार और अर्थशास्त्री चिंतित हैं। भारत दुनिया में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा सोना खरीदने वाला देश है। आइए समझते हैं इससे जुड़ी हर बात...

### भारत कितना सोना आयात कर रहा है?

- 2019-20: 28.2 अरब डॉलर
- 2020-21: 34.62 अरब डॉलर
- 2021-22: 46.14 अरब डॉलर
- 2022-23: 35 अरब डॉलर
- 2023-24: 45.54 अरब डॉलर
- 2024-25: 58 अरब डॉलर
- 2025-26: 71.98 अरब डॉलर (रिकॉर्ड स्तर)

यानी सिर्फ एक साल में सोने का आयात 24% से ज्यादा बढ़ गया।



### कम खरीदा तो आयात बढ़ा कैसे

पिछले साल सोना खरीदा कम गया, फिर भी आयात बढ़ गया, आखिर क्यों? दरअसल आयात की मात्रा घटी, लेकिन बिल बढ़ गया।

वर्ष 2024-25 में आयात : 757 टन

वर्ष 2025-26 में आयात : 721 टन

सोना कम आया, लेकिन उसका कुल खर्च बहुत बढ़ गया।

### वजह क्या है?

वास्तव में सोने की कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं। पहले कीमत : लगभग 76,600 डॉलर प्रति किलो थी जो अब बढ़कर लगभग 99,800 डॉलर प्रति किलो हो गयी है। दिल्ली में सोने का भाव करीब 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच चुका है।

### लोग इतना सोना क्यों खरीद रहे हैं

- **शादी और आभूषण :** भारत में सोना सिर्फ निवेश नहीं, बल्कि परंपरा और शादी-ब्याह का हिस्सा है।
- **सुरक्षित निवेश:** जब दुनिया में युद्ध, तनाव या आर्थिक अनिश्चितता बढ़ती है, तब लोग शेयर बाजार की बजाय सोने में पैसा लगाना सुरक्षित मानते हैं।

### सोना कहां से खरीदता है भारत

1. स्विट्जरलैंड – लगभग 40%
2. संयुक्त अरब अमीरात (UAE) – 16% से ज्यादा
3. दक्षिण अफ्रीका – लगभग 10%

### ज्यादा सोना आयात होने से नुकसान क्या है

- **व्यापार घाटा बढ़ता है :** भारत विदेशों से ज्यादा सामान खरीद रहा है और कम बेच रहा है। इसे ही व्यापार घाटा कहते हैं। 2025-26 में व्यापार घाटा बढ़कर 333 अरब डॉलर हो गया।
- **विदेशी मुद्रा पर दबाव :** सोना खरीदने के लिए भारत को डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। इससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ता है।
- **चालू खाते का घाटा :** आरबीआई के अनुसार चालू खाते का घाटा बढ़कर 13.2 अरब डॉलर हो गया है।

### सरकार क्या कदम उठा रही है?

- **आयात पर नियंत्रण :** सरकार ने सोना, चांदी और प्लेटिनम के आयात नियम सख्त किए हैं।
- **आयात शुल्क में बदलाव :** 2022 में शुल्क बढ़ाकर 15% किया गया था। 2024-25 बजट में इसे घटाकर 6% कर दिया गया।

**सरकार ने शुल्क क्यों घटाया?**

तस्करी कम करने के लिए, ज्वेलरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए

### विशेषज्ञ क्यों चिंतित

- आर्थिक संस्था ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (GTRI) का कहना है कि यूएई के जरिए सोना आयात तेजी से बढ़ रहा है।

**यूएई से सोने का आयात : 2022 :** 2.9 अरब डॉलर **2023 :** 6.7 अरब डॉलर, **2025 :** 16.5 अरब डॉलर

विशेषज्ञों का कहना है कि दुबई खुद ज्यादा सोना पैदा नहीं करता, लेकिन दूसरे देशों का सोना वहां से होकर भारत आ रहा है ताकि कम टैक्स का फायदा मिल सके।

### काम की बात

- वैश्विक तनाव बढ़ा तो सोना और महंगा हो सकता है। साथ ही जब देश ज्यादा डॉलर खर्च करता है, तो रुपये पर दबाव पड़ सकता है और चीजें महंगी हो सकती हैं।
- विशेषज्ञ मानते हैं कि सिर्फ सोने पर निर्भर रहने की बजाय निवेश को अलग-अलग जगह बांटना बेहतर होता है। सोने की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। सरकार चाहती है कि लोग अनावश्यक सोना खरीदने से बचें, ताकि विदेशी मुद्रा और व्यापार संतुलन सुरक्षित रह सके।

# उद्योग को आरएंडडी पर खर्च बढ़ाना होगा, छोड़ें संरक्षणवाद की प्रवृत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने मंगलवार को कहा कि सरकार सुधार जारी रखेगी और भरोसा-आधारित शासन के मूलभूत पहलुओं पर काम करेगी। हालांकि, उद्योग को अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पर निवेश बढ़ाना होगा और संरक्षणवाद की प्रवृत्ति छोड़नी होगी ताकि भारत वैश्विक उत्पादन एवं नवाचार का आकर्षक केंद्र बन सके।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में गौबा ने कहा कि सरकार सुधार एजेंडा को जारी रखेगी लेकिन उद्योग को कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देना होगा जिसमें अनुसंधान एवं विकास में निवेश पहला मुद्दा है।

उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि भारत का अनुसंधान एवं विकास पर कुल व्यय कम है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 0.7 प्रतिशत पर अटका हुआ है जो वैश्विक औसत 2.3 प्रतिशत से काफी नीचे है। यह दक्षिण कोरिया तथा इजराइल जैसे देशों से बहुत कम है। इस 0.7 प्रतिशत में से 60 प्रतिशत सरकार द्वारा वित्तपोषित है



गौबा ने कहा कि मेरा मानना है कि भारतीय उद्योग को अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश करना चाहिए एवं प्रौद्योगिकी आयात करने से उसे विकसित करने की ओर बढ़ना चाहिए। आरएंडडी में निवेश लागत नहीं है, यह रणनीतिक बढ़त है। उन्होंने भारतीय उद्योग से यह भी आग्रह किया कि वह वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौती को स्वीकार करे, खासकर तब जब देश अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) कर रहा है।

# भारत के पास दो माह का ईंधन भंडार पेट्रोलियम कंपनियों को एक लाख करोड़ रुपये का नुकसान संभव: पुरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद दो महीने के ईंधन भंडार के साथ भारत को आपूर्ति को लेकर कोई चिंता नहीं है। हालांकि, यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह ऊंची बनी रहीं और खुदरा कीमतों में बदलाव नहीं किया गया, तो सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों को एक ही तिमाही में एक लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हो सकता है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि हमारे पास आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत ने संकट की शुरुआत पर्याप्त भंडार के साथ की थी और तब से घरेलू एलपीजी उत्पादन को 36,000 टन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया गया है। साथ ही, मंत्री ने खुदरा कीमतों को स्थिर रखने से बढ़ रहे वित्तीय दबाव को स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि लागत और बिक्री मूल्य का कुल अंतर बढ़कर लगभग 1.98 लाख करोड़ रुपये हो गया है और एक तिमाही में एक लाख करोड़ रुपये का घाटा पूरे क्षेत्र के वार्षिक लाभ को खत्म कर सकता है।



पिछले 10 सप्ताह से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बावजूद, सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों - इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने बिना किसी रुकावट के आपूर्ति सुनिश्चित की है। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद, पेट्रोल और डीजल दो साल पुरानी दरों पर ही मिल रहे हैं।

इस समय कंपनियों को पेट्रोल पर 14 रुपये, डीजल पर 42 रुपये और रसोई गैस पर 674 रुपये प्रति सिलेंडर का घाटा हो रहा है। हालांकि, कीमतों में बढ़ोतरी की किसी भी संभावना पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। पुरी ने ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को दूरदर्शी बताया। स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि कल से कोई लॉकडाउन या राशनिंग लागू होने वाली है, यह चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश है।

# भारत-ओमान एफटीए एक जून से लागू होने की संभावना: गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) एक जून से लागू होने की उम्मीद है। इस समझौते पर पिछले साल दिसंबर में हस्ताक्षर किए गए थे।

गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आज मेरी ओमान टीम के साथ अच्छी बैठक हुई और संभावना है कि ओमान मुक्त व्यापार समझौता एक जून, 2026 से लागू हो जाएगा।

ओमान टीम व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भारत आई हुई है। इस समझौते के तहत वस्त्र, कृषि उत्पाद और चमड़े के सामान समेत भारत के 98 प्रतिशत निर्यात की ओमान में पहुंच शुल्क मुक्त होगी। दूसरी तरफ, भारत खजूर, संगमरमर और पेट्रोरसायन उत्पादों जैसे ओमान के उत्पादों पर शुल्क कम करेगा।

# छह प्रतिशत रह सकती है 2026 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर : मूडीज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मूडीज रेटिंग्स ने 2026 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान मंगलवार को 0.8 प्रतिशत अंक घटाकर छह प्रतिशत कर दिया। यह कटौती निजी खपत और औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती के साथ-साथ ऊंची ऊर्जा लागत के कारण की गई है। साख निर्धारण एजेंसी ने अपनी 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक' के मई संस्करण में कहा कि अगले छह महीनों में ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी तथा ईंधन एवं उर्वरक की कमी का असर विभिन्न देशों में अलग-अलग होगा जो उनकी निर्भरता तथा लचीलेपन पर निर्भर करेगा।

एजेंसी ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य अत्यधिक अनिश्चित बना हुआ है क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की स्थिति नाजुक है। हम भारत के लिए वृद्धि दर में करीब 0.8 प्रतिशत अंक तक की गिरावट का अनुमान लगाते हैं। इसके अलावा, 2027 के लिए भी मूडीज रेटिंग्स ने भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान 0.5 प्रतिशत अंक घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है।

एजेंसी के अनुसार, ऊर्जा आपूर्ति में सुधार और शिपिंग प्रवाह के सामान्य होने के साथ ये दबाव धीरे-धीरे कम होंगे एवं आर्थिक गतिविधियां सुधरेंगी। मूडीज ने साथ ही कहा कि भारत ऊंची तेल कीमतों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 90 प्रतिशत आयात करता है।

# विदेशी पूंजी पर निर्भरता कम करनी चाहिए: उदय कोटक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त क्षेत्र के दिग्गज उदय कोटक ने मंगलवार को कहा कि भारत को विदेशी पूंजी पर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए और वास्तविक आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए दीर्घकालिक घरेलू जोखिम पूंजी का मजबूत आधार विकसित करना चाहिए।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कोटक ने कहा कि वास्तव में आत्मनिर्भर देश वही होता है जो किसी और के पैसे या ताकत पर निर्भर न हो। सच्चा आत्मनिर्भर देश वही है जिसे किसी और के धन या शक्ति पर निर्भर रहने की जरूरत न हो। पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से विदेशी यात्राएं सीमित करने और जहां संभव हो, 'वर्क फ्रॉम होम' करने की अपील की है। निजी क्षेत्र के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक कोटक ने कहा कि वैश्विक माहौल तेजी से खंडित हो रहा है। ऐसे में भारत के लिए अपनी घरेलू आर्थिक बुनियाद को मजबूत करना जरूरी है।

**सतर्कता जरूरी**

**सीआईआई के कार्यक्रम में बोले मुख्य आर्थिक सलाहकार - भारत संकट से निपटने को बेहतर स्थिति में**

# भुगतान संतुलन का वास्तविक परीक्षण है पश्चिम एशिया संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट 'भुगतान संतुलन का एक वास्तविक दबाव परीक्षण' है, जिसका मुद्रास्फीति, चालू खाते और विनिमय दर पर सीधा प्रभाव पड़ता है। हालांकि, भारत की मजबूत राजकोषीय नीति, बुनियादी ढांचा निवेश और सुधार संघर्ष के मौजूदा माहौल से निपटने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत अपने कच्चे तेल की आवश्यकता कर 87 प्रतिशत आयात के जरिये पूरा करता है। इसमें से 46 प्रतिशत होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर या उसके निकट से गुजरता है, जहां औसतन टैंकर यातायात में गिरावट आई है। हमारी एलपीजी जरूरत का 60% आयात किया जाता है, जिसमें से 90% से अधिक खाड़ी देशों के माध्यम से आता है। बाहर से अपने परिवार को भेजे जाने वाले पैसे का 38% खाड़ी देशों से आता है।

उन्होंने कहा कि इसलिए, पश्चिम एशिया संकट कोई विदेश नीति संबंधी चिंता नहीं है जो कभी-कभार आर्थिक नियोजन को प्रभावित करती हो। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में नागेश्वरन ने कहा कि विश्वसनीय रूप से चालू खाते का प्रबंधन करना, उसका वित्तपोषण करना और मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट को रोकना वृहद आर्थिक मोर्चे पर वित्त वर्ष 2026-27 की आर्थिक अनिवार्यताएं हैं। भारत की वृहद आर्थिक बुनियाद, राजकोषीय मजबूती का रास्ता, बुनियादी ढांचा निवेश और सुधार एक ऐसा आधार प्रदान करते हैं जिससे देश इस माहौल में प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकता है।




### यह रणनीतिक गलती होगी

नागेश्वर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर संघर्ष की मौजूदा स्थिति को देखते हुए उभरती अर्थव्यवस्थाएं जो इस धारणा पर योजना बना रही हैं कि 2020 से पहले की वैश्विक आर्थिक संरचना स्वयं को पुन: स्थापित कर लेगी, वास्तव में यह एक 'रणनीतिक गलती' होगी। सीईए ने कहा कि यह भी आवश्यक है कि रणनीतिक स्पष्टता हो ताकि यह समझा जा सके कि व्यापारिक संबंधों, प्रौद्योगिकी साझेदारियों, आपूर्ति श्रृंखला संरचना और गठबंधन निर्माण को पुनर्गठित करने के लिए सीमित समय ही उपलब्ध है, जो अगली अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था को आकार देगा।

### बड़े उद्योग समय पर करें एमएसएमई का भुगतान

सीईए वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि बड़े उद्योगों को एमएसएमई को उनके बिल का समय पर भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि उनकी कार्यशील पूंजी की जरूरतें पूरी हों और पूंजी की लागत कम हो सके। एमएसएमई बड़े उद्यमों के लिए कार्यशील पूंजी का स्रोत नहीं होने चाहिए बल्कि इसके विपरीत होना चाहिए। इन उद्यमों की पूंजी लागत अपेक्षाकृत अधिक होती है। नागेश्वरन ने कहा कि एमएसएमई के लिए कार्यशील पूंजी उपलब्ध होने से नवाचार के लिहाज से सकारात्मक परिवेश बनेगा।

# खाने-पीने की चीजों और सोने-चांदी ने बढ़ाई खुदरा महंगाई

## चांदी के गहनों के दाम पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 144 % बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खाने-पीने की चीजों और सोने-चांदी के गहनों की कीमतें एक साल पहले की तुलना में तेजी से बढ़ने से अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 3.48 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह लगातार तीसरा महीना है जब खुदरा महंगाई बढ़ी है। पिछले साल मार्च में यह 3.40 प्रतिशत रही थी। खाद्य मुद्रास्फीति अप्रैल में 4.20 प्रतिशत पर रही जबकि इस साल मार्च में यह 3.87 प्रतिशत दर्ज की गयी थी।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई दर 4.01 प्रतिशत रही। पान-तंबाकू आदि की कीमत 4.76 प्रतिशत बढ़ी। रेस्त्रां एवं होटल के कमरों की मुद्रास्फीति 4.2 प्रतिशत रही। खाने-पीने के सामान में टमाटर की कीमत सालाना 35 प्रतिशत और फूल गोभी की 26 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, आलू 24 प्रतिशत, प्याज 18 प्रतिशत और मटर सात प्रतिशत सस्ता हुआ। चांदी के गहनों के दाम पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 144 प्रतिशत बढ़े। सोना, हीरा और प्लेटिनम के गहने 41 प्रतिशत महंगे हुए। आंकड़ों में बताया गया है कि 50 लाख से अधिक की आबादी वाले राज्यों में तेलंगाना में खुदरा महंगाई सबसे अधिक 5.81 प्रतिशत रही। आंध्र प्रदेश में यह 4.20 प्रतिशत, तमिलनाडु में 4.18 और कर्नाटक में चार प्रतिशत रही। राजस्थान में मुद्रास्फीति की दर 3.52 फीसदी रिकॉर्ड की गयी।



## वर्ल्ड ब्रीफ

### सेंट स्टीफंस के 145 साल के इतिहास में पहली महिला प्राचार्य



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस कॉलेज ने पहली बार महिला प्राचार्य की नियुक्ति की घोषणा की है। कॉलेज की सुप्रीम काउंसिल ने घोषणा की है कि प्रो. सुसान एलियास एक जून 2026 से कॉलेज की 14वीं प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभालेंगी। बिशप और कॉलेज के अध्यक्ष द राइट रेवरेंड डॉ. पॉल स्वरूप द्वारा जारी इस आदेश के साथ ही कॉलेज के 145 साल के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। यह पहला मौका है, जब इस संस्थान की कमान किसी महिला के हाथों में होगी। कॉलेज के चेयरमैन पॉल स्वरूप ने कहा कि प्रोफेसर एलियास कंप्यूटिंग और इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से हैं। उन्होंने उनकी नियुक्ति को सेंट स्टीफंस में अत्याधुनिक तकनीक लाने वाला कदम बताया।

### दिल्ली में पूर्वोत्तर की महिला पर छेड़छाड़ के बाद हमला

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने दिल्ली में पूर्वोत्तर की एक महिला के साथ छेड़छाड़ और उस पर हमले को लेकर मंगलवार को चिंता जताई और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। संगमा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, बार-बार हिंसा और भेदभाव के मामलों को अलग-थलग घटनाओं के रूप में नहीं देखा जा सकता। ऐसी घटनाओं में कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। दिल्ली पुलिस के अनुसार नेहरू प्लेस में 10 मई को सुबह करीब साढ़े छह बजे एक होटल के बाहर चाय स्टॉल के समीप दो महिलाओं के साथ कुछ लोगों ने छेड़छाड़ के बाद उन पर हमला किया। एक महिला असम की है और दूसरी बिहार की। घटना में शामिल चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

### पाकिस्तान में पेड़ काटने को लेकर विवाद में मारे गए नौ लोग

**पेशावर।** पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में पेड़ काटने को लेकर उपजे विवाद के बाद प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच हुई गोलीबारी में मंगलवार को सात लोग मारे गए और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के नौशेरा जिले में हुई। यह इलाका राजधानी पेशावर से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित है। पुलिस ने बताया कि इलाके में पेड़ों की कटाई को लेकर दोनों समूहों के बीच तनाव बढ़ने के बाद झड़प हुई। इस घटना में सात लोगों की मौत और तीन लोगों के घायल होने की पुष्टि की गई है। पुलिस ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए आसपास के इलाकों से भारी संख्या में पुलिस बल भेजे गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ट्रंप के सहयोगियों का दावा... पश्चिमी एशिया में फिर शुरू हो सकती है बड़ी सैन्य कार्रवाई

## युद्ध समाप्त करने के मुद्दे पर ईरान के रुख से निराश अमेरिकी राष्ट्रपति गंभीरता से कर रहे हैं विचार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पश्चिमी एशिया में फिर से बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सीएनएन ने ट्रंप के सहयोगियों के हवाले से यह दावा किया है। इससे पहले, ट्रंप के साथ बातचीत के बाद फॉक्स न्यूज ने कहा था कि व्हाइट हाउस होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है।

ट्रंप को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से अमेरिकी राष्ट्रपति का धैर्य जवाब दे रहा है और उनका यह भी मानना है कि ईरानी नेतृत्व के भीतर मतभेद हैं। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन के भीतर अब कई समूह बन गए हैं, जिनमें से कुछ बल प्रयोग के पक्ष में हैं और ईरान की स्थिति को कमजोर करने के लिए उसपर लक्षित बमबारी जारी रखने का प्रस्ताव दे रहे हैं, जबकि दूसरे समूह संघर्ष को सुलझाने के लिए कूटनीतिक साधनों पर जोर दे रहे हैं।

सीएनएन ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता में मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका अमेरिका के लिए एक अलग मुद्दा बनी हुई है। अमेरिकी सरकार को यह स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान कितनी स्पष्टता से अमेरिका का पक्ष ईरान तक पहुंचा रहा है और वह ईरान के दृष्टिकोण को कितनी निष्पक्षता से बता रहा है। सीएनएन ने बताया कि पश्चिमी एशिया संघर्ष में अमेरिका क्या रुख अपनाएगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है और राष्ट्रपति ट्रंप की 13 से 15 मई तक प्रस्तावित चीन यात्रा से पहले किसी फैसले की संभावना कम है। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिसमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए थे। अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई और अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी थी।

**मध्यस्थता कर रहे पाकिस्तान की भूमिका पर भी शक**



### पश्चिम एशिया संघर्ष को सुलझाने के लिए ईरान की 14 सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं : गालिबफ

**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर गालिबफ ने कहा कि पश्चिमी एशिया संघर्ष को सुलझाने के लिए ईरान के 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं है। गालिबफ ने एक्स पर कहा, ईरानी लोगों के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जैसा कि 14-सूत्रीय प्रस्ताव में बताया गया है। कोई भी और दृष्टिकोण पूरी तरह बेनतीजा रहेगा और एक के बाद एक असफलता के अलावा यह कुछ नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका जितनी देर करेगा, अमेरिकी करदाताओं को उतना ही ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मई की शुरुआत में कहा था कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14-सूत्रीय शांति योजना प्रस्ताव के संबंध में अमेरिका से जवाब मिल गया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया कि इस योजना में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने और विदेशों में मौजूद ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने के प्रावधान शामिल हैं। उधर, ट्रंप ने संघर्ष को समाप्त करने के अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया है।

## एक महीने बंद रहा होर्मुज तो 2027 तक जारी रहेगा तेल संकट

**दोहा।** सऊदी अरब की कंपनी अरामको के सीईओ अमीन नासिर ने कहा है कि यदि एक महीने के भीतर होर्मुज जलडमरुमध्य में जहाजों की आवाजाही फिर शुरू नहीं होती तो अगले साल तक वैश्विक तेल बाजार सामान्य स्थिति में नहीं लौटेगी। अरामको के पहली तिमाही के परिणामों पर चर्चा करने के लिए आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान नासिर ने कहा कि आपूर्ति में व्यवधान जितने लंबे समय तक जारी रहेगा, तेल बाजार को स्थिर होने में उतना ही अधिक समय लगेगा। उन्होंने कहा कि यदि जलडमरुमध्य में गतिरोध जून के मध्य तक बना रहता है तो यह संकट 2027 तक जारी रह सकता है। दुनिया की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी के प्रमुख के अनुसार, उत्पादन या परिवहन की कमी के कारण बाजार पहले ही एक अरब बैरल तेल गंवा चुका है और जब तक यह मार्ग बंद रहेगा, बाजार को हर हफ्ते लगभग 10 करोड़ बैरल तेल का नुकसान होता रहेगा। उन्होंने याद दिलाया कि पहले होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 70 जहाज गुजरते थे। फारस की खाड़ी में तेल उत्पादक देशों पर हमलों और ईरान द्वारा होर्मुज को प्रभावी ढंग से बंद करने से उत्पादन और निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने से पहले, इस जलमार्ग के माध्यम से प्रतिदिन लगभग दो करोड बैरल तेल बाजार में आता था।

**सऊदी अरब की कंपनी अरामको के सीईओ अमीन नासिर ने किया आगाह**

### यूएई में अगले साल तक सिर्फ 60 प्रतिशत रहेगा गैस का उत्पादन

**अबू धाबी।** अबू धाबी राष्ट्रीय गैस कंपनी (एडनॉक) ने कहा है कि ईरानी हमलों से हुए नुकसान के कारण यूएई का प्रमुख गैस प्रसंस्करण केंद्र वर्ष 2027 से पहले पूर्ण उत्पादन क्षमता पर नहीं लौट पाएगा। एडनॉक गैस के अनुसार अबू धाबी स्थित हबशन गैस प्रसंस्करण परिसर वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत क्षमता पर संचालित हो रहा है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी गैस प्रसंस्करण सुविधाओं में गिना जाता है और यह पूरे यूएई में गैस आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी को उम्मीद है कि 2026 के अंत तक उत्पादन क्षमता को लगभग 80 प्रतिशत तक बहाल कर लिया जाएगा, जबकि पूर्ण क्षमता से उत्पादन 2027 में शुरू होने की संभावना है।

### भारत में रूसी तेल का आयात 15% घटा

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चा तेल आयात अप्रैल माह में 15 प्रतिशत से अधिक घट गया जिसका मुख्य कारण एक प्रमुख रिफाइनरी का रखरखाव के लिए बंद होना रहा। यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने यह रिपोर्ट जारी की है।

# पंजाब: सतर्कता विभाग के कार्यालय पर छापा, अफसरों के तीन दलाल गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने राज्य कर के अफसर की शिकायत पर की कार्रवाई
- डीजी का रीडर फरार, रिश्वत लेकर निपटाए जा रहे थे मामले

सीबीआई ने 13 लाख रुपये के रिश्वत मामले में कार्रवाई करते हुए पंजाब के मोहाली स्थित सतर्कता विभाग कार्यालय पर देर रात छापा मारा। इस दौरान फरार होने की कोशिश कर रहे तीन लोगों को पीछा करके पकड़ लिया गया। इनमें से दो विभाग के उच्चाधिकारियों के लिए दलाली करने वाले बिचौलिए हैं।

सीबीआई ने यह कार्रवाई पंजाब के एक राज्य कर अधिकारी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद की जिसने विकास गोयल और उनके बेटे राघव गोयल पर आरोप लगाया था कि उन्होंने महानिदेशक (डीजीपी सतर्कता), पंजाब के कार्यालय में एक शिकायत को बंद कराने के बदले 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगी है। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि आरोप था कि दोनों आरोपी डीजीपी सतर्कता (पंजाब) के रीडर सहित वरिष्ठ अधिकारियों के लिए मध्यस्थ के रूप में काम कर रहे थे। वे आश्वासन दे रहे थे कि रिश्वत देने पर मामला सुलझा लिया जाएगा। डीजी सतर्कता के रीडर ओपी राणा ने भी रिश्वत देने पर शिकायत को बंद करने का भरोसा दिया था।

सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि प्राथमिक जांच में साजिश में राणा की संलिप्तता सामने आई है। बयान के मुताबिक, बातचीत के दौरान आरोपियों ने मांग को 20 लाख रुपये से घटाकर 13 लाख रुपये कर दिया और साथ ही राणा के लिए एक सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड7 मोबाइल फोन की भी मांग की। रिश्वत के लेनदेन की पुष्टि के बाद सीबीआई ने चंडीगढ़ में छापा मारा, जहां आरोपियों के सहयोगी अंकित वाधवा को 13 लाख रुपये और मोबाइल फोन लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान रिश्वत के पैसे और फोन भी कब्जे में ले लिया गया। इसी बीच निगरानी के लिए तैनात सुरक्षाकर्मियों से सूचना मिलने के बाद राघव गोयल, विकास गोयल और राणा मौके से भाग निकले। सीबीआई की टीम ने उनका पीछा कर पंजाब-हरियाणा सीमा पर अंबाला के पास राघव और विकास को पकड़ लिया। उनके दो सुरक्षाकर्मियों को भी हिरासत में ले लिया।

### घर से मिले लाखों रुपये, आपत्तिजनक दस्तावेज


सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि मलोट में गोयल और चंडीगढ़ में राणा के आवासीय परिसरों की तलाशी के दौरान नौ लाख रुपये नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। सीबीआई की जांच में राणा और गोयल के बीच लंबित सतर्कता मामलों से संबंधित संवेदनशील जानकारी के आदान-प्रदान का भी खुलासा हुआ है। सीबीआई के मुताबिक इस बड़ी साजिश की जांच की जा रही है। आरोपियों को आधिकारिक तौर पर पुलिस की सुरक्षा दी गई थी। आरोपियों के साथ एके-47 राइफल से लैस पुलिसकर्मियों की तैनाती और उनकी भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# उत्तरी-पश्चिम में भीषण गर्मी, दक्षिण पूर्वोत्तर में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत में भीषण गर्मी और दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने बुधवार को एक तरफ जहां राजस्थान के लिए भीषण गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, वही दूसरी तरफ बंगाल की खाड़ी में इस सप्ताह के अंत तक मानसून आने के संकेत दिए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, इस सप्ताह के अंत तक दक्षिण-पश्चिम मानसून के बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से, अंडमान सागर और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह पहुंचने के आसार हैं। फिलहाल बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो अगले दो दिनों में और मजबूत हो सकता है। उधर, मैदानी इलाकों में जारी गर्मी के प्रकोप के बीच राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 47.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले एक हफ्ते तक पश्चिमी राजस्थान में भीषण गर्म हवाएं चलेगीं। इसके साथ ही पूर्वी राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भी अगले 4-5 दिनों तक भीषण गर्मी का प्रकोप रहेगा।



कानपुर चिड़ियाघर में गर्मी से परेशान बाघ।

- बंगाल की खाड़ी में इसी सप्ताह मानसून पहुंचने का अनुमान

दूसरी तरफ, दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। अगले कुछ दिनों में तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। पूर्वोत्तर के राज्यों जैसे असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में 13 से 18 मई के बीच बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं। पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्रों और सिक्किम में भी बुधवार को मूसलाधार बारिश की चेतावनी दी गई है। उत्तर भारत में 15 मई से एक नया 'पश्चिमी विक्षोभ' सक्रिय होगा, जिसके असर से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

# नारायणपुर में हथियारों और विस्फोटकों का भारी जखीरा बरामद

नारायणपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में चलाए जा रहे माड़ बचाओ अभियान के तहत सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में जंगलों में छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और एक करोड़ रुपये से अधिक नकदी बरामद की गई है। अबूझमाड़ के जंगलों में भी छिपाए गए हथियारों को तलाश करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।




पिछले एक महीने से जिले के संवेदनशील और दुर्गम इलाकों में लगातार सर्चिंग और एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के कई छिपे डंप खोज निकाले, जहां से अत्याधुनिक हथियार, जिंदा कारतूस, बीजीएल सेल, इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, कॉर्डेक्स वायर, वायरलेस सेट, बैटरी और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। संयुक्त कार्रवाई के दौरान एक करोड़ से ज्यादा कैश के अलावा तीन एके-47 राइफल, तीन एसएलआर राइफल, दो .303 राइफल, एक .315 राइफल, दो 12 बोर बंदूक और दो देसी कट्टे बरामद किए गए। इसके अलावा सैकड़ों की संख्या में जिंदा कारतूस, मैगजीन और बीजीएल सेल भी जब्त किए गए हैं। सुरक्षा बलों ने 132 बीजीएल सेल, आठ इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, छह बंडल कॉर्डेक्स वायर, वॉकी-टॉकी सेट, मोटोरोला वायरलेस सेट, बिजली वायर, रेडियो सेल और संदिग्ध विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, इस कार्रवाई से नक्सलियों की हथियार आपूर्ति और आईईडी निर्माण क्षमता को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

- नक्सलियों पर कार्रवाई, एक करोड़ से ज्यादा कैश भी मिला

# चीन की जासूस निकली अमेरिकी शहर की मेयर

वाशिंगटन, एजेंसी

कैलिफोर्निया के अर्काडिया शहर की मेयर एलीन वांग ने चीन के अवैध एजेंट के रूप में काम करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है। अमेरिकी न्याय विभाग के मुताबिक वांग ने मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है और उम्मीद जा रही है कि वह लॉस एंजिल्स की संघीय अदालत में भी अपना अपराध स्वीकार करेंगी।

संघीय अभियोजकों ने बताया कि वांग (58) और उस समय उनके मंगेतर रहे याओनिंग माइक सन पर चीन के सरकारी अधिकारियों के इशारे पर अमेरिका में चीन का प्रचार करने का आरोप है। सन (65) पिछले साल अक्टूबर में एक संघीय अदालत में अपना अपराध स्वीकार करने के बाद चार साल की जेल की सजा काट रहा है। एक संबंधित याचिका में वांग ने उन पर लगे आरोप अदालत में स्वीकार करने पर सहमति जताई है और इस अपराध के लिए उन्हें अधिकतम 10 साल की जेल की सजा हो सकती है। वांग नवंबर 2022 में अर्काडिया सिटी काउंसिल के लिए चुनी गई थीं, जो पांच सदस्यीय शासी निकाय है और इसमें महापौर का चयन बारी-बारी से होता है। कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के फर्स्ट असिस्टेंट यूएस अटॉर्नी बिल एस्सेली ने कहा, हमारे देश में वे लोग जो गुपचुप तरीके से विदेशी सरकारों के इशारों पर काम करते हैं, वे हमारे लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। एफबीआई के काउंटरइंटेलिजेंस और जासूसी प्रभाग के सहायक निदेशक रोमन रोज़ावस्की ने कहा, एलीन वांग ने स्वीकार किया है कि वह गुप्त रूप से चीन सरकार के हितों के लिए काम कर रही थीं।



- जुर्म स्वीकार कर पद से इस्तीफा दिया, 10 साल हो सकती है जेल

### ब्रिटेन : लगातार बढ़ते दबाव के बीच स्टॉर्मर का पद छोड़ने से इन्कार

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केयर स्टॉर्मर ने इस्तीफा देने के बढ़ते दबाव के बावजूद मंगलवार को पद पर बने रहने के अपने संकल्प को दोहराया। स्टॉर्मर ने कैबिनेट मंत्रियों से कहा कि पिछले सप्ताह ब्रिटेन भर में हुए स्थानीय चुनावों में उनकी मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी को मिली करारी हार की जिम्मेदारी वह लेते हैं, लेकिन वह संघर्ष जारी रखेंगे। स्टॉर्मर ने कहा कि नेता को हटाने की एक प्रक्रिया होती है और वह शुरू नहीं हुई है। उन्होंने कहा, देश चाहता है कि हम शासन करें। मैं वही कर रहा हूं।

# चीन को अपनी साख के बारे में सोचना चाहिए : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की मदद करने की चीन की स्वीकारोक्ति से भारत के इस बारे में पहले से किए गए दावों और तथ्यों की पुष्टि होती है। भारत ने यह भी कहा कि पाकिस्तान का परोक्ष समर्थन करने वाले देशों को आत्मचिंतन करना चाहिए कि आतंकवादी ठिकानों को बचाने के उनके प्रयास का उनकी साख और वैश्विक स्थिति पर किस तरह का असर पड़ता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में इस बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमने ऐसी रिपोर्टें देखी हैं जो पहले से ज्ञात तथ्यों की पुष्टि करती हैं। ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के जवाब में की गई एक सटीक, लक्षित और संतुलित कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान से संचालित और उसके समर्थन से प्रायोजित आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना था।

उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र स्वयं को जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें इस बात पर आत्मचिंतन करना चाहिए कि आतंकवादी ढांचे की रक्षा के प्रयासों का समर्थन करना उनकी प्रतिष्ठा और वैश्विक स्थिति को किस प्रकार प्रभावित करता है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद कहा था कि चीन और तुर्किये जैसे देशों ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान का परोक्ष समर्थन किया था।

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन की चीनी स्वीकारोक्ति पर बयान

### 182 देशों के करोड़ों लोग गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के सानिध्य में करेंगे वैश्विक ध्यान

**बेंगलुरु।** आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 13 मई को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के सानिध्य में विश्व शांति के लिए वैश्विक ध्यान का भव्य आयोजन होगा। बेंगलुरु स्थित इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले इस कार्यक्रम में 182 देशों के करोड़ों लोग प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से एक साथ ध्यान करेंगे।



- आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने के अवसर पर होगा कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन दिन पूर्व ही इस आयोजन के लिए नवनिर्मित दिव्य ध्यान परिसर का उद्घाटन कर इसकी महत्ता को रेखांकित किया था। प्रधानमंत्री के अनुसार, डिजिटल युग के तनाव से मुक्ति के लिए यह आंतरिक संतुलन का बड़ा माध्यम बनेगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, सर्बानंद सोनोवाल, मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह सहित कई राज्यों के राज्यपाल और गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। साथ ही हीरानंदानी समूह के अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी और फिल्म जगत से रजनीकांत, अल्लू अर्जुन, मोहन बाबू व अर्जुन रामपाल जैसे कलाकार भी गुरुदेव के सानिध्य में होने वाले इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। ये आयोजन गुरुदेव द्वारा 45 वर्षों से दिए जा रहे शांति और मानवीय सेवा के संदेश को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। यह उस वैश्विक शांति संदेश का जीवंत स्वरूप होगा, जिसे वह साढ़े चार दशकों से विश्वभर में प्रसारित कर रहे हैं। यह आयोजन न केवल मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाएगा, बल्कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भी चरितार्थ करेगा।

**संयुक्त राष्ट्र** | गणित के क्षेत्र में भारतीय सभ्यता के योगदान पर आधारित प्रदर्शनी में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# दुनिया में वैज्ञानिक प्रगति को संकीर्ण नजरिए से देखा गया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया भर में वैज्ञानिक प्रगति को लंबे समय से संकीर्ण नजरिए से देखा गया। अब भी उन ऐतिहासिक विकृतियों को सुधारने की आवश्यकता है। विदेश मंत्री ने गणित के क्षेत्र में भारतीय सभ्यता के योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी का शीर्षक 'शून्य से अनंत तक गणित में भारतीय सभ्यता का योगदान' है।

इस प्रदर्शनी को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सहयोग से आयोजित किया गया है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपनी तरह की इस पहली ऐतिहासिक प्रदर्शनी का सोमवार को अपनी न्यूयॉर्क यात्रा के दौरान उद्घाटन किया, जो समहिता (दक्षिण एशियाई पांडुलिपि इतिहास और पाठ्य संग्रह) परियोजना का हिस्सा है। जयशंकर ने कहा, हम जो यहां एकत्र हुए हैं, वे केवल दीवार पर लिखे अंकों को नहीं देख रहे हैं। हम उस सभ्यता का अवलोकन कर रहे हैं जिसका जन्म भारत की बौद्धिक मिट्टी में हुआ था। यह एक ऐसी विरासत है जिसका संबंध जितना अतीत से है, उतना ही भविष्य से भी है।



संयुक्त राष्ट्र में विदेश मंत्री एस जयशंकर।

### गणित में भारत के योगदान पर केंद्रित है प्रदर्शनी

यह उन प्राचीन गणितीय अवधारणाओं पर प्रकाश डालती है जिनकी जड़ें भारत में हैं और जो आगे हजारों वर्षों में पूरी दुनिया में फैलीं, इनमें शून्य, दशमलव स्थान मान प्रणाली, बीजगणित और एल्गोरिदम से लेकर ग्रहों के मॉडल, खगोलीय गणना, क्रमचय-संच, द्विआधारी गणना, और रेखागणित का बौधायन-पायथागोरस प्रमेय शामिल हैं। आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त और भास्कर से लेकर केरल के खगोल विज्ञान और गणित संप्रदाय तक के विद्वानों के योगदान को दर्शाया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**वृष** – आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से शुभ है। धन आगमन के नए स्रोत खुल सकते हैं। वाणी पर संयम रखें।

**मिथुन** – आज का दिन व्यापारिक समझौतों के लिए अनुकूल है। मानसिक शांति का अनुभव करेंगे। घर में खुशी का माहौल रहेगा।

**कर्क** – आज खर्चों में अधिकता रह सकती है। व्यर्थ की भागदौड़ से थकान महसूस हो सकती है। आय में वृद्धि के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – आज कार्यस्थल पर आपकी प्रतिभा की सराहना होगी। शाम का समय दोस्तों के साथ बिताएंगे। पुराने अटके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या** – आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। सामाजिक दायरे में विस्तार होगा। माता-पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**तुला** – आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। कठिन कार्य भी आसानी से हल हो जाएंगे। मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा न करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**धनु** – आज व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा। आपसी समझ में सुधार देखने को मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात पुरानी यादें ताजा कर देगी।

**मकर** – आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

**कुंभ** – आज संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेगा। मन में संतोष का भाव रहेगा। रचनात्मक कार्यों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मीन** – आज यात्राएं लाभदायक सिद्ध होंगी। अकारण चिंता से बचें। सुख-सुविधाओं की वस्तुओं पर धन खर्च हो सकता है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 13 मई, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, एकादशी 13.29 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-उत्तर भाद्रपद 14 मई 00.27 तक तत्पश्चात रेवती।

### सुडोकू - 147 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 | 7 | 6 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 5 | 3 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 | 2 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 |

### सुडोकू -148

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 2 | 3 | | |
| | 4 | | 3 | 5 | | | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |
| 7 | | | | 8 | | | | |
| 2 | | | | | | | | 4 |
| 5 | | | | 1 | | | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | 5 | | 2 | 3 | | | |
| | | 9 | 4 | | | | | |



''मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकती हूं, जहां देशों ने अपने खिलाड़ियों के लिए नियमों में ढील दी। ताकि महिलाएं मां बनने के बाद भी खेल सकें और देश के लिए पदक जीत सकें।'' –साक्षी मलिक, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान

**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

कोलकाता नाइट राइडर्स

बनाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु


**समय** - शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–494 रन
- केएल राहुल दिल्ली–477 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद–475 रन

**पर्पल कैप**



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु–21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई–19 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात–18 विकेट

# प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने उतरेगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**11** मैचों में सात जीत के साथ डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स ने बनाई लय

रायपुर, एजेंसी

प्लेऑफ़ का रास्ता अब मुश्किल होता जा रहा है, दबाव बढ़ता जा रहा है। रायपुर की तेज गर्मी में दो ऐसी टीमें जिनकी अब तक की यात्रा बिल्कुल अलग रही है। एक ऐसी टक्कर के लिए तैयार हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग में उनके पूरे सीजन का भविष्य तय कर सकती है। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल 2026 के ज़्यादातर हिस्से में एक ऐसी टीम की तरह दिखी है जो पूरी तरह से नियंत्रण में है। शांत, संयमित और खतरनाक, उन्होंने 11 मैचों में सात जीत के साथ धीरे-धीरे अपनी लय बनाई है और अब वे एक और बार प्लेऑफ़ में पहुंचने की कगार पर खड़े हैं। लेकिन उनके सामने एक ऐसी टीम आ रही है जिसने ठीक सही समय पर अपना खोया हुआ आत्मविश्वास फिर से पा लिया है। एक नई ऊर्जा से भरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम, जिसने खुद को टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार से खींचकर वापस मुकाबले में ला खड़ा किया है। जब बुधवार की रात ये दोनों टीमें शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी, तो दाँव पर सिर्फ़ दो अंक ही नहीं होंगे। बल्कि दाँव पर होगी टीम की लय, आत्मविश्वास और शायद पूरे अभियान की दिशा। आरसीबी का यह सीज़न एक बार फिर विराट कोहली की मौजूदगी से ही आगे बढ़ा है। हो सकता है कि अब वह अकेले ही टीम का सारा बोझ न उठाते हों, लेकिन वह अब भी इस बेंगलुरु टीम की भावनात्मक धड़कन बने हुए हैं। उनके बनाए 379 रन पूरी दबंगई



और इरादे के साथ आए हैं; उन्होंने पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए एक मज़बूत आधार तैयार किया है, जिससे उनके आस-पास के दूसरे खिलाड़ियों को भी खुलकर खेलने का मौका मिला है। कप्तान रजत पाटीदार ने पारी के बीच के ओवरों में निडरता का परिचय दिया है; वह क्रीज़ पर आते ही गेंदबाज़ों पर हमला बोल देते हैं। फिर टीम के पास टिम डेविड जैसा 'फिनिशर' भी है, जिसने पारी के आखिरी ओवरों को विपक्षी गेंदबाज़ों के लिए पूरी तरह से अफरा-तफरी और मुश्किलों से भरे पलों में बदल दिया है। और जब पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ़ हालात मुश्किल हो गए थे, तो क्रुणाल पांड्या ही थे जिन्होंने एक ऐसी जुझारू और दमदार पारी खेली, जिसकी ज़रूरत अक्सर चैंपियन टीमों को होती है। मांसपेशियों में खिंचाव, दबाव और लड़खड़ाती हुई रन-चेज़ जैसी तमाम मुश्किलों से जूझते हुए, उन्होंने 46 गेंदों में 73 रनों की एक शानदार पारी खेलकर आरसीबी को जीत दिलाई। गेंदबाज़ी के मोर्चे पर, हमेशा की तरह बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भुवनेश्वर कुमार ने एक बार फिर अपने पुराने दिनों की याद ताज़ा कर दी है। इस सीज़न में उनके द्वारा लिए गए 21 विकेट एक ऐसे गेंदबाज़ की कहानी बयाँ करते हैं, जो आज भी लय, गेंद की मूवमेंट और नियंत्रण को ज़्यादातर दूसरे गेंदबाज़ों के मुकाबले कहीं बेहतर समझता है। लेकिन जहाँ आरसीबी का प्रदर्शन लगातार एक जैसा और स्थिर रहा है, वहीं केकेआर का सफ़र उतार-चढ़ावों और नाटकीयता से भरा रहा है। अभी कुछ ही हफ़्ते पहले तक तो ऐसा लग रहा था कि उनका यह अभियान अब पूरी तरह से खत्म हो चुका है। चोटों ने बॉलिंग को कमज़ोर कर दिया था, बैटिंग में आत्मविश्वास की कमी थी, और पॉइंट्स टेबल भी कोई रहम नहीं दिखा रहा था। फिर भी, इस अनिश्चितता के बीच कहीं न कहीं, कोलकाता को अपनी खोई हुई चमक मिल ही गई।

अब वे लगातार चार मैच जीतकर रायपुर पहुँचे हैं, और उनके साथ है उस टीम की ऊर्जा जिसे अब किसी बात का डर नहीं है। इस वापसी की अगुवाई न्यूज़ीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज़ फिन एलन ने की है, जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी नाबाद सेंचुरी से केकेआर की वापसी का ज़ोरदार ऐलान कर दिया। कैमरन ग्रीन अब उसी दबदबे के साथ मैचों पर असर डालना शुरू कर रहे हैं, जिसकी उम्मीद हर किसी को उनसे थी।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 1.103 |
| 2. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 3. | गुजरात टाइटंस | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.228 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 11 | 6 | 4 | 1 | 13 | 0.428 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.185 |
| 6. | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.082 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.585 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

**हाईलाइट**

### अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी टीम की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अक्षर और डेविड मिलर के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखा। दिल्ली की टीम अंक तालिका में अभी सातवें स्थान पर है। उसका अगला मैच रविवार को नयी दिल्ली में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होगा।

### टिम डेविड पर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना

**रायपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑलराउंडर टिम डेविड पर आईपीएल की खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए बनी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना लगाया गया है, उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं। टिम को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.6 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो "ऐसे हावभाव का इस्तेमाल करने से संबंधित है जो अश्लील, आपत्तिजनक या अपमानजनक हों।" टिम ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा दी गई सज़ा को मान लिया।

### डबलिन गार्डियंस के मालिक बने राहुल द्रविड़

**डबलिन।** पूर्व भारतीय कप्तान और टी20 विश्व कप विजेता कोच राहुल द्रविड़ को यूरोपियन टी20 लीग (ईटीपीएल) की टीम डबलिन गार्डियंस का मालिक घोषित किया गया है। यह ईटीपीएल की छह टीमों में से एक है, जो अगस्त 2026 में शुरू होने वाली छह टीमों की लीग में हिस्सा लेगी। क्रिकेट आयरलैंड, क्रिकेट स्कॉटलैंड और रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन के साथ साझेदारी में शुरू की गई इस लीग में डबलिन, बेलफ़ास्ट, एडिनबर्ग, ग्लासगो, रोटर्डम और एम्स्टर्डम की टीमें शामिल हैं। यह यूरोप की पहली आईसीसी–मान्यता प्राप्त बहु–देशीय फ्रेंचाइजी टी20 लीग भी है।


# हरियाणा के पहलवानों ने जीते 26 पदक

## सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता : हरियाणा ने टीम चैंपियनशिप में भी पहला स्थान हासिल किया

गोंडा (नवाबगंज)

**अमृत विचार :** नंदिनी नगर महाविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में दूसरे दिन सोमवार को हरियाणा के पहलवानों ने ग्रीको रोमन शैली में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना दबदबा साबित कर दिया। खेले गए फाइनल मुकाबलों में हरियाणा ने 8 स्वर्ण, 4 रजत और 14 कांस्य पदक जीतकर कुल 26 पदक अपने नाम किए। दमदार प्रदर्शन के दम पर हरियाणा ने टीम चैंपियनशिप में भी पहला स्थान हासिल किया।

अभी तक प्रतियोगिता में हरियाणा ने 235 अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि उत्तर प्रदेश 91 अंकों के साथ दूसरे और दिल्ली 80 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। अखाड़े में हरियाणा के पहलवानों की तकनीक, ताकत और आत्मविश्वास ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। तीसरे दिन महिला वर्ग की प्रतियोगिताओं का भी शुभारंभ हुआ। 55 किग्रा वर्ग में हरियाणा के संजीव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक



गोंडा : ग्रीको रोमन मुकाबले में एक दूसरे से भिड़ते पहलवान।

जीता। सुशील कुमार को रजत मिला, जबकि प्रदीप और हरिकेश ने कांस्य पदक हासिल किए। 60 किग्रा वर्ग में संदीप ने हरियाणा की झोली में एक और स्वर्ण डाला। दिल्ली के हर्ष को रजत पदक मिला। हिमांशु और साहिल/अशोक ने कांस्य पदक अपने नाम किए। 63 किग्रा वर्ग में विजय ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का दबदबा कायम रखा। महाराष्ट्र के विनय रजत पदक विजेता रहे, जबकि सोनू और परवीन ने कांस्य पदक जीते। 67 किग्रा वर्ग में निशांत ने बेहतरीन दांव-पेंच के दम पर स्वर्ण पदक जीता। चंडीगढ़ के विकास को रजत मिला। दिल्ली के कुलदीप और उत्तर प्रदेश के मुकुल चौहान ने कांस्य पदक हासिल किए। 72 किग्रा वर्ग में एसएससीबी के सूरज ने स्वर्ण पदक जीता। यूपी के गौरव दुहून को रजत मिला। हरियाणा के नवीन और विकास राणा ने कांस्य पदक हासिल किए। 77 किग्रा वर्ग में हरियाणा के विकास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

उत्तर प्रदेश के सन्नी बैसला रजत पदक विजेता रहे। अंकित बूरा और धीरज कुमार मलिक ने कांस्य पदक जीते। 82 किग्रा वर्ग में मनजीत ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा को बढ़त दिलाई। उमेश को रजत पदक मिला, जबकि सचिन और दीपक पुनिया ने कांस्य पदक हासिल किए। 87 किग्रा वर्ग में महाराष्ट्र के तेजपाल ने स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के सागर को रजत मिला। दिल्ली के विकास दलाल और उत्तर प्रदेश के मानव शर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किए। 97 किग्रा वर्ग में आशीष ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा की स्थिति और मजबूत कर दी। पंजाब के अभिमन्यु रजत पदक विजेता रहे। निखिल और विशेष चौहान ने कांस्य पदक जीते। 130 किग्रा वर्ग में मेहर सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का शानदार अभियान पूरा किया। विपिन को रजत पदक मिला, जबकि परवेश और पीयूष कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किए।

### साक्षी ने विनेश मामले में पीएम मोदी से की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विनेश फोगाट के रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के साथ चल रहे झगड़े में दखल देने की अपील की है। साक्षी ने गोंडा में नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से मना किए जाने के बाद अपनी साथी रेसलर का साथ दिया है। विनेश, जिन्होंने पिछले साल अपने रिटायरमेंट का फैसला बदल दिया था, को डब्ल्यूएफआई द्वारा डोप टेस्ट में शामिल न होने का आरोप लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद मुकाबला करने से रोक दिया गया था। इस विवाद के बावजूद, विनेश सोमवार को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद में गोंडा गईं, लेकिन उन्हें हिस्सा लेने की इजाज़त नहीं दी गई।

# गेंदबाज़ी व फील्डिंग ने हमसे मैच छीन लिया : श्रेयस अय्यर

धर्मशाला, एजेंसी

पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि सोमवार को उनकी गेंदबाज़ी और फील्डिंग ने टीम को मैच हराया, क्योंकि बल्लेबाज़ी में उन्होंने 5 विकेट पर 210 रन बनाए थे। पंजाब के क्षेत्ररक्षकों ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बल्लेबाज़ों के दो कैच छोड़े। वे इस सीज़न में अब तक कुल 19 कैच छोड़ चुके हैं, जो किसी भी टीम से सबसे ज़्यादा हैं। अय्यर ने कहा, "मैं बात घुमाऊंगा नहीं। मैं यही कहूंगा कि फिर से फ़ील्डिंग और गेंदबाज़ी के कारण हम मैच में पीछे गए। इस विकेट पर, जहां गेंद सीम कर रही थी और उछाल अलग-अलग थी, हमने कम से कम 30 रन ज़्यादा बनाए थे।" जब उनसे पूछा गया कि आईपीएल इतिहास के सबसे ज़्यादा



विकेट लेने वाले गेंदबाज़ युज़वेंद्र चहल ने पंजाब की गेंदबाज़ी में एक भी गेंद क्यों नहीं डाली, तो अय्यर ने कहा: "उन्हें गेंद देने का बिल्कुल विचार था, लेकिन जिस तरह गेंद सीम कर रही थी और तेज़ गेंदबाज़ों को मदद मिल रही थी, तो हमें लगा कि अगर हम अपनी लाइन और लेंथ पा लें, तो विकेट निकाल सकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर पाए।"

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने किया विजयी आगाज

**थाईलैंड ओपन बैडमिंटन**

बैंकॉक, एजेंसी।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर के मुकाबले में मंगलवार को यहां इंडोनेशिया के मोह पुत्रा एरवियांस्याह और बागास मौलाना की जोड़ी को शिकस्त दी।

विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 64 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले को 21-19, 21-23, 21-10 से जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी शुरुआती गेम में एक समय 11-16 से पीछे चल रही थी। उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक जीतकर मुकाबले में वापसी की। दोनों जोड़ियों के बीच लंबी रैलियां देखने को मिलीं और ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ियों ने मामूली बढ़त बना ली थी। ब्रेक के बाद इंडोनेशियाई जोड़ी ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 17-14 की बढ़त हासिल कर ली। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इसका दमदार जवाब दिया लेकिन इस गेम को मामूली अंतर से गंवा बैठे जिससे मुकाबला निर्णायक गेम तक पहुंच गया। भारतीय जोड़ी का सामना अब अगले दौर में मलेशिया के ब्रायन जेरेमी गूंटिंग और मोहम्मद हैकाल से होगा। इससे पहले पुरुष एकल क्वालीफिकेशन मुकाबले में मलेशिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ली जी जिया ने भारत के मानव चौधरी को 21-19, 21-18 से हराया।

# गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स के खिलाफ बनाए 168 रन





अहमदाबाद, एजेंसी।

साईं सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की मदद से गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मंगलवार को आईपीएल के मैच में पांच विकेट पर 168 रन बनाये। सुदर्शन ने 44 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रन बनाए। वहीं सुंदर ने 33 गेंद में सात चौकों और एक छक्के के साथ 50 रन की पारी खेली। सनराइजर्स के लिये प्रफुल्ल हिंगे ने तीन ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिये जबकि कप्तान पैट कमिंस ने चार ओवर में 20 रन देकर एक विकेट चटकाया।

सनराइजर्स के तेज गेंदबाजों ने गुजरात के बल्लेबाजों को दबाव में रखा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ यह टीम इस पिच पर सौ रन पर आउट हो गई थी। साइ सुदर्शन को अपने संयम का फायदा मिला और उन्होंने चौथे विकेट के लिये सुंदर के साथ 60 रन की



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी।

साझेदारी की। हिंगे ने पावरप्ले में दो विकेट चटकाये और छह ओवर के बाद गुजरात टीम दो विकेट पर 34 रन ही बना सकी थी जो इस सत्र में उसका सबसे कम स्कोर है। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल (पांच) खुशकिस्मत थे जब नीतिश कुमार रेड्डी दूसरे ओवर में उनका रिटर्न कैच नहीं लपक सके। लेकिन अगले ओवर में वह हिंगे की गेंद पर मिड आन पर हेनरिच क्लासेन को कैच थमा बैठे। हिंगे ने खतरनाक जोस बटलर (सात) को भी सस्ते में आउट किया जिनका कैच विकेट के पीछे ईशान किशन ने लपका।





पदक जीतने के बाद एक–दूसरे के साथ भारतीय मुक्केबाज।

# लक्ष्य फाइनल में, चार भारतीय मुक्केबाजों को मिला कांस्य

ताशकंद, एजेंसी।

भारत के लिये एशियाई अंडर 17 मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार का दिन चुनौतीपूर्ण रहा जब लक्ष्य फोगाट अकेले फाइनल में पहुंचे जबकि चार अन्य मुक्केबाजों को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 75 किलोवर्ग में लक्ष्य ने कोरिया के सियुंगमिन ली को 5 - 0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में नरेंद्र नेल्ला (46 किलो) को उजबेकिस्तान के अब्दुल्लाह नूरालीव ने 5 - 0 से हराया।

यश यादव (50 किलो) को मंगोलिया के एस उसुखबातार ने 4 - 1 से मात दी जबकि निवेश पाल 54 किलोवर्ग में उजबेकिस्तान के अब्दुलबोसित युर्सुनबोएव से 5 - 0 से हार गए। नमन (70 किलो) को उजबेकिस्तान के अब्दुवोहिद अब्दुमाजिदोव ने 3 - 2 से हराया।

**पीड़ा**

वर्ष 2023 के एशियाई खेल में दीपक पूनिया ने जीता था रजत पदक

# पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के कारण प्रभावित हुआ मेरा करियर

गोंडा, एजेंसी

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया का मानना है कि जंतर-मंतर पर पहलवानों के विरोध प्रदर्शन से जो व्यवधान पैदा हुआ उससे भारत के कई खिलाड़ियों का करियर प्रभावित हुआ, जिसमें वह खुद भी शामिल हैं। दीपक एक समय 86 किलोग्राम वर्ग में भारत की तरफ से निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाले पहलवान थे। वह टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक से चूकने के बाद अपनी पुरानी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। तब से उनका एकमात्र अच्छा प्रदर्शन एशियाई खेल 2023 में रहा जहां उन्होंने रजत पदक जीता था।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट जीता था लेकिन वह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की वर्तमान नीति के अनुसार एशियाई खेलों के लिए 31 मई को होने वाले चयन ट्रायल में भाग लेने की योग्यता नहीं रखते हैं। इस नीति में यहां चल रहे टूर्नामेंट के नतीजों पर गौर नहीं किया जाएगा। दीपक ने कहा कि पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती में अनिश्चितता के लंबे दौर ने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर नहीं मिला जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ। दीपक ने एक न्यूज एजेंसी से कहा, ''विरोध प्रदर्शन और अन्य घटनाओं के कारण 2023 के बाद कई टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए थे और हमें पहले की तरह विदेश में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के मौके भी नहीं मिले।'' उन्होंने कहा, ''जब आप हर दूसरे या तीसरे महीने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी प्रतियोगिता में भाग लेते हैं तो आपको अपनी कमजोरी का पता चलता है और आप उसमें सुधार करते हैं।

लेकिन अगर आपको साल में केवल एक विश्व चैंपियनशिप या केवल एक एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलता है तो प्रदर्शन में बहुत बड़ा अंतर आ जाता है।'' भारत के प्रमुख पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने 2023 में डब्ल्यूएफआई के तत्कालीन अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। उन्होंने सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। खेल मंत्रालय ने तब डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था और एक तदर्थ समिति ने लंबे समय तक इसका संचालन किया। इसके चलते भारत में टूर्नामेंट और कुश्ती गतिविधियों में व्यवधान पैदा हुआ। यह मामला अभी अदालत में है। दीपक से जब पूछा गया कि वह भी विरोध प्रदर्शन स्थल पर आए थे तो उन्होंने कहा, ''मैं अभी उन बातों पर चर्चा नहीं करना चाहता। रहने दीजिए।'' हरियाणा के इस पहलवान ने 2025 में विश्व चैंपियनशिप में अपने निराशाजनक प्रदर्शन का कारण पर्याप्त अभ्यास नहीं करना और अभ्यास के लिए साथियों की कमी को बताया। पदक राउंड से काफी पहले ही उनका प्रदर्शन फीका पड़ गया और वह 11वें स्थान पर रहे। उन्होंने कहा, ''मैं स्वीकार करता हूं कि मैंने अभ्यास में गलतियां कीं। विश्व चैंपियनशिप से पहले मुझे कोई अच्छा स्पैरिंग पार्टनर (अभ्यास के लिए साथी पहलवान) नहीं मिला। स्पैरिंग पार्टनर बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं।'' दीपक ने कहा कि उनका पूरा ध्यान अगले एशियाई खेलों में 86 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने पर है। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य एशियाई खेलों में अपने पदक का रंग बदलना है। मैं एशियाई खेलों में मौका पाने के लिए ही इस प्रतियोगिता में भाग ले रहा हूं।

